


# तरुण छत्तीसगढ़

सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026
वर्ष 36 अंक 357 | कोरबा, रविवार ,दिनांक 28 सितम्बर 2025 डाक 29 सितम्बर 2025 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए

**विविधा**
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ओडिशा के झारसुगुड़ा में विभिन्न विकास परियोजनाओं के शिलान्यास और उद्घाटन करते हुए



**देश-विदेश**
मेरठ स्टांप घोटालाः पांच साल में सरकारी खजाने को लगाई 4.54 करोड़ की चपत



**फीचर पेज**
मेकअप फिक्सर खरीदते समय इन बातों का रखें खास ध्यान, मिलेगा बेहतर परिणाम



## तमिलनाडु में भगदड़ के बाद बढ़ाई गई विजय के घर की सुरक्षा, अब तक 39 की मौत

**करूर, 28 सितम्बर [एजेंसी]।**

तमिलनाडु के करूर में अभिनेता-राजनेता विजय की रैली में शनिवार शाम को भगदड़ मच गई। इस भगदड़ में कुल कम से कम 39 लोगों की जान गई है। हादसे में मरने वालों में 38 शवों की पहचान की जा चुकी है। वहीं, इस हादसे में 100 से अधिक लोग घायल हुए हैं, जिनका अस्पताल में उपचार चल रहा है। करूर हादसे के बाद टीवीके प्रमुख विजय ने एलान किया कि उनकी पार्टी मृतकों के परिजनों को 20 लाख रुपये का मुआवजा देगी। इन सब के बीच खबर है कि टीवीके प्रमुख के घर पर सुरक्षा बढ़ा दी



गई है। एक रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से दावा किया गया कि लोगों के गुस्से को देखते हुए विजय के आवास के घर की सुरक्षा को बढ़ा दिया गया है। टीवीके के मुखिया अभिनेता और राजनेता विजय अगले साले होने वाले विधानसभा चुनाव में उतरने की तैयारी में हैं। इसी चुनावी कैंपेन से जुड़ी एक रैली में शनिवार शाम को भगदड़ मच गई। इस हादसे के बाद विजय आलोचनाओं के घेरे में हैं।

इस हादसे के बाद आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला शुरू हो गया है। डीएमके के नेतृत्व वाली राज्य सरकार ने एक्टर से नेता बने विजय पर जमकर निशाना साधा है। आरोप लगाया गया है कि हमेशा ही उनकी रैली में दिशानिर्देशों का उल्लंघन किया गया, जिसके कारण यह हादसा हुआ। राज्य सरकार ने सूत्रों के हवाले से बताया कि आयोजकों ने पीने के पानी और खाने की उचित व्यवस्था नहीं की थी। इसी वजह से भीड़ में मौजूद लोग बेहोश हो गए।

## पीएम मोदी ने मन की बात में छठ पूजा को ग्लोबल फेस्टिवल बताया



**नईदिल्ली, 28 सितम्बर [एजेंसी]।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अपने रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 126वें एपिसोड को संबोधित करते हुए देशवासियों के साथ भारतीय संस्कृति और परंपराओं की गहरी बातें साझा कीं। इस अवसर पर उन्होंने विशेष रूप से छठ पूजा के महत्व पर प्रकाश डाला, जिसे उन्होंने भारत की सांस्कृतिक धरोहर का एक जीवंत प्रतीक बताया। पीएम मोदी ने कहा कि यह पर्व न केवल देश के विभिन्न हिस्सों में उत्साह के साथ मनाया जाता है, बल्कि अब यह वैश्विक स्तर पर भी अपनी पहचान बना रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में कहा, ÷हमारे पर्व-त्योहार भारत की संस्कृति को जीवंत बनाए रखते हैं। छठ पूजा एक ऐसा पावन पर्व है, जो दिवाली के बाद आता है। सूर्यदेव को समर्पित यह महापर्व बहुत ही विशेष है। इसमें हम डूबते सूर्य को भी अर्घ्य देते हैं, उनकी आराधना करते हैं। छठ पूजा को न सिर्फ देश के अलग-अलग हिस्सों में मनाया जाता है, बल्कि दुनिया भर में छटा देखने को मिलती है। आज ये एक ग्लोबल फेस्टिवल बन रहा है। पीएम मोदी ने आगे कहा कि मुझे यह बताते हुए बहुत खुशी हो रही है कि भारत सरकार भी छठ पूजा से जुड़ा एक बड़ा प्रयास कर रही है। भारत सरकार छठ महापर्व को यूनेस्को की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की सूची में शामिल करने की कोशिश कर रही है। जब छठ पूजा यूनेस्को की सूची में शामिल हो जाएगी, तो दुनिया के हर कोने के लोग इसकी भव्यता और दिव्यता का अनुभव कर सकेंगे। पीएम मोदी ने आगे कहा कि कुछ समय पहले भारत सरकार की इसी तरह की कोशिशों के कारण, कोलकाता की दुर्गा पूजा भी यूनेस्को की इस सूची में शामिल हो गई थी। अगर हम अपने सांस्कृतिक आयोजनों को ऐसी वैश्विक पहचान दिलाते हैं, तो दुनिया भी उनके बारे में जान सकेगी, उन्हें समझ सकेगी और उनमें भाग लेने के लिए आगे आएगी।

## पानीपत में चाय बनाने के दौरान गैस सिलेंडर में ब्लास्ट, तीन भाई-बहन झुलसे

**पानीपत।** हरियाणा के पानीपत जिले के विद्यानंद कॉलोनी में सिलेंडर में आग लगने से तीन बच्चे गंभीर रूप से झुलस गए। घटना तब हुई, जब बच्चे स्कूल से लौटने के बाद चाय बना रहे थे। आग कमरे में भीषण रूप से फैल गई। पड़ोसियों ने बच्चों की चीखें सुनकर तुरंत मदद की और आग बुझाने के बाद उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया। बच्चों की हालत गंभीर है, वे 60 प्रतिशत तक झुलसे हुए हैं। सिविल सर्जन डॉ. विजय मलिक ने बताया कि आग लगने से कमरे में रखा सारा सामान भी जलकर राख हो गया। विद्यानंद कॉलोनी की निवासी अंशिका ने बताया कि वह एक फैक्टरी में काम करती है और उनकी 10 साल की बेटी खुशी, 6 साल की जीया और 4 साल के बेटे विराट हैं। खुशी नवरात्र में व्रत रख रही थी। तीनों बच्चे शनिवार को स्कूल गए थे और लगभग दो बजे लौटे।अंशिका ने बेटी को चाय बनाने के लिए कहा तो खुशी ने खुद चाय बनाने की इच्छा जताई। जैसे ही खुशी ने गैस चूल्हा जलाया तो अचानक सिलेंडर में धमाके के साथ आग लग गई। अंशिका ने बच्चों की चीखें सुनीं व शोर मचाया।

## कारपेंटर के घर वन विभाग ने मारी रेड, 2 लाख की महंगी लकड़ी जब्त



**बालोद।** वन विभाग की टीम को बड़ी सफलता मिली है। अवैध तरीके से सागौन की लकड़ी से फर्नीचर बनाए जाने की सूचना पर वन विभाग की टीम ने छापा मारा। कार्रवाई के दौरान बड़ी मात्रा में फर्निचर और सागौन लकड़ी बरामद हुआ है। फिलहाल दल्लीराजहरा वन परीक्षेत्र की टीम मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है। जानकारी के मुताबिक, ग्राम भैसबोड़ निवासी विकास देवांगन पिता देवनाथ देवांगन अवैध रूप से सागौन की लकड़ी रखकर आलीशान फर्नीचर और अन्य सामान का निर्माण कर रहा था। वह घोठिया गांव में अवैध तरीके से लकड़ी जमा कर फर्नीचर बना रहा था। इसकी जानकारी मिलने पर दल्लीराजहरा वन विभाग और उड़न दस्ता टीम ने सर्च वारंट के आधार पर दबिश दी। कार्रवाई के दौरान भारी मात्रा में सागौन की लकड़ियां और फर्नीचर जप्त किए गए।

## 5 करोड़ दे दो नहीं तो... मोहाली में आईटी कंपनी के मालिक को आया फोन, गैंगस्टर गोल्डी बराड़ के नाम पर मांगी रंगदारी


**मोहाली, 28 सितम्बर [एजेंसी]।**



मोहाली में आईटी कंपनी चलाने वाले गुरजोत सिंह को लगातार विदेश से रंगदारी के लिए फोन कॉल आ रहे हैं। उनसे खुद को गैंगस्टर बताने वाले व्यक्ति पांच करोड़ रुपये की रंगदारी मांगने की मांग कर रहे हैं। जब उन्होंने यह पैसा देने से मना कर दिया तो उनको और उनके परिवार को जान से मारने की धमकी दी जा रही है। इसकी शिकायत उन्होंने मोहाली पुलिस को की है। उन्होंने अपनी शिकायत में बताया है कि लगातार इस तरह की धमकी से उनके परिवार में दहशत का माहौल है। कॉल करने वाले लगातार उनके परिवार को पैसे न देने पर मारने की धमकी दे रहे हैं। जबकि वह इतनी मोटी रकम नहीं दे सकते हैं। इससे उनके परिवार को जान का खतरा लगातार बना हुआ है। यहां तक की उन्होंने पुलिस से कार्रवाई के साथ-साथ उनके परिवार की सुरक्षा की मांग की है।

पुलिस ने गुरजोत सिंह की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। वहीं, साइबर एक्सपर्ट की मदद से कॉल करने वाले नंबरों की पहचान की जा रही है। शिकायतकर्ता ने बताया कि सबसे पहले उसे 12 सितंबर को फोन आया था। जिसमें फोन करने वाले ने खुद को गोल्डी बराड़ बताया था और 5 करोड़ रुपये जल्द से जल्द देने की मांग की थी। इसके बाद से लगातार उन्हें फोन आ रहे हैं। 13 सितंबर को उन्होंने फोन नहीं उठाया था।

## अमेरिका ने गाजा में शांति के लिए खींचा खाका इस्राइल हटेगा, हमास को छोड़ने होंगे हथियार



**वॉशिंगटन, 28 सितम्बर [एजेंसी]।**

गाजा में चल रहे युद्ध को खत्म करने और भविष्य में फलस्तीनी राज्य का रास्ता बनाने के लिए अमेरिका ने 21 सूत्रीय शांति प्रस्ताव पेश किया है। इस योजना के तहत इस्राइल को गाजा से अपनी सेना हटानी होगी और हमास को पूरी तरह से निरस्त्र होना पड़ेगा। इसके साथ ही सभी बंधकों की रिहाई, गाजा के पुनर्निर्माण और वहां के निवासियों को विस्थापित न करने जैसी अहम बातें शामिल हैं। यह दस्तावेज अमेरिका ने इस हफ्ते न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के सत्र के दौरान कुछ अरब और मुस्लिम देशों के साथ साझा किया। इस योजना को खास बनाने वाली बात यह है कि इसमें गाजा के लोगों को वहीं रहने के लिए प्रोत्साहित किया गया है। यह अमेरिकी नीति में बड़ा बदलाव है क्योंकि फरवरी में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा था कि अमेरिका गाजा को अपने नियंत्रण में लेकर वहां के करीब 20 लाख लोगों को स्थायी रूप से कहीं और बसाएगा। इसके अलावा, योजना में भविष्य के फलस्तीनी राज्य का जिक्र भी है, जबकि ट्रंप प्रशासन ने अब तक दो-राष्ट्र समाधान का समर्थन नहीं किया था। इस प्रस्ताव में इस्राइल के लिए भी कई फायदे हैं, जैसे हमास का पूरी तरह से निरस्त्रीकरण, गाजा को आतंक मुक्त क्षेत्र में बदलना और वहां के लोगों को चरमपंथी विचारधारा से दूर करने की प्रक्रिया शुरू करना।

उधर, इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने इस प्रस्ताव का कड़ा विरोध किया। उन्होंने शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा में कहा, 7 अक्तूबर के हमले के बाद येरुशलम से एक मील दूर फलस्तीनी राज्य बनाना वैसा ही है जैसे 9/11 के बाद न्यूयॉर्क से एक मील दूर अल-कायदा का राज्य बना देना। यह पूरी तरह पागलपन है, और हम इसे कभी स्वीकार नहीं करेंगे। इस विरोध के बावजूद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इसे लेकर आशा जताई।

## शाजापुर में गुस्साए किसानों ने सड़क पर फेंके टमाटर



**शाजापुर।** मध्य प्रदेश के शाजापुर में सब्जी उत्पादक किसानों ने अचानक धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। इस दौरान किसानों ने भारी मात्रा में टमाटर सड़कों पर फेंक दिए और पूरा रास्ता ब्लॉक कर दिया। किसानों का यह विरोध प्रदर्शन नगर पालिका के खिलाफ था। अवैध अतिक्रमण पर कार्रवाई करते हुए नगर पालिका ने हाट मैदान में सब्जी की दुकानें हटवा दी थीं। ऐसे में दुकानदारों ने किसानों से सब्जी नहीं खरीदी, जिसके विरोध में किसानों ने सारे टमाटर सड़कों पर फेंक दिए। यह मामला मध्य प्रदेश के टंकी चौराहे का है। कलेक्टर बंगले के पास आज सुबह किसानों का धरना प्रदर्शन देखने को मिला। मंडी उजड़ने के बाद दुकानदारों का कहना है कि उनके पास कच्चा माल रखने की जगह नहीं बची है। ऐसे में वो किसानों से और सब्जियां नहीं खरीद सकते हैं। दुकानदार और किसान टंकी चौराहे पर पहुंचे और भारी मात्रा में टमाटर सड़कों पर फेंक दिए। पूरी सड़क पर टमाटर बिखरे मिले। मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। किसानों ने पुलिस अधिकारियों के सामने अपनी नाराजगी व्यक्त की। उन्हें समझाने का बहुत प्रयास किया गया, मगर किसान सड़क पर खड़े रहे। किसानों का कहना है कि उन्हें उनकी उपज का सही दाम नहीं मिल रहा है। प्याज और टमाटर सबकुछ सस्ते दाम पर बिक रहे हैं। सोयाबीन की हालत पहले से ही खराब है।



## लेह में दोपहर 1 बजे से 3 बजे तक कर्फ्यू में ढील दी गई

**लेह, 28 सितम्बर [एजेंसी]।**

स्थिति में सुधार के संकेत मिलने के बाद, अधिकारियों ने को लेह में दोपहर 1 बजे से 3 बजे तक कर्फ्यू में ढील देने की घोषणा की। लद्दाख एपेक्स बॉडी (एलएबी) और कारगिल डेमोक्रेटिक अलायंस (केडीए) के नेताओं को विश्वास में लेने के बाद, लोगों को आवश्यक वस्तुएँ खरीदने की अनुमति देने के लिए कर्फ़्यू में ढील दी गई। 24 सितंबर को बेकाबू भीड़ और सुरक्षा बलों के बीच हुई भीषण झड़पों में चार प्रदर्शनकारियों की मौत हो गई और 70 अन्य घायल हो गए।लेह में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए, पुलिस महानिदेशक एस.डी. सिंह जामवाल ने कहा कि एलएबी और केडीए, दोनों शीर्ष निकायों और केंद्र के बीच जारी विचार-विमर्श में, कई उपलब्धियाँ पहले ही प्राप्त हो चुकी हैं। डीजीपी ने कहा, लद्दाख देश का एकमात्र ऐसा क्षेत्र है जहाँ स्थानीय लोगों को 85 प्रतिशत आरक्षण प्राप्त है। परिषद में एक-तिहाई सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित हैं। स्थानीय संस्कृति की रक्षा के लिए, बर्गी और बोडी भाषाओं को आधिकारिक दर्जा दिया गया है। जब ये सब चल रहा था, तब कुछ तथाकथित सामाजिक कार्यकर्ताओं, खासकर सोनम वांगचुक, जिनकी व्यक्तिगत विश्वसनीयता संदिग्ध है, ने लद्दाख के शांतिपूर्ण माहौल को बिगाड़ने के लिए माहौल को हाईजैक करने की कोशिश की। उन्होंने भूख हड़ताल शुरू कर दी, और यह बताए जाने के बावजूद कि इन कार्रवाइयों से चल रही बातचीत प्रभावित होगी।

## लौटता मानसून मचा रहा तबाहीः गुजरात-महाराष्ट्र और गोवा समेत कई राज्यों में रेड अलर्ट, हैदराबाद में भी हाल बेहाल

**नई दिल्ली/तेलंगाना/भुवनेश्वर।** उत्तर-पश्चिम भारत से लौटते मानसून के कारण हो रही भारी बारिश से तबाही मची हुई है। गुजरात, मध्य प्रदेश, राजस्थान, ओडिशा, महाराष्ट्र से लेकर तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और कर्नाटक तक भारी बारिश को लेकर रेड, ऑरेंज और यलो अलर्ट जारी किया गया है। तेलंगाना में एक हजार से अधिक लोगों को राहत शिविरों में पहुंचाया गया है। कर्नाटक में स्कूल और कॉलेज बंद करने पड़े हैं। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने 29 सितंबर तक गुजरात, मध्य महाराष्ट्र, गोवा और कोंकण में भारी बारिश को लेकर रेड अलर्ट जारी किया है। महाराष्ट्र के मराठवाड़ा क्षेत्र में बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट है। पूर्वी राजस्थान और पश्चिमी मध्य प्रदेश में गरज और तेज हवाओं के साथ बारिश होने की संभावना है और यलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम के मिजाज में यह बदलाव बंगाल की खाड़ी में बने दबाव के पश्चिम दिशा की तरफ से बढ़ने के कारण हुआ है। तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद में भारी बारिश के बाद मुसी नदी में बाढ़ आ गई है। हिमायतसागर और उस्मानसागर जलाशयों के दरवाजे खोलने के बाद नदी उफान पर आ गई, जिससे चादरघाट पुल के पास सड़कें जलमग्न हो गईं और कई घरों में पानी घुस गया। निचले इलाकों से लगभग 1,500 लोगों को निकालकर राहत शिविरों में भेजा गया है। महात्मा गांधी बस स्टेशन में पानी भर जाने के कारण बस सेवाएं बंद करनी पड़ी हैं और यात्रियों को बाहर निकाला गया। मौसम विभाग ने सभी जिलों में बिजली चमकने, आंधी और भारी बारिश की संभावना जताई है। कर्नाटक के कलबुर्गी जिले में भारी बारिश और मौसम विभाग की ऑरेंज अलर्ट चेतावनी के चलते शनिवार को स्कूलों में छुट्टी घोषित कर दी गई।



**स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक**
**चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार**
डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
Mob.9424170010
-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद )
डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा

## नाम बदलकर होटल के कमरा नंबर 101 में रुकता था चैतन्यानंद, क्राइम ब्रांच ने पकड़ने के लिए ऐसे बिछाया जाल

**आगरा, 28 सितम्बर [एजेंसी]।**



छात्राओं से छेड़छाड़ के आरोपों में घिरे प्रबंधन संस्थान के मैनेजर चैतन्यानंद सरस्वती उर्फ पार्थसारथी को दिल्ली पुलिस ने देर रात ताजगंज क्षेत्र के होटल से गिरफ्तार कर लिया। शनिवार शाम से वह होटल में रुका था। आरोपित की लोकेशन बुधवार को आगरा में मिली थी। इसके बाद ही पुलिस सक्रिय हो गई। आरोपित का लुक आउट नोटिस भी जारी किया गया था। दिल्ली पुलिस शनिवार रात तीन बजे ताजगंज क्षेत्र में फतेहाबाद रोड स्थित होटल फर्स्ट में पहुंची। होटल के कर्मचारी भरत ने बताया कि सादा कपड़ों में दिल्ली क्राइम ब्रांच के दो अधिकारी होटल में आए थे। रजिस्टर की एंट्री देखने के बाद वे होटल के कमरा नंबर 101 में रुके स्वामी पार्थसारथी के पास पहुंचे। कमरे में करीब 15 मिनट तक रुककर उन्होंने पूछताछ की। इसके बाद वह लगेज के साथ स्वामी पार्थ सारथी को अपने साथ ले गए। दिल्ली में बसं कुंज स्थित शारदा इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट एंड रिसर्च के मैनेजर चैतन्यानंद सरस्वती उर्फ पार्थसारथी पर पीजी डिप्लोमा कर रहीं छात्राओं ने छेड़छाड़ और अश्लील हरकत के आरोप लगाए थे। छात्राओं की शिकायत पर संस्थान प्रबंधन ने चार अगस्त को थाने में शिकायत दी थी, जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज किया। चैतन्यानंद ने स्वामी पार्थ सारथी के नाम से होटल के रजिस्टर में एंट्री थी।

वह कल शाम चार बजे होटल में पहुंचे थे। रात में रेस्टोरेंट से खाना मंगाया था। उनसे मिलने कोई होटल में नहीं आया। होटल के कर्मचारियों के स्वामी पार्थ सारथी के कारनामों की कोई जानकारी नहीं थी। क्राइम ब्रांच देर रात ही चैतन्यानंद सरस्वती उर्फ पार्थसारथी को अपने साथ ले गई। आगरा पुलिस अधिकारिक रूप से इसकी पुष्टि नहीं कर रही। इंस्पेक्टर ताजगंज जसवीर सिंह सिरोही का कहना है कि उन्हें दिल्ली पुलिस ने इस संबंध में कोई जानकारी नहीं दी। गिरफ्तारी की भी उन्हें कोई जानकारी नहीं है।



## कोरबा पश्चिम में प्रस्तावित ताप विद्युत परियोजना हेतु इंडियन रेलवे फाइनेंस कारपोरेशन से ऋण अनुबंध

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी की महत्वाकांक्षी 2660 मेगावॉट क्षमता की कोरबा सुपर क्रिटिकल ताप विद्युत परियोजना के क्रियान्वयन हेतु स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी द्वारा इंडियन रेलवे फाइनेंस कारपोरेशन से 12,640 करोड़ रुपये का ऋण अनुबंध हस्ताक्षरित किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा इस परियोजना का कार्यारंभ मार्च 2025 में किया गया था। बिलासपुर में आयोजित इस कार्यक्रम में राज्यपाल रमेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय , अध्यक्षगण सुबोध कुमार सिंह, डॉ. रोहित यादव, प्रबंध निदेशकगण एस के कटियार, आर.के.शुक्ला , भीम सिंह कंवर भी उपस्थित थे । इस कार्य को गति देने के लिये वित्त व्यवस्था का कार्य तेजी से किया जा रहा था जिसमें महत्वपूर्ण सफलता मिली और ऋण अनुबंध निष्पादित किया गया । इसमें पॉवर कंपनी की ओर से संदीप मोदी ,कार्यपालक निदेशक( वित्त) एवं सी एल नेताम कार्यपालक निदेशक( परियोजना) एवं आई आर एफ सी की ओर से नव गोयल(महाप्रबंधक) द्वारा रायपुर में शुक्रवार को अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गए। लंबी अवधि एवं कम दरों पर प्राप्त ऋण से परियोजना को वित्तीय स्थिरता प्राप्त होगी एवं परियोजना को समय पर पूर्ण करने में मदद मिलेगी जिससे अंततः प्रदेश की जनता को फ़ायदा होगा।इस मौके पर कंपनी के अध्यक्ष एवं प्रदेश के ऊर्जा सचिव तथा जनरेशन कंपनी के अध्यक्ष डॉ .रोहित यादव द्वारा प्रसन्नता व्यक्त की गई व देश की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने हेतु हर संभव प्रयास करने पर प्रतिबद्धता जाहिर की गई ।

## नेक्स्ट जनरेशन जीएसटी बचत उत्सव : व्यापारियों और आमजन से भाजपा नेताओं ने किया सीधा संवाद



**कोरबा।** देश के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा जीएसटी में दी गई विशेष छूट की सौगात को लेकर जिले में 'नेक्स्ट जनरेशन जीएसटी बचत उत्सव' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वाणिज्य और उद्योग, सार्वजनिक उपक्रम, वाणिज्यिक कर (आबकारी) श्रम मंत्री श्री लखन लाल देवांगन, भाजपा जिलाध्यक्ष श्री गोपाल मोदी, महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत व प्रदेश मंत्री सुश्री रितु चौरसिया ने पावर हाउस रोड, घंटाघर एवं निहारीका क्षेत्र में व्यापारियों, उद्योगपतियों, स्थानीय व्यवसायिक समुदाय एवं आम नागरिकों के साथ सीधे संवाद स्थापित कर जीएसटी सुधारों की जानकारी साझा की। प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेंद्र मोदी जी के द्वारा देश वासियों को जीएसटी में दिये गये विशेष छूट से व्यापारी समुदाय में उत्साह का माहौल दिखाई दिया। उन्होने बताया की उपभोक्ताओ का बाजार की ओर रुझान बढ़ा हैं।
संवाद कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष योगेश? जैन, जिला कोषाध्यक्ष अजय पांडेय, सह कोषाध्यक्ष नवीन अरोड़ा, राजेन्द्र अग्रवाल, नरेंद्र पाटनवार, कोसाबाड़ी मंडल अध्यक्ष डॉ. राजेश राठौर, कोरबा मंडल अध्यक्ष योगेश मिश्रा, मंडल महामंत्री राहुल नवनीत शुक्ला, मिलाप राम बरेठ, पुनीराम साहू, प्रकाश अग्रवाल, सूरज पांडेय, रिपु जायसवाल, नीरज ठाकुर, परविंदर सिंह, युगल कैवतर्य, ईश्वर पटेल, संजीव शर्मा, पवन सिन्हा, रामकुमार त्रिपाठी, अनिल वस्त्रकार, श्रीधर द्विवेदी सहित अनेक भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए।

## अर्बन इंडस्ट्रीयल पार्क क्रियान्वयन समिति के सदस्य बनाए गए योगेश जैन

**कोरबा** ।कोरबा जिला चेम्बर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष योगेश जैन को एक और नई जिम्मेदारी मिली है। वे यूआइपीए के जिला सदस्य के रूप में शामिल होकर अहम भूमिका निभाएंगे। छत्तीसगढ़ शासन नगरीय प्रशासन विकास विभाग द्वारा महात्मा गांधी अर्बन इंडस्ट्रीयल पार्क (यूआइपीए) के क्रियान्वयन के संबंध में दिशा-निर्देश जारी किया गया है। उक्त दिशा-निर्देश के परिपालन में परिशिष्ट-2 के तहत् द्वारा पूर्व में जारी आदेश दिनांक 27.06.2023 में संशोधन करते हुये सदस्यों को सम्मिलित कर जिला स्तरीय क्रियान्वयन समिति का गठन किया है। इसके तहत जिला कलेक्टर, कोरबा अध्यक्ष,आयुक्त नगर पालिक निगम कोरबा सचिव होंगे। सदस्यों में सी.ई.ओ. जिला पंचायत, अधीक्षण अभियंता, नगर पालिक निगम कोरबा, लीड बैंक मैनेजर, भारतीय स्टेट बैंक शाखा आईटीआई चौक, रामपुर, कोरबा, योगेश जैन, अध्यक्ष जिला चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज, कोरबा, जिला प्रबंधक, उद्योग विभाग, जिला प्रबंधक, ग्रामोद्योग विभाग हैं। इसी कड़ी में मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद, दीपका, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद, कटघोरा,मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पंचायत, पाली, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पंचायत, छुरीकला सदस्य सचिव हैं। यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।



## लव जिहादः गोलीकांड में एक और वांछित पकड़ाया

**कोरबा।** कटघोरा में व्यापारी के घर पर दो राउंड गोली चलाने के मामले में मुख्य आरोपी शक्ति सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार कर लियाहै। साइबर सेल और कटघोरा पुलिस की मदद से पकड़े गए आरोपी ने सुपारी देकर एक युवक से अल्पसंख्यक व्यापारी के घर पर गोली चलवा दी थी।
कोरबा जिले के कसनिया निवासी सिकंदर मेमन के घर पर रात 9҃45 बजे दो राउंड गोली चला कर भाग रहे युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। उत्तर प्रदेश के मूल निवासी इस युवक द्वारा मिली जानकारी के आधार पर कोरबा निवासी आशीष जांगडे और हर्ष सिंह को भी पुलिस ने धर दबोचा था। इस गोली कांड के विषय में सूत्र बताते हैं की सुपारी देकर गोली चलवाने के पीछे लब जेहाद से जुड़ा मामला था।

# आयुक्त बोले,सरस्वती विद्यालय कर रहे सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित

## विद्याभारती के संस्कृति महोत्सव में 11 विभागों की भागीदारी

**कोरबा।** नगर निगम कोरबा के आयुक्त आशुतोष - पाण्डेय ने कहा है कि इस डिजिटल युग में भी अपनने सांस्कृतिक धरोहर को बचाए रखने का एकमात्र कार्य विद्याभारती संस्थान के अंतर्गत संचालित हो रहे सरस्वती शिशु मंदिर कर रहे है। देशव्याप्पे उनकी भूमिका इस मामले में काफी मजबूत है।सरस्वती उच्चतर माध्यकि विद्यालय सीएसईबी कोरबा (पूर्व) में विद्या भारती द्वारा आयोजित प्रांतीय संस्कृति संस्कृति महोत्सव का आयोजन 28 सितंबर तक किया गया। महोत्सव के शुभारंभ अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि आशुतोष पाण्डेय ने अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि विद्याभारती की शिक्षण पद्धति न केवल अकादमीक है बल्कि उसमें व्यवहारिक व नैतिक शिक्षा के साथ साथ मूल्य भी शामिल है। इसी के साथ आचार्य और विद्यार्थियों के बीच एक अनुठा सम्बन्ध है।। यही सब विद्याभारती को अलग पहचान देती है। विद्या भारती मध्य क्षेत्र के उपाध्यक्ष ने भी कार्यक्रम में अपनी बात रखी। उन्होंने 1952 में गोरखपुर से सरस्वती विद्यालय की शुरुआत और तब से लेकर अब तक देश भर में इसके विस्तार के बारे में जानकारी दी। उन्होंने उन विशेषताओं को भी रेखांकित किया जिनके कारण सरस्वती विद्यालयों का नाम हर तरफ




लिया जाता है। महोत्सव का शुभारंभ विधिवत् सांस्कृतिक परंपरा के अनुसार किया गया। समारोह की अध्यक्षता विद्या भारती मध्य क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष जुड़ावन सिंह ने को। सांस्कृतिक महोत्सव में 18 विधाओं की प्रतियोगिता जिसमें रंगोली, चित्रकला, निबंध,स्वरचित कविता, प्रश्न मंच, कलाकार गातरम गायन, व्यक्तिगत गीत, एकलभजन, एकल अभिनय, आचार्य पत्र वाचन, तात्कालिक भाषण, मानस प्रथमाक्षरी, कथा कथन एवं तबला वादन को शामिल किया गया है। 11 विभाग से 600 से अधिक विद्यार्थियों की भागीदारी इनमें हो रही है जिन्होंने संभाग स्तर पर प्रदर्शन करते हुए विजेता के तौर पर खुद को शामिल किया।

शुभारंभ अवसर पर सरस्वती शिक्षा समिति के अध्यक्ष नान भाई पटेल, व्यवस्थापक जोगेश लांबा, वनांचल सेवा न्यास समिति के सचिव चंद्र किशोर श्रीवास्तव , प्रांत संयोजक अनिल शर्मा, क्षेत्रीय सहसंयोजक प्रेमलाल पटेल कोरबा विभाग समन्वयक दीपक सोनी, समन्वयक सूर्य कुमार पांडे, विकास जोशी , प्राचार्य राजकुमार देवांगन, प्रधान पाठक सहित आचार्य आचार्या और विद्यार्थी सहित अन्य उपस्थिति थे।

## एचटीपीपी के आवासीय परिसर में रोपे गए पौधे



**कोराबा।** हसदेव ताप विद्युत गृह (एचटीपीएस) कोरबा पश्चिम में जनसेवा का पर्व 'सेवा पखवाड़ा' में अभियान 'एक पेड़ मां के नाम' के तहत आवासीय परिसर में फलदार पौधे लगाए गए। मुख्य अभियंता पीके. श्रीवास्तव ने कटहल का पौधा अपने हाथों से रोपा। इस मौके पर उन्होंने कहा कि ज्यादा से ज्यादा पेड़-पौधे लगाकर पर्यावरण का संरक्षण करना हमारा ध्येय होना चाहिए।जनसेवा के इस महाअभियान 'सेवा पखवाड़ा' में अतिरिक्त मुख्य अभियंता एमके गुप्ता, पीके स्वैन, केएनबी राव और एससी पाठक द्वारा भी अपने हाथों से पौधे लगाए गए। कटहल, अमरूद, इमली व अन्य विविध प्रकार के फलदार पौधों का रोपण उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा किया गया। हसदेव ताप विद्युत गृह (एचटीपीएस) कोरबा पश्चिम में शासकीय कार्यक्रम के अनुसार यहां 'सेवा पखवाड़ा' का आयोजन 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक किया जा रहा है।'एक पेड़ मां के नाम' मां को समर्पित अभियान है। इसी परिप्रेक्ष्य में जनसंपर्क अधिकारी बसंत शाहजीत द्वारा परिवार के प्रति मां के त्याग व समर्पण का बखान करती कविता 'मां की दुनिया' सुनाकर दुनिया की सभी मांओं के प्रति आभार व्यक्त किया गया। पौधरोपण का यह वृहद कार्यक्रम सिविल विभाग एवं अतिरिक्त मुख्य अभियंता (तकनीकी एवं सहायक सेवाएं ) कार्यालय की टीम के समन्वय से कराया गया। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्रबंधक (पर्यावरण) विकास उइके एवं आभार प्रदर्शन अधीक्षण अभियंता जीडी बर्वे द्वारा किया गया।

## अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस का आयोजन 01 अक्टूबर को

**कोरबा।** कलेक्टर श्री अजीत वसंत के निर्देशन में जिले में वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा, संरक्षण एवं सम्मान के प्रति जन सामान्य में चेतना विकसित करने हेतु प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 01 अक्टूबर को अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस का आयोजन किया जाएगा। उक्त आयोजन में वरिष्ठ नागरिकों के लिए सम्मान समारोह, कार्यशाला, सेमीनार, जागरूकता शिविरों आदि का आयोजन शासकीय एवं अशासकीय संस्थाओं के सहयोग से कराया जाएगा।कलेक्टर ने जिला मुख्यालय से लेकर खण्ड स्तर, नगर निगम, नगर पालिका तथा नगर पंचातयों में अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस का आयोजन कराने एवं किए गए कार्यक्रम की प्रतिवेदन के साथ फोटोग्राफ इत्यादि जिला कार्यालय समाज कल्याण कोरबा को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया है।

## स्कूली बच्चों को दी गई यातायात नियमों की जानकारी




**कोरबा।** जिले के तिलकेजा में आज सजग कोरबा अभियान के तहत यातायात जागरूकता एवं साइबर अपराध से बचाव विषय पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम पीएम श्री स्वामी आत्मानंद शासकीय विद्यालय एवं हिंदी माध्यम शाला, तिलकेजा परिसर में हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थी, शिक्षक एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों और युवाओं में ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूकता लाना और उन्हें डिजिटल युग में बढ़ते साइबर अपराधों से सतर्क करना था। कार्यक्रम में ट्रैफिक सब इंस्पेक्टर मनोज राठौर ने उपस्थित विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के महत्व पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि छोटी सी लापरवाही सड़क दुर्घटनाओं का कारण बन सकती है, इसलिए हमेशा ट्रैफिक सिग्नल, हेलमेट और सीट बेल्ट का उपयोग करना चाहिए। उन्होंने बच्चों को समझाया कि बचपन से ही यदि सही ट्रैफिक आदतें विकसित की जाएं तो भविष्य में सड़क हादसों को काफी हद तक रोका जा सकता है। इसके साथ ही, साइबर अपराध और महिला सशक्तिकरण पर भी जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को बताया कि इंटरनेट और सोशल मीडिया का जिम्मेदारीपूर्वक उपयोग करना आवश्यक है। बच्चों को फर्जी कॉल, लिंक और अनजान व्यक्तियों से मिलने वाले संदेशों के खतरे से अवगत कराया गया। साथ ही महिलाओं एवं छात्राओं को यह संदेश दिया गया कि आत्मनिर्भर और जागरूक बनकर ही वे साइबर अपराधों से खुद को सुरक्षित रख सकती हैं।
विद्यालय के प्राचार्य ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों के सर्वांगीण विकास और सुरक्षित भविष्य की दिशा में बेहद जरूरी हैं। शिक्षकों ने भी छात्रों को सलाह दी कि वे सीखी गई बातों को अपने परिवार और समाज में भी साझा करें।

## युवाओं को सही दिशा दिए बगैर विकसित राष्ट्रीय कल्पना संभव नही

**कोरबा।** जय बूढ़ादेव कला एवं विज्ञान महाविद्यालय कटघोरा में आयोजित 'राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस एवं सम्मान समारोह' में जिला पंचायत कोरबा के अध्यक्ष डॉ. पवन सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में युवाओं को सही दिशा देने पर जोर देते हुए कहा कि युवाओं को सही दिशा दिए बिना विकसित राष्ट्र की कल्पना संभव नहीं। मैं इस महाविद्यालय के विकास हेतु हमेशा तत्पर रहूंगा। उन्होंने महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. प्यारेलाल आदिले के योगदान की भी प्रशंसा की।कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. आदिले ने की। दीप प्रज्वलन के साथ शुरू हुए इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य और महत्व पर डॉ. अजय कुमार पटेल, कार्यक्रम अधिकारी, ने युवाओं को राष्ट्र सेवा में तन्मयता से जुड़ने का संदेश दिया।विशिष्ट अतिथि फ़िरत राम सारथी, डायरेक्टर सेपवस संस्था, ने संविधान और विज्ञान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमें वैज्ञानिक समाज का निर्माण करना चाहिए और आडंबर, अंधविश्वास व भ्रष्टाचार से दूर रहना चाहिए। गंगाराम पटेल, अध्यक्ष जन भागीदारी समिति, ने महाविद्यालय द्वारा जनजाति विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास और शिक्षा में किए जा रहे कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर भूगोल में स्नातकोत्तर कर चुके सुंदर कुशराम, रेसलिंग गोल्ड मेडल विजेता, ने युवाओं को नशा से दूर रहकर खेल और शिक्षा में उत्कृष्टता



प्राप्त करने की प्रेरणा दी।पूर्व पार्षद एवं समाजसेवी अर्चना अग्रवाल, वरिष्ठ स्वयं सेवक एवं विभिन्न पंचायत प्रतिनिधि समारोह में उपस्थित थे।महाविद्यालय के स्टाफ एवं छात्रों ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ, स्मृति चिन्ह, पेन और श्रीफल से स्वागत किया। समारोह में कु. माया ग्रुप, कु. अमीषा ग्रुप, कु. दिव्या ग्रुप, संत ग्रुप, कु. शिवकुमारी ग्रुप एवं कु. संजू ने अकाल नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम संचालन सत्येंद्र कुमार और कु. सुजाता ने किया।कार्यक्रम के सफल आयोजन में महाविद्यालय स्टाफ और छात्रों का विशेष योगदान रहा।,

## निर्मला महिला बुनकर सहकारी समिति उमरेली के संचालक मण्डल सदस्यों के निर्वाचन हेतु निर्वाचन कार्यक्रम जारी

**कोरबा** । विकासखंड करतला के निर्मला महिला बुनकर सहकारी समिति मर्यादित उमरेली, पंजीयन क्रमांक 220 हेतु संचालक मण्डल के सदस्यों के निर्वाचन हेतु निर्वाचन कार्यक्रम जारी किया गया है। जिसके अंतर्गत 04 अक्टूबर 2025 प्रातः 11:30 बजे से दोपहर 03:30 बजे तक नामांकन पत्र समिति कार्यालय में प्रस्तुत किया जाएगा।

12 अक्टूबर 2025 को सोसायटी की विशेष साधारण सम्मिलन में प्रात:10 बजे से दोपहर 03 बजे तक मतदान एवं मतदान के एक घंटे के बाद समिति कार्यालय में मतगणना आयोजित की जाएगी। अध्यक्ष, उपाध्यक्ष अन्य सोसायटियों के प्रतिनिधियों के निर्वाचन 18 अक्टूबर 2025 को समय 11:30 बजे से 3:30 बजे तक समिति कार्यालय में आयोजित की जाएगी। सदस्य निर्वाचन कार्यक्रम के संबंध में अधिक जानकारी के लिए सोसायटी के सूचना पटल का अवलोकन कर सकते हैं। समिति के संचालक मण्डल के सदस्यों के निर्वाचन हेतु श्री दीपक सिंह कंवर सहकारी निरीक्षक, कार्यालय उप आयुक्त सहकारिता एवं उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं कोरबा को रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## पटपरा में बनेगा आंगनबाड़ी भवन



**कोरबा।** पाली-तानाखार विधानसभा क्षेत्र, ग्राम पंचायत पटपरा में आज आंगनवाड़ी केंद्र एवं पीडीएस भवन के निर्माण कार्य का भूमि पूजन विधिवत वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष पवन कुमार सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। उनके साथ ग्राम पंचायत की सरपंच श्रीमती ममता, संकुल प्रभारी, स्थानीय शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा ग्रामवासी बड़ी संख्या में शामिल हुए।कार्यक्रम के दौरान पारंपरिक विधि से पूजा-अर्चना कर भूमि पूजन किया गया। ग्रामीणों ने इस भवन निर्माण को ग्राम के विकास की दिशा में एक अहम कदम बताया।जिला पंचायत अध्यक्ष पवन कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि आंगनवाड़ी केंद्र एवं पीडीएस भवन का निर्माण होने से गांव के बच्चों को बेहतर पोषण एवं शिक्षा सुविधा मिलेगी, साथ ही सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से ग्रामीणों को मूलभूत वस्तुएं सुगमता से उपलब्ध हो सकेंगी।सरपंच ममता ने भी ग्रामवासियों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि यह निर्माण कार्य ग्राम पंचायत के सहयोग और शासन की योजनाओं से संभव हो सका है। उन्होंने ग्रामीणों से भवन की देखरेख एवं स्वच्छता में सहयोग करने का आग्रह किया।कार्यक्रम में संकुल प्रभारी, शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं ग्राम के वरिष्ठ नागरिकों ने भी उपस्थित रहकर अपनी सहभागिता निभाई। भूमि पूजन के पश्चात सभी उपस्थित जनों ने एक-दूसरे को बधाई दी और भवन निर्माण कार्य के शीघ्र पूर्ण होने की कामना की।

## खिलाड़ियों ने जीते स्वर्ण पदक

**कोरबा।** वाको इंडिया किकबाक्सिंग फेडरेशन के मार्गदर्शन में हिमाचल प्रदेश किकबाक्सिंग एसोसियेशन के तत्वाधान में सोलन में दिनांक 22 से 26 सितंबर 2025 तक जूनियर (बालक बालिका) वर्ग की राष्ट्रीय किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन संपन्न हुआ। उक्त प्रतियोगिता में देश के सभी राज्यों से 700 से अधिक खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। छत्तीसगढ़ किकबॉक्सिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष छगन मुंदड़ा , कार्यकारी अध्यक्ष तारकेश मिश्रा एवं महासचिव आकाश गुरुदीवान ने बताया कि उक्त प्रतियोगिता में किकबॉक्सिंग की सभी विधाओं पाइंट फाइटिंग, लाइट कांटेक्ट, किक लाइट, फूल कांटेक्ट, लोकिक, के-वन , म्यूजिकल फार्म्स एवं क्रिएटिव फार्म्स की प्रतियोगिताओं में राज्य के विभिन्न जिलों के 33 बालक बालिका खिलाड़ीयो विभिन्न वजन वर्गो में एसोसिएशन के महासचिव आकाश गुरुदिवान, ऑफिसियल प्रभात साहू, लोकिता चौहान,,सर्वर एक्का, अमन सोनी, सूरज साहू, वरुण बाग के साथ हिस्सा लिया।सीएमए किकबाक्सिंग एकेडमी कोरबा से बालक वर्ग में रजत गोयल एवं आमीन खान ने स्वर्ण पदक जीता। इसी अनुक्रम में सिद्धि सोनवानी एवं सुयश नामदेव ने रजत पदक तथा मयंक सिंह आस्था गुप्ता , सिद्धि सिंह सोनवानी ने कांस्य पदक जीता। इस प्रकार कोरबा जिले के खिलाड़ियों ने 2 स्वर्ण, 2 रजत एवं 3 कांस्य सहित कुल 7 पदक जीतकर जिले और राज्य को गौरवान्वित किया है ।उक्त प्रतियोगिता ग्लोबल स्पोर्टडाटा मैनेजमेंट सिस्टम और आरस्पोर्ट्स सदस्यता प्रणाली के माध्यम से किए गए एवं प्रतियोगिता के प्रमाण पत्र भारत सरकार के ऐप डिजी लाकर में भी अद्यतन किए जाएंगे।

सभी खिलाड़ियों एवं आफिशियल को किकबाक्सिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष छगनलाल मूंदड़ा, कार्यकारी अध्यक्ष तारकेश मिश्रा, महासचिव आकाश गुरुदीवान, जिला ओलंपिक एसोसिएशन के अध्यक्ष नौशाद खान, सचिव सुरेश क्रिस्टोफर, जिला खेल अधिकारी दिनु पटेल, रामकृपाल साहू, क्रीड़ा भारती कोरबा के अध्यक्ष बलराम विश्वकर्मा, बाल गोविन्द जायसवाल, रविन्द्र दुबे, रघुआथ नायक, श्रीमती सावित्री डडसेना, वेंकटेश दास मानिकपुरी, सीएमए किकबॉक्सिंग एकेडमी की संचालिका प्रीती मिश्रा, अंतराष्ट्रीय खिलाड़ी ,प्रतिभा राय,रेहाना फातिमा, शैलेश सिंह सोमवंशी, विकास नामदेव, जुनैद आलम, अशोक साहू, शुभम यादव, अंकुश लाल यादव, मयंक डडसेना, रितेश साहा, रमेश साहू , शुभकामनाएं दी है।

## नरेन्द्र देवांगन ने की मां दुर्गा की आराधना

कोरबा। नवरात्रि पर्व के अवसर पर कोरबा विधानसभा क्षेत्र के सीएसईबी कॉलोनी, ढोढ़ी पारा और कैलाश नगर बालको में माँ नवदुर्गा की दिव्य प्रतिमाओं का पूजन-अर्चन एवं दर्शन कार्यक्रम श्रद्धा और उत्साह के साथ आयोजित हुआ। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुँचकर माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त किया।इस दौरान पार्षद एवं भाजयूमो जिलामहामंत्री नरेंद्र देवांगन ने भी विभिन्न दुर्गा समितियों एवं मोहल्लेवासियों द्वारा स्थापित प्रतिमाओं का दर्शन किया और जिले व प्रदेशवासियों के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली की कामना की।नरेंद्र देवांगन ने कहा कि नवरात्रि का पर्व नारीशक्ति का प्रतीक है। यह हमें यह संदेश देता है कि नारी केवल सृजन की शक्ति ही नहीं बल्कि संरक्षण और परिवर्तन की आधारशिला भी है। उन्होंने कहा कि माता दुर्गा की उपासना से प्रेरणा मिलती है कि समाज में महिलाओं का सम्मान और सशक्तिकरण ही प्रगति व समृद्धि का वास्तविक मार्ग है। देवांगन ने यह भी कहा कि नवरात्रि जैसे पावन पर्व हमें साहस, धैर्य, करुणा और सेवा की सीख देते हैं। माँ दुर्गा की कृपा से जिले और प्रदेश में शांति, सुख-समृद्धि और विकास का मार्ग और अधिक प्रशस्त होगा।

## कैबिनेट मंत्री ने रामलीला आयोजन की तैयारियों का लिया जायजा-पहुंचे ओपन थियेटर मैदान

**कोरबा** । छत्तीसगढ़ प्रदेश के उद्योग, वाणिज्य, श्रम, आबकारी व सार्वजनिक उपक्रम मंत्री सह नगर विधायक लखनलाल देवांगन ने घंटाघर ओपन थियेटर मैदान स्थित रामलीला स्थल पहुंचकर रामलीला आयोजन की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होने भव्य रामलीला आयोजन हेतु की जा रही तैयारियों के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए। इस मौके पर महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत, भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी, वरिष्ठ पार्षद अशोक चावलानी, नरेंद्र पाटनवार, आकाश श्रीवास्तव, नोडल अधिकारी अखिलेश शुक्ला सहित अन्य लोग उपस्थित थे। नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत की पहल पर पहली बार भव्य रामलीला एवं दशहरा मेला आयोजन 28 सितंबर से 02 अक्टूबर तक घंटाघर स्थित ओपन थियेटर मैदान में किया जाएगा, यह आयोजन प्रतिदिन सायं 07 बजे से रात्रि 10.30 बजे तक होगा, जिसमें बनारस की प्रसिद्ध



रामलीला मंडली द्वारा रामलीला का मनमोहक मंचन किया जाएगा, साथ ही आयोजन में भव्य लेजर शो से रामायण का प्रदर्शन व भव्य आतिशबाजी तथा रावण दहन का कार्यक्रम भी रखा गया है। प्रदेश के कैबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन घंटाघर पहुंचे तथा रामलीला स्थल की तैयारियों का अवलोकन किया। उन्होने इस मौके पर तैयारियों के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश भी अधिकारियों को दिए। रामलीला तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है, जिसके तहत मंच व्यवस्था, बैठक व्यवस्था, राम दरबार मंच, दर्शक दीघा, मंच संचालन, बेरिकेटिंग, डेकोरेशन एवं लाईटिंग व विद्युत व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, प्रसाद वितरण व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई सहित अन्य विभिन्न व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। भव्य रामलीला एवं दशहरा मेला का आयोजन 28 सितंबर से 02 अक्टूबर तक किया जाएगा, निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 28 सितंबर को पुष्पवाटिका प्रसंग, धनुष यज्ञ, लक्ष्मण परशुराम संवाद, रामतिलक प्रसंग, मंथरा कैकेई संवाद, 29 सितंबर को रामबन गमन, केंवट प्रसंग, दशरथ देवलोक गमन, भरत मिलाप, 30 सितंबर को पंचवटी प्रसंग, सीताहरण, राम हनुमान मिलन, राम सुग्रीव मैत्री, बाली वध, अशोक वाटिका प्रसंग एवं लंका दहन, 01 अक्टूबर को सेतुबंध, अंगद रावण संवाद, लक्ष्मण शक्ति, मेघनाथ रावण वध व राज्याभिषेक तथा अंतिम दिवस 02 अक्टूबर को लेजर शो में रामायण प्रदर्शन, आतिशबाजी एवं रावण दहन के कार्यक्रम रखे गए हैं।

## खेल से स्वास्थ्य व मानसिक ऊर्जा भी मिलती है: प्रीति



**पामगढ़।** विकासखंड पामगढ़ में विकासखंड स्तरीय महिला खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ आज उत्साहपूर्ण माहौल में मिनी स्टेडियम पामगढ़ में किया गया। मुख्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर प्रतियोगिता का औपचारिक उद्घाटन किया। प्रतियोगिता में विकासखंड के विभिन्न ग्रामों एवं विद्यालयों से महिला खिलाड़ियों ने भाग लिया।

खेलों में खो-खो, 100 मीटर 400 मीटर दौड़, रस्साकसी, तवा फेक, बैडमिंटन, फुटबॉल सहित अन्य प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। उद्घाटन अवसर पर खिलाड़ियों ने खेल भावना और टीम-वर्क का परिचय दिया। जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि महिला खेल प्रतियोगिता से ग्रामीण अंचल की प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत सदस्य प्रीति अजय दिब्य ने कहा कि सभी खिलाड़ी खेल भावना से प्रेरित होकर खेलें, खेल से स्वास्थ्य एवं मानसिक रूप से भी उर्जा मिलती है हमारे आप सभी खिलाड़ी सकारात्मक खेल खेलते हुए देश और प्रदेश में आगे बढ़े और पामगढ़ का नाम रोशन करें। इस अवसर पर रंजना मानेश जांगड़े अध्यक्ष जनपद पंचायत, प्रीति अजय दिव्य सदस्य जिला पंचायत, मानेश जांगड़े, अजय दिव्य, बीडीसी अश्वनी कुर्रे, शहर लाल साहू, रामविलास खूंटे, खांडेकर जी, प्रतिनिधि अग्नि सिंह, पुष्कर दिनकर शामिल थे।दिनेश रात्रे नोडल अधिकारी बी एस ओ गजेंद्र सिंह चौहान ने सबका आभार व्यक्त किया और सभी पीटीआई को सफल आयोजन के लिये धन्यवाद ज्ञापित किया।

# नवरात्र पर प्रज्वलित किये गए कलश

**अकलतरा।** नगर एवं आसपास के क्षेत्र में नवरात्रि पर्व की भव्य धूमधाम के साथ पूजा-अर्चना और धार्मिक आयोजन चल रहे हैं। देवी मंदिरों में आस्था के दीप जगमगा रहे हैं और श्रद्धालुओं की भीड़ मंदिरों में दर्शन-पूजन के लिए उमड़ रही है।

ग्राम हरदी स्थित आदिशक्ति माँ महामाया मंदिर में क्वांर शारदीय नवरात्रि पर्व के अवसर पर कुल 1993 तेल ज्योति कलश और 181 घृत ज्योति कलश प्रज्वलित किए गए हैं। मंदिर प्रबंध समिति के आर एस पोराहा, महेश शुक्ला एवं उदय देवांगन ने बताया कि नवरात्रि के दौरान सुबह-शाम महामाया देवी की विशेष आरती की जा रही है। 24 घंटे ज्योति कक्ष की देखरेख के लिए ड्यूटी भी लगाई गई है। सप्तमी के दिन हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने की उम्मीद है।

अमोरा में मां सिद्धदात्री दुर्गा मंदिर में भी नवरात्रि के अवसर पर विशेष साज-सज्जा की गई और श्रद्धालुओं के बैठने के लिए



विशेष व्यवस्था की गई है। समिति के सुदर्शन सिंह एवं मनमोहन साहू ने बताया कि यहां 256 तेल ज्योति कलश और 38 घृत ज्योति कलश प्रज्वलित हो रहे हैं। मंदिर में सुबह-शाम आरती और पूजा अर्चना की जा रही है। ग्राम परसाही बाना स्थित विश्वेश्वरी देवी मंदिर में भी नवरात्रि के पावन अवसर पर विशेष साज-सज्जा की गई है। पहाड़ी पर रात के समय विशेष प्रकाश की व्यवस्था की गई है। मंदिर समिति के अध्यक्ष जयपाल कंवर, सचिव माखन यादव एवं सरपंच परमेश्वर पटेल ने बताया कि मंदिर में 254 तेल ज्योति कलश, 19 घृत ज्योति और 24 ज्वारा कलश प्रज्वलित हो रहे हैं। पुजारी कुमसिंह कंवर, लक्ष्मण कैवर्त, तिलकराम कंवर, घनश्याम कंवर एवं कौशल लोहार द्वारा सुबह-शाम आरती की जाती है।

कटनई में सिद्ध देव पहरिया पाठ में भी नवरात्रि पर्व पर विशेष पूजा हो रही है। मंदिर समिति के चंद्रिका कश्यप एवं नरेश कश्यप ने बताया कि यहाँ 75 महा ज्योति कलश, 71 तेल ज्योति कलश और 11 घृत ज्योति कलश प्रज्वलित किए गए हैं। नवमी के पावन अवसर पर मंदिर परिसर में भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा पहाड़ी पर स्थित साईनाथ मंदिर, शिव मंदिर, राम जानकी मंदिर, राधा कृष्ण मंदिर एवं सिद्ध देव पहरिया पाठ में दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रहती है। गांव की भजन मंडली द्वारा भजन-कीर्तन भी आयोजित किए जा रहे हैं।

# इंस्पायर अवार्ड में 11.16 प्रतिशत छात्रों ने किया नामांकन, व्यवस्था पर उठ रहे सवाल

**जांजगीर।** शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार और वैज्ञानिक सोच को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से संचालित इंस्पायर अवार्ड योजना के तहत जांजगीर-चांपा जिले में विद्यार्थियों की नामांकन प्रक्रिया काफी कमजोर नजर आ रही है। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार सत्र 2025-26 के लिए विद्यार्थियों का नामांकन अपेक्षा से काफी कम हुआ है, जिससे शिक्षा विभाग में चिंता की लहर दौड़ गई है।

भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा चलाई जा रही यह योजना कक्षा 6वीं से 10वीं तक के विद्यार्थियों को विज्ञान के क्षेत्र में नवाचार के लिए प्रोत्साहित करती है। चयनित छात्रों को ?10,000 की धनराशि दी जाती है ताकि वे अपने वैज्ञानिक मॉडल तैयार कर सकें।

हालांकि नामांकन की अंतिम तिथि 30 सितंबर 2025 रखी गई है, लेकिन 22 सितंबर तक की स्थिति बेहद निराशाजनक है। यदि यही रुझान जारी रहा तो जिले के हजारों विद्यार्थी इस सुनहरे अवसर से वंचित रह जाएंगे। हालांकि नामांकन की अंतिम तिथि 30 सितंबर 2025 रखी गई है, लेकिन 22 सितंबर तक की स्थिति बेहद निराशाजनक है। यदि यही रुझान जारी रहा तो जिले के हजारों विद्यार्थी इस सुनहरे अवसर से वंचित रह जाएंगे।

नामांकन की स्थिति चिंताजनक जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा 26 सितंबर 2025 को जारी पत्र के अनुसार जिले के कुल 1299 माध्यमिक और हाई स्कूलों में से केवल 289 स्कूलों ने ही अपने छात्रों का नामांकन किया है। यानी केवल 22.25 प्रतिशत विद्यालयों ने भागीदारी दिखाई है, जो कि बहुत ही कम है। वहीं छात्रों की संख्या के लिहाज से भी स्थिति चिंताजनक है। जिले में पंजीकृत कुल 11,627 छात्रों में से मात्र 1299 छात्रों ने ही अपना नामांकन कराया है। यानी केवल 11.16त्न छात्रों ने इस योजना में रुचि दिखाई है, जबकि शेष 88.84त्न छात्र इससे वंचित रह गए।

विकासखंडवार स्थिति (22 सितंबर 2025 तक)ः अकलतराः 740 पंजीकृत छात्रों में से 203 ने नामांकन किया (27.43प्रतिशत ) बम्हनीडीहः 815 में से 203 नामांकन (24.91प्रतिशत ) डभराः 665 में से 91 नामांकन (13.68प्रतिशत ) मालखरौदाः 1045 में से 145 नामांकन (13.88प्रतिशत ) पामगढ़ः 1460 में से 157 नामांकन (10.75प्रतिशत ) चांपाः 500 में से 0 नामांकन (0प्रतिशत )

इस कारण पिछड़ 0 स्कूल स्तर पर योजना की जानकारी का अभाव। 0 विज्ञान शिक्षकों की रुचि की कमी 0 तकनीकी समस्याएं (ऑनलाइन पोर्टल से जुड़ी दिक्कतें) 0 समय पर निर्देशों का पालन न करना।

### नाली खुदाई और ठेलों से संकरी हुई सड़क, लग रहा जाम

**जांजगीर।** चांपा रेलवे स्टेशन के सामने रोजाना जाम लग रहा है। दरअसल स्टेशन किराने नाली खुदवा दी गई है। इसके दूसरे तरफ फल वालों के ठेले लगे हुए हैं। इसके चलते यहां सड़क संकरी हो गई है। आरओबी से नीचे उतरने पर चौड़ी सड़क पर है।

### सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष ने पद संभाला

**अकलतरा।** सेवा सहकारी समिति अकलतरा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष नरेश केडिया ने किसानों व समिति के कर्मचारियों की उपस्थिति में पदभार ग्रहण किया।

सेवा सहकारी समिति में आम सभा का आयोजन कर अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के अवसर पर किसानों को नरेश केडिया द्वारा माला पहनाने के साथ श्री फल देकर सम्मानित किया गयानरेश केडिया ने कहा कि सेवा सहकारी समिति के माध्यम से किसानों को खाद बीज की सुविधा प्रदान करने के साथ केसीसी ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। किसानों के लिए माइक्रो एटीएम और अन्य सुविधाएं उपलब्ध हैं। राज्य शासन द्वारा निर्धारित तिथि में किसानों से समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी की जाएगी। कार्यक्रम में संस्था प्रबंधक सुरेश कुमार देवांगन, कंप्यूटर ऑपरेटर ताहिर मोहम्मद कुरैशी, विक्रेता विजय कुमार, कार्तिक राम मार्बल दुर्गा राव, शोभाराम, गंगाधर उपस्थित रहे।

# परामर्शदात्री समिति की बैठक में योजनाओं के क्रियान्वयन में चर्चा



**जांजगीर।** कलेक्टर जन्मेजय महोबे की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय सलाहकार एवं परामर्शदात्री समिति की त्रैमासिक बैठक की गई। इस बैठक में जिले में संचालित विभिन्न हितग्राहीमूलक, स्वरोजगार एवं वित्तीय समावेशन से संबंधित योजनाओं की समीक्षा की गई। बैठक में कलेक्टर ने सभी संबंधित अधिकारियों और बैंक प्रतिनिधियों को निर्देशित किया कि केंद्र और राज्य शासन की योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राही तक समयबद्ध तरीके से पहुंचना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि हर प्रकरण की स्वीकृति और ऋण वितरण शत-प्रतिशत सुनिश्चित की जाए ताकि योजनाओं का वास्तविक लाभ जरूरतमंदों तक पहुंचे।

कलेक्टर महोबे ने बैठक में प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, स्वनिधि योजना, विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना और अटल पेंशन योजना जैसे कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन योजनाओं के तहत लाभार्थियों की संख्या में वृद्धि की जाए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मुद्रा योजना युवाओं, महिलाओं, छोटे व्यापारियों और स्वरोजगार चाहने वालों के लिए एक सशक्त माध्यम है। कोई भी पात्र व्यक्ति देश के किसी भी बैंक से आसान प्रक्रिया में लोन प्राप्त कर सकता है। उन्होंने शिशु, किशोर एवं तरुण तीनों घटकों के लिए बैंकवार लक्ष्य तय कर अधिक से अधिक प्रकरण स्वीकृत करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे, रिजर्व बैंक, नाबार्ड, लीड बैंक अधिकारी, अन्य संबंधित विभागों के जिला अधिकारी, और जिले के विभिन्न बैंक शाखाओं के प्रबंधक उपस्थित थे।

लोन मेला और शिविरों का आयोजन बैठक में यह निर्णय लिया गया कि बैंकिंग योजनाओं का लाभ आम नागरिकों तक पहुंचाने के लिए लोन मेले और शिविरों का आयोजन किया जाएगा। विशेष रूप से शहरी व अर्ध-शहरी क्षेत्रों में स्वरोजगार को बढ़ावा देने वाले योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जाएगा ताकि अधिक संख्या में लोग योजना का लाभ ले सकें।

किसान क्रेडिट कार्ड के लंबित आवेदन निपटाएं कलेक्टर ने किसान क्रेडिट कार्ड के लंबित आवेदनों के निराकरण के निर्देश दिए। मत्स्य व पशुपालन विभाग के हितग्राहियों को योजनाओं का अधिकतम लाभ दिलाने के लिए संबंधित विभागों को समन्वित प्रयास करने के लिए कहा। उन्होंने प्रधानमंत्री सूक्ष्म उद्योग उन्नयन योजना के भेजे गए प्रकरणों की स्थिति की भी विस्तृत जानकारी ली।

### शराबी चालकों पर शिकंजा, 9 वाहन जब्त

**जांजगीर।** पुलिस ने जांजगीर और नैला क्षेत्र में शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की गई। विशेष अभियान के दौरान पुलिस ने 9 शराबी वाहन चालकों को पकड़ा, जिनके विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम की धारा 185 के अंतर्गत मामला दर्ज कर वाहनों को जब्त किया गया। आरोपियों को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। इसके साथ ही लाइसेंस निलंबन की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। नवरात्रि पर्व के चलते पंडाल और मेला परिसर में भीड़ देखी गई। बाइक चालकों की विशेष चेकिंग की गई।

# प्रशासन ने 7 श्रमिकों को छुड़ाया यूपी के भट्टे से

**जांजगीर।** पामगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम मेकरी निवासी प्रमा सूर्यवंशी ने अपने पति राजेश कुमार सूर्यवंशी सहित 13 श्रमिकों के बंधक बनाए जाने की शिकायत की थी। ये सभी मजदूर उत्तर प्रदेश के जामुंड जिले के हरदासपुर स्थित विराट ब्रिक फील्ड में काम कर रहे थे, जहां ईंट भट्ठा मालिक अनिल दुबे द्वारा उन्हें कथित रूप से बंधक बनाकर रखा गया था।

शिकायत मिलने पर श्रम पदाधिकारी कार्यालय ने तत्काल संज्ञान लेते हुए उत्तर प्रदेश प्रशासन से समन्वय कर श्रमिकों की वापसी की प्रक्रिया शुरू की। प्रशासन की त्वरित कार्रवाई से 27 सितंबर को सभी श्रमिक सकुशल बिलासपुर पहुंचे, जहां से वे अपने-अपने गृहग्राम रवाना हुए। लौटने वालों में 7 श्रमिक ग्राम मेकरी, थाना पामगढ़ के निवासी हैं, जबकि 6 अन्य बिलासपुर जिले से हैं। श्रम विभाग ने बताया कि सभी मजदूरों से विस्तृत बयान लेकर आगे की विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। यह घटनाक्रम राज्य सरकार और जिला प्रशासन की श्रमिकों की सुरक्षा व अधिकारों के प्रति गंभीरता को दर्शाता है

# गुणवत्ता ठीक करने के लिए स्कूलों पर होगा काम

**जांजगीर-चांपा।** जिले में शिक्षा व्यवस्था को पटरी पर लाने और छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक ली। बैठक में शिक्षा की गुणवत्ता से लेकर छात्रवृत्ति, पोषण आहार, परीक्षा परिणाम और विद्यालयीय गतिविधियों तक पर गहन मंथन हुआ। कलेक्टर ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि इस बार शिक्षा में कोई कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। खासकर जिन स्कूलों का परीक्षा परिणाम खराब रहा है, उन पर अब नियमित मॉनिटरिंग की जाएगी।बैठक में कक्षा 5वीं, 8वीं, 10वीं और 12वीं के परीक्षा परिणामों का विश्लेषण करते हुए कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि छात्रों की पढ़ाई में कोई कमी न रह जाए। उन्होंने शिक्षकों को नियमित ट्रेनिंग देने की बात कही, जिससे वे नए शैक्षणिक दृष्टिकोण और तकनीकी जानकारी से खुद को अपडेट रख सकें। उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता सुधारना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। बैठक में कस्तूरबा विद्यालय, छात्रवृत्ति योजनाओं, पाठ्यपुस्तक एवं गणवेश वितरण, जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा, एनएमएमएस परीक्षा, एक पेंड माँ के नाम, हरित विद्यालय अभियान और स्वच्छता पखवाड़ा की भी विस्तृत समीक्षा की गई।

### डांडिया-गरबा महोत्सवः जमकर थिरके भक्त

**बाराद्वार।** शारदीय नवरात्रि के अवसर पर रेल्वे स्टेशन के पास सार्वजनिक दुर्गा पूजा उत्सव समिति ने मां दुर्गा पण्डाल में डिस्को डांडिया गरबा का आयोजन किया। जिसमें नगर के युवतियां एवं महिलाएं बड़ी संख्या में शामिल हुई। नगर में हुए डांडिया आयोजन को लेकर जोरदार माहौल देखने को मिला। युवा वर्ग काफी उत्साहित दिखे। सभी गरबे की धून में एक साथ जमकर थिरकते हुए दिखे। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि डिस्को डांडिया गरबा के माध्यम से नगर की युवतियों व महिलाओं को उमंग, उत्साह के साथ अपनी कला प्रदर्शित करने का मंच देता है। आने वाले समय में ऐसे आयोजन और भी बड़े रूप में आयोजित किए जाएंगे।

# अनहोनी की आशंका पर खतरनाक कड़े उतरवाये पुलिस ने

**जांजगीर-चांपा।** पुलिस ने नवरात्रि पर्व के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने के लिए बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने नैला मां दुर्गा पंडाल क्षेत्र से लगभग 1700 स्टील के कड़े जब्त किए हैं। ये कड़े युवकों से उतरवाकर जमा कराए गए थे।



पुलिस का कहना है कि जब्त किए गए कई कड़े इतने भारी और खतरनाक थे कि उन्हें हथियार के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता था। इस दौरान संदिग्ध युवकों की पहचान कर उनसे कड़े उतरवाए गए। पुलिस ने मेले और पंडाल क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी है। भीड़-भाड़ वाले इलाकों में लगातार पेट्रोलिंग और रात्रि गश्त की जा रही है, ताकि किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर पैनी नजर रखी जा सके।

एसपीविजय कुमार पांडेय के निर्देश पर की गई इस कार्रवाई का उद्देश्य संभावित हमलों को रोकना था। एएसपी जांजगीर उमेश कुमार कश्यप और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात उदयन बेहार के नेतृत्व में, निरीक्षक मणिकांत पाण्डेय (थाना प्रभारी जांजगीर) की टीम नैला पंडाल और मेले में सक्रिय रूप से पेट्रोलिंग कर रही है।

पुलिस ने स्पष्ट किया है कि नवरात्रि पर्व के दौरान जिले में कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, आम जनता से अपील की गई है कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें।

### लवसरा पहुंचे साहू समाज अध्यक्ष, हुआ स्वागत

**बाराद्वार।** छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष डॉ. नरेंद्र साहू के शुक्रवार को ग्राम लवसरा आगमन पर आतिशी स्वागत किया गया। साहू समाज के जिलाध्यक्ष डॉ. खिलावन साहू के नेतृत्व में प्रदेशाध्यक्ष का कर्मा नृत्य के साथ फूलमाला और पुष्प गुच्छ देते हुए क्षेत्र के साहू समाज के पदाधिकारी व सदस्यों ने अतिशि स्वागत किया।

# पढ़ाई में ध्यान नहीं देने वाले व्याख्याता को नोटिस जारी किया विभाग ने

**सक्ती।** शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने और अनुशासन बनाए रखने के उद्देश्य से जिला शिक्षा अधिकारी सक्ती कुमुदिनी वाघ द्विवेदी लगातार विद्यालयों का निरीक्षण कर रही हैं। इसी क्रम में गत 26 सितंबर को उन्होंने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नगरदा, विकासखंड सक्ती का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यार्थियों से सीधी बातचीत कर पढ़ाई का स्तर जाना और वाणिज्य संकाय के विद्यार्थियों की स्वयं कक्षा ली। विद्यालय प्राचार्य को संकुल अंतर्गत सभी विद्यालयों का नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए। वहीं अनुपस्थित पाए गए व्याख्याता चंद्रशेखर को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। इसके बाद उन्होंने कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय नगरदा का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने स्वयं मध्याह्न भोजन का स्वाद चखकर गुणवत्ता का मूल्यांकन किया। अधीक्षिका और रसोइयों को मीनू के अनुसार भोजन बनाने, मौसम के अनुसार हरी सब्जियां परोसने और स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए गए।

निरीक्षण के दौरान अभिलेखों और पंजी संधारण में लापरवाही



पाए जाने पर अधीक्षिका को फटकार लगाई गई। उन्हें तीन दिन के भीतर सभी अभिलेख और पंजी अद्यतन कर कार्यालय में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त, अशासकीय विवेकानंद विद्यालय सुन्दरेली का भी निरीक्षण किया गया, जहां संचालन में अव्यवस्था पाई गई। इस पर डीईओ ने नाराजगी जताई और शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत संचालन सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सक्ती विकासखंड शिक्षाधिकारी दिलीप कुमार पटेल भी उपस्थित रहे।

### टीबी-कुष्ठ रोगियों की पहचान कर रही टीम

**सक्ती।** निक्षय मित्र योजना के तहत टीबी और कुष्ठ रोगियों की पहचान और इलाज सुनिश्चित करने के लिए चिन्हांकित शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं का गहन निरीक्षण किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारी पूजा अग्रवाल के नेतृत्व में स्वास्थ्य टीम ने चिखलरौंदा, खजुरानी, भोथीडीह और भोथिया उप स्वास्थ्य केंद्रों का औचक दौरा किया। यह निरीक्षण स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान और पीएम जन-मन कार्यक्रम के तहत किया गया। इसका उद्देश्य टीबी और कुष्ठ रोग की पहचान, इलाज और उन्मूलन की दिशा में प्रगति का मूल्यांकन करना था। निरीक्षण के दौरान मानव संसाधन की उपलब्धता, स्वास्थ्यकर्मियों की दक्षता, दवाओं और अन्य जरूरी सुविधाओं की समीक्षा की गई।


## कार्यालय कलेक्टर जिला- सक्ती एवं पदेन उप सचिव, छत्तीसगढ़ शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग

-:: प्रारंभिक अधिसूचना ::-

क्रमांक/375-क/अ-82/2024-2025 सक्ती, दिनांक 30/06/2025

चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि नीचे अनुसूची के कॉलम (1) से (5) में दर्शित भूमि की अनुसूची के कॉलम (7) में दर्शित सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है। अतः भूमि अर्जन, पुनर्वासन तथा पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 (जिसे एतद् पश्चात् अधिनियम 2013 कहा जायेगा) की धारा 11 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है, कि राज्य शासन एतद् द्वारा अनुसूची के कॉलम (6) में उल्लेखित प्राधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में धारा 12 के अंतर्गत दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करता है :-

अनुसूची

| भूमि का प्रकार | | | | | धारा 12 द्वारा प्राधिकृत अधिकारी | सार्वजनिक प्रयोजन का का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| जिला | तहसील | ग्राम/प.ह.नं. | खसरा नंबर | क्षेत्रफल (हे. में) | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| सक्ती | डभरा | कबारीपाली प.ह.नं. 14 | कुल खसरा संख्या 03 | 0.165 | कार्यपालन अभियंता जल संसाधन संभाग जांजगीर मुख्यालय चांपा (छ.ग.) | घटोई जलाशय के डूबान क्षेत्र हेतु |

2. यह भी सूचित किया जाता है कि उपरोक्त भूमि में कोई भी हितबद्ध व्यक्ति इस अधिसूचना के प्रकाशन तिथि के 60 दिवस के भीतर अर्जित की जाने वाली भूमि के क्षेत्रफल एवं उपयुक्तता, लोक प्रयोजन के औचित्य तथा सामाजिक समाघात के निष्कर्षों के बारे में अपना दावा/आपत्ति लिखित में कलेक्टर को स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से अधिनियम, 2013 की धारा 15 की उपधारा (1) के अंतर्गत प्रस्तुत कर सकेगा.

3. भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डभरा के कार्यालय में किया जा सकता है।

4. प्रस्तावित भू-अर्जन से किसी भी प्रभावित परिवार का विस्थापन निहित नहीं है।

5. प्रस्तावित प्रयोजन भूमि-अर्जन,को भूमि-अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकारी अधिनियम 2013 (संख्या 30 सन् 2013) के अध्याय दो एवं तीन के प्रावधानों के तहत सिंचाई परियोजनाओं की बाबत् जहां तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य विधि के उपबंधों के अधीन पर्यावरणीय समाघात की प्रक्रिया की अपेक्षा की जाती है, इस अधिनियम के सामाजिक समाघात निर्धारण के उपबंध लागू नहीं होंगे। प्रस्तावित अधिग्रहण हेतु भूमि का विस्तार क्षेत्र ऐसी परियोजनाओं के लिये आवश्यक न्यूनतम भूमि है, विकल्प में काई बंजर भूमि जिसमें पड़त भूमि सम्मिलित है, उक्त परियोजना हेतु उपलब्ध नहीं है।

6. प्रस्तावित भू-अर्जन के लिए अधिनियम 2013 की धारा 43 के तहत अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डभरा जिला सक्ती (छ.ग.) को पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन प्रशासक नियुक्त किया जाता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार
(अमृत विकास तोपनो)
कलेक्टर
जिला-सक्ती (छ.ग.)
एवं पदेन उप सचिव, छत्तीसगढ़ शासन
राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग

(बालेश्वर राम)
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
एवं भू-अर्जन अधिकारी डभरा

## अनमोल वचन......

**अगर ये सोच ले के लोग क्या कहेंगे, तो आप कुछ नही कर रहे .....**

## दूसरी या तीसरी शादी का हक नहीं

*कोई मुसलमान पुरुष अपनी बीवी का भरण-पोषण करने में सक्षम नहीं है, तो उसे दूसरी या तीसरी शादी करने का हक नहीं है। केरल हाई कोर्ट ने 39 साल की महिला की याचिका पर सुनवाई के दौरान यह कहा। पीड़िता ने भीख मांग कर गुजारा कर रहे पति से दस हजार रुपये मासिक गुजारा भत्ता मांगा है। 46 वर्षीय नेत्रहीन पति उसे छोड़कर पहली पत्नी के साथ रह रहा है, और तीसरा निकाह करने की धमकी दे रहा है। परिवार न्यायालय ने यह कह कर याचिका ठुकरा दी थी कि जो खुद भीख मांग कर गुजर कर रहा है, उसे गुजारा भत्ता देने का निर्देश नहीं दिया जा सकता। चूंकि प्रतिवादी मुसलमान है और पारंपरिक कानून का लाभ उठा रहा है, जो पुरुषों को चार शादियों का अधिकार देता है। हालांकि इस्लाम में जो शख्स दूसरी/तीसरी बीवी का भरण-पोषण नहीं कर सकता है, वह भी प्रथागत कानून के अनुसार दोबारा निकाह नहीं कर सकता। अदालत ने कहा कि मुसलमानों में इस तरह की शादियां शिक्षा की कमी, धार्मिक कानूनों की जानकारी के अभाव के कारण होती हैं। कोई भी अदालत किसी मुसलमान पुरुष की दूसरी/तीसरी शादी को मान्यता नहीं दे सकती, जब वह अपनी पत्नियों के भरण-पोषण में असमर्थ हो। अदलत ने मुसलमानों के पवित्र ग्रंथ कुरान की आयतों की दलील देते हुए कहा कि बहुविवाह अपवाद है। पहली पत्नी, दूसरी, तीसरी और चौथी पत्नी को जो मुसलमान पति न्याय दे सकता है, तो एक बार से ज्यादा शादी जायज है। बेशक, मुसलमानों में बहुत छोटा सा तबका बहुविवाह करता है। इस मामले में अदालत ने भीख मांगने वाले को उचित परामर्श देने को कहा। बहुविवाह की शिकार बेसहारा पत्नियों की रक्षा करने को राज्य सरकार का कर्त्तव्य भी बताया। यह कहना भी गलत नहीं कहा जा सकता कि उसका पति विवाह के वक्त भी भिक्षावृत्ति ही करता रहा होगा। याचिकाकर्ता सब जानते-बूझते इस वैवाहिक बंधन में गई। तलाकयाफ्ता पत्नी का अधिकार है गुजारा-भत्ता मांगना। मगर महिलाओं को श्रम करके भी दो जून की रोटी कमाने का प्रयास करने में हिचकना नहीं चाहिए। राज्य सरकारों को निराश्रितों के खाने-जीने की सुविधा का जिम्मा उठाने की ठोस व्यवस्था करनी चाहिए। मस्जिदों, मौलवियों, समाज और न्यायपालिका को भी बहुविवाह पर उचित परामर्श देने का प्रयास करना चाहिए।*

## राशिफल

**मेष :** बुद्धिमत्ता द्वारा हर दिशा में स्वयं को पारंगत सबित करेंगे। परिजनों के सान्निध्य में पूरा दिन व्यतीत होगा। अपने स्वास्थ्य के प्रति सावधानी बरतें। रोजगार में लाभकारी स्थिति से मन प्रसन्न रहेगा।

**बृषभः** सगे-संबंधियों के बीच अपने अनुकूल अपेक्षा रखना ठीक नहीं है। माता के स्वास्थ्य के प्रति कुछ चिंताएं होंगी। व्यावसायिक योजनाएं विफल होती नजर आएंगी। धार्मिक आस्था बढ़ेगी।

**मिथुन :** मन में कुछ नई इच्छाएं बलवती होंगी। देवी की आराधना में मन केंद्रित होगा। परिजनों का सान्निध्य मिलेगा। भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं मन में नकारात्मक विचार ला सकती हैं।

**कर्क :** आवेश व उच्छृंखलता पर नियंत्रण रखें। ईशवरीय आस्था से मन शांति की अनुभूति करेगा। परिजनों के मध्य सब कुछ सामान्य होगा। पारिवारिक चिंताओं से मन ग्रसित होगा।

**सिंह :** अंतर्मुखी स्वभाव को त्याग बाह्यमुखी बनायें। पूजा-पाठ में पूरा दिन मन केंद्रित होगा। किसी पुराने संबंधी से निकटता बढ़ेगी। घरेलू दायित्वों के प्रति सक्रियता से आपकी महत्ता बढ़ेगी।

**कन्या :** पारिवारिक वातावरण में उत्साह का माहौल रहेगा। कुछ नई अभिलाषाएं आपको हतोत्साहित करेंगी। नये दायित्वों की पूर्ति हेतु परिश्रम तीव्र होगा। विपरीतलिंगी संबंधों के प्रति आकर्षण बढ़ेगा।

**तुला :** अपनी भावुकता पर नियंत्रण रखें। दुविधाओं को त्याग सही व स्वच्छ योजनाओं पर केंद्रित हों। सगे-संबंधियों के मध्य भावनात्मक अपेक्षाएं कष्ट की जननी बनेंगी। घर में खुशहाली रहेगी।

**वृश्चिक :** कार्यक्षेत्र में लोकप्रियता बढ़ेगी। विद्यार्थियों का मन पढ़ाई में लगेगा। संबंधियों के मध्य मधुर वाणी का प्रयोग करें। धार्मिक आस्था से मन में उत्साह का संचार होगा।

**धनु :** अच्छा होगा कि थोड़ा घर में समय देने की चेष्ठा करें। दूसरों की सफलता को देख अपने अंदर हीनता न आने दें। आवेश में आकर कुछ न बोलें। मन को ईश्वरीय आस्था की ओर केंद्रित करें।

**मकर :** महत्वपूर्ण कार्यों में आलस्य न करें। परिजनों का सान्निध्य मिलेगा। वाणी पर संयम रखें। मन की भावनाओं पर नियंत्रण रख अपने दायित्वों के प्रति सजग हों। धार्मिक कार्यों में मन लगेगा।

**कुंभ :** किसी महत्वपूर्ण दायित्व की पूर्ति हेतु समुचित साधन व्यवस्था हेतु मन चिंतित होगा। ईश्वरीय आस्था बढ़ेगी। जीवन साथी का भावनात्मक सहयोग मिलेगा। कुछ नई आकांक्षाएं मन पर प्रभावी होंगी।

**मीन :** कुछ आर्थिक चिंताएं मन प्रभावी होंगी। धार्मिक आस्था बढ़ेगी। देवी की आराधना में दिन व्यतीत होगा। राजनीतिज्ञों का सहयोग प्राप्त होगा। भौतिक-सुख साधन हेतु व्यय होने के आसर हैं।

# एक अतुल्य पर्यटन स्थल के रूप में भारत का विकास

//रितेश अग्रवाल//

**भारत की समृद्ध संस्कृति, आध्यात्मिक विरासत, प्राकृतिक सौंदर्य और ऐतिहासिक महत्व इसे दुनिया भर के पर्यटकों के लिए एक मनपसंद पर्यटन स्थरल बनाते हैं। फिर भी, इस क्षेत्र को वर्तमान मोदी सरकार के कार्यकाल में ही वह प्राथमिकता मिली है जिसका यह हकदार है—अर्थव्यवस्था के प्रमुख चालक और सॉफ्ट पावर के एक साधन, दोनों ही रूपों में। प्रधानमंत्री मोदी ने इस क्षमता को गुजरात के मुख्यमंत्री रहते हुए भी पहचाना था।**

पर्यटन भारत में अब केवल फुरसत में छुट्टियां बिताने का साधन भर नहीं रह गया है; यह रोज़गार, गौरव और विश्व मानचित्र पर भारत को स्थोपित करने का माध्यहम भी बन गया है। पिछले एक दशक के दौरान, भारत में परिवहन अवसंरचना का व्यापक विस्तार हुआ है। राजमार्ग, रेलवे और विमानन नेटवर्क उन क्षेत्रों तक पहुँच चुके हैं, जो पहले दुर्गम हुआ करते थे। स्वदेश दर्शन (विषय-आधारित पर्यटन) और प्रशाद - तीर्थयात्रा पुनरुद्धार एवं आध्यात्मिक संवर्धन अभियान - जैसी योजनाओं ने आस्था और संस्कृति के प्राचीन मार्गों को पुनर्जीवित किया है और साथ ही छोटे शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों में रोज़गार के अवसर भी पैदा

किए हैं। पिछले दशक के दौरान निर्मित प्रत्येक राजमार्ग, हवाई अड्डा और तीर्थ गलियारा केवल अवसंरचना मात्र नहीं है - यह भारत की विरासत की ओर एक सेतु है।

मोदी के विज़न ने अध्यात्म, स्वास्थ्य, एडवेंचर और व्यावसायिक पर्यटन पर जोर देते हुए अतुल्य भारत 2.0 में नई जान फूंक दी है। बौद्ध सर्किट, रामायण सर्किट जैसे विशेष सर्किट, वाराणसी में काशी विश्वनाथ कॉरिडोर और गुजरात में स्टैच्यू ऑफ यूनिटी लाखों लोगों को आकर्षित करने वाली ऐतिहासिक परियोजनाएं हैं। केदारनाथ, जो कभी त्रासदी से तबाह हो गया था, साल 2024 में 16 लाख से अधिक तीर्थयात्रियों का स्वागत करने के लिए फिर से तैयार हो गया। एक दशक पहले तक यह आंकड़ा केवल 40,000 का था। महाकाल की नगरी के रूप में पुनर्जीवित उज्जैन ने साल 2024 में 7.32 करोड़ आगंतुकों को आकर्षित किया। काशी ने 11 करोड़ तीर्थयात्रियों का स्वागत किया, जबकि बोधगया और सारनाथ ने साल 2023 में 30 लाख से अधिक साधकों को आकर्षित किया। अयोध्या में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के केवल छह महीनों के भीतर, 11 करोड़ से अधिक भक्तों ने दर्शन किए। महाकुंभ 2025, विश्व का सबसे बड़ा आध्यात्मिक समागम, में 65 करोड़ से अधिक श्रद्धालु आए। केदारनाथ का पुनरुद्धार, काशी का कायाकल्प, और अयोध्या का पुनर्जन्म यह दर्शाता है कि किस प्रकार आस्था और अवसंरचनाएं मिलकर यात्रा को पुनर्परिभाषित कर सकते हैं।

डिजिटल इंडिया और स्मार्ट सिटीज़ पर ध्यान केंद्रित करने से बुनियादी ढाँचों और पहुँच में और सुधार हुआ है। आधुनिक हवाई अड्डे, उन्नत राजमार्ग, बेहतर रेल संपर्क और निर्बाध डिजिटल बुकिंग प्रणालियों ने यात्रा को और अधिक सुविधाजनक और विश्वसनीय बना दिया है। डिजिटल ऐप्स, बहुभाषी हेल्पलाइन और अंतिम छोर तक कनेक्टिविटी भले ही छोटे बदलाव लगें, लेकिन इन सबने मिलकर भारत को दुनिया के सबसे ज़्यादा यात्री-अनुकूल स्थलों में से एक बना दिया है। साथ ही, वीज़ा मानदंडों में ढील और विस्तारित ई-वीज़ा नीति ने विदेशी पर्यटकों के आगमन को उल्लेखनीय रूप से बढ़ावा दिया है। सरकार ने इको-टूरिज्म, वेलनेस टूरिज्म और एडवेंचर स्पोर्ट्स को भी बढ़ावा दिया है, जिससे यह सुनिश्चित हुआ है कि भारतीय पर्यटन का भविष्य संतुलन में है - विकास के साथ-साथ स्थाियित्वी, बुनियादी ढाँचों के साथ-साथ विरासत और आधुनिकता के साथ-साथ परंपरा। जी-20 शिखर सम्मेलन जैसे उच्च-स्तरीय वैश्विक आयोजनों की भारत द्वारा मेज़बानी ने न केवल आतिथ्य सत्कार, बल्कि सांस्कृतिक गहराई को भी प्रदर्शित किया। ऐसे अवसरों ने भारत को एक आधुनिक अर्थव्यवस्था और एक शाश्वत सभ्यता, दोनों के रूप में स्थापित किया, जिसने अंतर्राष्ट्रीय ध्यान आकर्षित किया और विदेशों से अधिक से अधिक पर्यटकों को प्रोत्सा,हित किया।

नीतियों से परे, मोदी जी जिस तरह से भारतीय संस्कृति और पर्यटन स्थलों का समर्थन करते हैं, उसका एक व्यक्तिगत पहलू भी है। योग को दुनिया भर में लोकप्रिय बनाने से लेकर केदारनाथ में नंगे पैर चलने और अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह के पानी में गोता लगाने तक, उन्होंने न केवल भाषणों के माध्यम से, बल्कि अपने अनुभवों के माध्यम से भी दुनिया को भारत से परिचित कराया है। ऐसा करके, वे स्वयं एक सांस्कृतिक राजदूत बन गए हैं, और

इस विचार को पुष्ट कर रहे हैं कि ब्रांड इंडिया का निर्माण केवल बोर्डरूम या नीतिगत दस्तावेजों में ही नहीं, बल्कि वाराणसी के घाटों, हिमालय की चोटियों और केरल के तटों पर भी हो रहा है। श्री मोदी पर्यटन का सिर्फ़ समर्थन ही नहीं करते; वे उसे साकार भी करते हैं। सोशल मीडिया पर भारतीय स्थलों का बार-बार प्रदर्शन, भाषणों में स्थानीय त्योहारों और परंपराओं का ज़िक्र, और भारतीयों से ''पहले भारत को जानो'' का आह्वान, इन सबने घरेलू पर्यटन के प्रति गौरव का भाव जगाया है। यहाँ तक कि आधिकारिक दौरों पर उनका पहनावा – चाहे नागा शॉल हो, हिमाचली टोपी हो या तमिल वेष्टि – क्षेत्रीय पहचान और परंपराओं के प्रति उनका सम्माटन होता है, जो विविधता में एकता का प्रतीक है।

एक राष्ट्रीय नेता और एक वैश्विक राजनेता, दोनों के रूप में मोदी भारत की सौम्य शक्ति, संस्कृति और आध्यात्मिकता के महत्व को समझते हैं। संयुक्त राष्ट्र, विश्व आर्थिक मंच और जी-20 शिखर सम्मेलन में उनके संबोधन अक्सर भारत की विरासत को गौरवान्वित करते हैं। योग और आयुर्वेद के प्रति उनके वैश्विक प्रोत्साहन ने भारत को समग्र स्वास्थ्य के केंद्र के रूप में स्थापित किया है। आज, देश भर के ध्यारन-आश्रम 120 से अधिक देशों के साधकों कोआकर्षित करते हैं, जो इस बात का प्रमाण है कि कैसे प्राचीन पद्धतियां दुनिया भर में आधुनिक जीवनशैली को आकार दे रही हैं।

इस प्रकार, उनके नेतृत्व में पर्यटन रोज़गार, विकास और सांस्कृतिक आदान-प्रदान का एक सशक्त माध्यम बनकर उभरा है। भारत में साल 2024 में घरेलू पर्यटकों की संख्याआ 294.76 करोड़ थी, जो पिछले वर्ष की तुलना में 17.36 प्रतिशत अधिक है। जैसे-जैसे यह क्षेत्र निरंतर विस्तृोत हो रहा है, भारत न केवल अपने अतीत का जश्न मना रहा है, बल्कि एक ऐसे भविष्य का निर्माण भी कर रहा है जहाँ हर क्षेत्र का वैश्विक मानचित्र पर अपना एक स्थान हो। प्रत्येकराज्य, शहर और गाँव को अब अपनी कहानी कहने का अवसर मिला है–और मोदी जी के नेतृत्व में ये कहानियाँ दुनिया तक पहुँच रही हैं। एक ऐसे नेता के साथ जो ''ब्रांड इंडिया'' की शक्ति में विश्वास रखता है, भारतीय पर्यटन का भविष्य मजबूत, गतिशील और चिरस्थाडयी है।

# देश में आजादी के 75 साल बाद भी मेडिकल साइंस में पीछे क्यों, आम आदमी को उपचार मिलना शेष है

//अजय दीक्षित//

**विकसित और यूरोपीय देशों की तुलना में भारत मेडिकल साइंस में बहुत पीछे हैं जबकि अन्य देशों की तुलना में हम सबसे अधिक आबादी वाले देश हैं। भारत की तुलना में यूएस, यूरोपीय देश, सबसे आगे है।हम अपनी जनता को इलाज की जरूरत पूरी नहीं कर पाते हैं। जबकि भारत में 780 मेडिकल कॉलेज में 118000 सीट एमबीबीएस की हैं। आजादी के 78 साल बाद भी आम आदमी को सरकार की ओर से मुफ्त इलाज की सुविधा नहीं है। बड़े बड़े महानगरों में स्थापित बड़े और नामी ग्रामी अस्पताल धनाढ्य लोगों के लिए बने जो प्रतिदिन एक मरीज से पचास हजार रुपए तक बसूलते है। जबकि भारत में आम आदमी की औसत आय 15 से 20 हजार रुपए महीने है । सरकारी अस्पताल में अफरातफरी मची है और इलाज के लिए महीनों का इंतजार है और तब तक मरीज मौत के मुंह में समा जाता है।**

स्टडी फॉर इंटरनेशनल मेडिकल साइंस की वार्षिक रिपोर्ट में कहा गया है कि एशिया, अफ्रीका के देश मेडिकल साइंस में बहुत पीछे हैं। पाकिस्तान, अफगानिस्तान, ईरान, इराक, सीरिया, लेबनान, लीबिया, और भारत में लोक स्वास्थ्य की हालत ठीक नहीं है।उसने इंग्लैंड के ग्लासको शहर को मेडिकल साइंस में अगरणीय माना है । बताया जाता है कि स्कॉटलैंड के इस शहर दवाइयां बिकती नहीं हैं बल्कि चिकित्सक के प्रिस्क्रिप्शन पर मुफ्त दी जाती हैं और यहां पर प्रत्येक नागरिक का एक आईडी है जिसमें उसके स्वास्थ्य का ब्यौरा है। बीमार होने पर एंबुलेंस लेकर जाती है और अस्पताल में भर्ती कराया जाता है और ठीक होने पर घर छोड़ा जाता है। इसका कोई व्यय नहीं होता है।

भारत के बारे माना जाता है कि जब एलोपॅथी का ईजाद नहीं हुआ था तब भी हमारे धन्वंतरि नामक ऋषि ने आर्युवेद से तत्कालीन समय में बहुत बीमारियों का उपचार विकसित किया । एलोपैथी की खोज लुई पाश्चर नामक वैज्ञानिक ने कीउन्होंने घोड़े की लीद से किडवान कर पेनिसिलिन नामक रक्षित द्रव्य बनाया। फिर शनै शनै तमाम यूरोपीय देशों ने दवाइयां बनाई , शल्य चिकित्सा आरंभ हुई।भारत में ब्रिटिश राज्य में मेडिकल कॉलेज स्थापित किए गए जिनमें किंग जॉर्ज मेडिकल कॉलेज लखनऊ, मद्रास, ब्रिटिश रेजिडेंसी मेडिकल कॉलेज कलकत्ता, मिंटो मेडिकल कॉलेज देहली, लेडी इरबन मेडिकल कॉलेज, लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज,आदि प्रमुख थे।आजादी के बाद भारत सरकार ने 250 से अधिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल स्थापित किए।अब बढ़ाकर 780 हो चुके हैं । जवाहर लाल नेहरू ने एम्स देहली बनवाया। भारत अब 145 करोड़ आबादी है । यूरोपीय देशों से तुलना करे तो 10000 से अधिक हॉस्पिटल होना चाहिए ।भारत में 500 से अधिक जिले और 4000 से अधिक तहसील हैं 5000 विधानसभा क्षेत्र है । आम आदमी को इलाज के लिए रिस्क कवर नहीं है ।आम आदमी को कैंसर, एम डी आर, न्यूरो तकलीफ,ब्लाइंड नेस, यूरोलॉजी, गैस्ट्रोलॉजी, नेफोलॉजी, आदि समस्या के निदान के लिए देहली, कोलकाता,मुंबई,चेन्नई, नागपुर, बनारस, आगरा, लखनऊ, चंडीगढ़, गोरखपुर, प्रयागराज, पुणे, ग्वालियर, इंदौर दरभंगा, पटना, बेगुसराय, सीतामढ़ी, आदि शहरों का रुख कर ना पड़ता है।जो आम आदमी के हैसियत से बाहर की बात है। वास्तव में देखा जाय तो स्वास्थ्य भारत में एक चुनौती कार्य है क्योंकि हम इतनी बड़ी जनसंख्या वाले देश हैं नेशनल मेडिकल कमीशन की 2025 की रिपोर्ट में कहा है कि भारत को कम से कम 10000 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र,5000 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र,800 जिला अस्पताल, इतने ही मेडिकल कॉलेज और दो लाख एमबीबीएस की सीटे और 50000 हजार पोस्ट ग्रेजुएट डॉक्टर,5000 डीएम,एमसीएच, चिकित्सक चाहिए क्योंकि नव निर्मित और स्थापित मेडिकल कॉलेज में फैकल्टी का बहुत अभाव है। मेडिकल कॉलेज, जिला आसपास में नेफोलॉजी, यूरोलॉजी, गैस्ट्रोलॉजी, कार्डियो, ऑनकोलॉजी,के एसोसिएट, असिस्टेंट, प्रोफेसर डॉ नहीं हैं। ऐसा भी नहीं है कि भारत में मेडिकल साइंस के क्षेत्र में कोई कार्य नहीं किया है। ट्यूबरक्लोसिस,पोलियो, घेंघा, आदि पर पूर्ण निवारण किया है।

# गुलामी के आठ सौ साल से उपजी सामूहिक हीन भावनाओं को लेकर चिंता?

पुरानी बात है लेकिन इस संदर्भ में प्रासंगिक है। एक राजा बहुत क्रूर था और उसका मंत्री उससे भी बदमाश था। राजा का नया महल बन रहा था जबकि राजा एक दूसरे महल में रहता था। दोनों स्थानों के बीच एक नदी थी । मजदूर हजारों की संख्या में उस पुल से निकलकर राजा की बेगारी करने दूसरी ओर जाते थे। मंत्री ने राजा के कहने पर आदेश दिया कि लौटते समय सभी जनता , मजदूरों को जूते लगाए जाएं। राजा के आदेश का पालन हुआ और पांच सैनिक जूते लगाने तैनात किए। रोज शाम को सभी को घर लौट ने से पहले पांच,पांच जूते खाने पड़ते थे। सभी कुछ सहन हो रहा था।एक दिन राजा ने शराब पी ली और उस स्थान का पुल पर निरीक्षण किया। जनता सब सहन कर रही थी। फिर भी राजा ने एक डिब्बा रख वा दिया कि जनता के कोई सुझाव हो तो वह पर्ची पर लिख कर इस डिब्बे में डाल दें।यह जले पर नमक छिड़कने जैसा था ।कई दिन गुजर गए लेकिन कोई सुझाव नहीं आया तो हरामीज़ादे राजा ने जूते पांच के बजाय दस कर दिए तो एक परेशानी हुई कि मजदूर देर से घर पहुंचने लगे।इस पर एक मजदूर ने आंख बचाकर एक पर्ची डिब्बे में डाल दी।जब राजा को मालूम हुआ कि कोई सुझाव आया है तो उसने डिब्बा खुलवाया और पढ़ा तो उसमें लिखा था कि हजूर जूते लगाने वाले सैनिक बढ़वा दो ।शाम को घर पहुंचने में देर हो जाती है।यह सोच बन गई थी भारत वर्ष की जनता की गुलामी के आठ सौ साल में, हीन भावना उत्पन्न हो गई थी। 1192 से देश में विदेशी शासन ही रहा। पारस की खाड़ी से आए महमूद गजनी ने आक्रमण किया और इंद्रप्रस्थ के राजा पृथ्वी राज चौहान हो हराकर बंदी बना लिया। उसके दिल्ली सल्तनत, मुगल, ब्रिटिश ने राज्य किया ।1947 में ही आजाद हो सका था।कुल 800 साल हम गुलाम रहे । भारत वर्ष लगभग आठ सौ साल पहले मुस्लिम सल्तनत,मुगल और ब्रिटिश का गुलाम रहा था। इस दौरान देश में एक सामूहिक हीन भावना उत्पन्न हुई और पीढ़ी दर पीढ़ी आगे बढ़ जाती रही।इस काल खंड में देश ने अनेक शासनों को झेला। आज भी यही आवाज कई लोगों में यह कह कर निकलती है कि हम इस पचड़े में नहीं पड़ेंगे चाहे कितना भी बड़ा मुद्दा हो लोग आज भी बचना चाहते हैं।इस देश के लोगों ने आजादी के राजनीतिक लोगों, अधिकारियों, आपातकाल, आतंकवाद, भाईभतीजाबाद, जातिवाद, क्षेत्रवाद, नौकरशाही,को झेला है। वह तो भला हो जवाहर लाल नेहरू का जिन्होंने लोकतांत्रिक व्यवस्था को स्थापित कर दिया और जनता को गुप्त मतदान के माध्यम से सरकार बदलने का मौका मिला हुआ है नहीं तो पाकिस्तान में तीन बार संविधान बदल चुका है और सेना प्रमुख जब मर्जी हो तख्तापलट कर देते हैं और जनता तमाशबीन बन कर देखती रहती है।भारत में कभी क्रांति नहीं हो सकती है क्योंकि हमारी रगों में अजीब सी हीन भावना है। मुस्लिम देशों में सत्ता के लिए रक्तपात किया जाता है।ईरान, इराक, सीरिया लेबनान, लीबिया,उसके उदाहरण हैं।रूस में 1907 में क्रांति हो चुकी है। चीन में माओवाद था और अभी भी है , अफगानिस्तान, म्यांमार, बांग्लादेश,में भी हिंसक क्रांति हो चुकी है। इस के पीछे इन देशों का इतिहास है और वे 800 वर्ष गुलाम नहीं रहे। ब्रिटिश ने जहां जहां शासन किया वे बहुत ही निर्दयता से जनता से व्यवहार करते थे। भारत में उन्होंने खूब लूटपाट की और जनता का हर तरीके का शोषण किया। जो पीछे छूट गया उसे भूल कर हीन भावना से लोगो को निकलना चाहिए।800 वर्षों की गलमी ने भौतिक विकास, समाज विकास, बुरी तरह से प्रभावित किया था।

## तस्वीरों की दुनिया




केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अररिया जिले के फोर्ब्सगंज में बिहार विधानसभा चुनाव से पहले एक रणनीतिक बैठक के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और बिहार भाजपा अध्यक्ष दिलीप जायसवाल के साथ अररिया जिले के फारबिसगंज में बिहार विधानसभा चुनाव से पहले एक रणनीतिक बैठक के दौरान।



हैदराबाद में भारी बारिश के बाद उफनती मुसी नदी पर बना पुल पानी में डूबा हुआ है।



उत्तर प्रदेश के बरेली में पुलिस और स्थानीय लोगों के बीच झड़प के एक दिन बाद पुलिसकर्मी एक दरगाह के बाहर पहरा देते हुए।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ओडिशा के झारसुगुड़ा में एक सार्वजनिक रैली में विभिन्न विकास परियोजनाओं के शिलान्यास और उद्घाटन के दौरान उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए।




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ओडिशा के झारसुगुड़ा में विभिन्न विकास परियोजनाओं के शिलान्यास और उद्घाटन करते हुए।



पर्यटन, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस राज्य मंत्री सुरेश गोपी और नीति आयोग की उपाध्यक्ष सुमन बेरी नई दिल्ली के चाणक्यपुरी स्थित सुषमा स्वराज भवन में विश्व पर्यटन दिवस समारोह के दौरान समझौता ज्ञापनों (एमओयू) के आदान-प्रदान के साक्षी बने।

# वैष्णो देवी के दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में बढ़ोतरी

## कटड़ा से मंदिर तक उत्सव जैसा माहौल



**कटड़ा।** नवरात्र में मां वैष्णो देवी के दर्शन के लिए देश के कोने-कोने से श्रद्धालु आधार शिविर कटड़ा पहुंच रहे हैं। मां वैष्णो देवी की यात्रा में भारी बढोतरी देखने को मिली। शनिवार रात नौ बजे तक 30,210 श्रद्धालु भवन की ओर रवाना हो चुके थे। जारी नवरात्र में अब तक एक लाख से अधिक श्रद्धालु मां वैष्णो देवी के चरणों में हाजिरी लगा चुके हैं। इससे पहले 12 से 14 हजार के बीच ही श्रद्धालु पहुंच रहे थे।यहां से कोई पैदल तो कई श्रद्धालु घोड़ा, पिट्ठू अथवा पालकी, हेलीकॉप्टर सेवा, बैटरी कार सेवा का सहारा लेकर मां वैष्णो देवी के भवन की ओर रवाना हो रहे हैं। जय माता दी के जयकारे मां वैष्णो देवी की यात्रा पूरी तरह से भक्तिमय बनी हुई है। श्रद्धालु मां के चरणों में हाजिरी लगाकर अपने परिवार की सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना कर खुद को पुण्य के भागी मान रहे हैं। बता दें कि 26 सितंबर को मां वैष्णो देवी के यात्रा मार्ग पर हुए भूस्खलन के चलते 34 श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी और कई श्रद्धालु घायल हो गए थे। इसके चलते 22 दिन तक मां वैष्णो देवी की यात्रा स्थगित रही थी।उसके बाद 17 सितंबर को एक बार फिर मां वैष्णो देवी की यात्रा सुचारु हो गई, लेकिन श्रद्धालुओं की संख्या में कमी बनी रही। नवरात्र शुरू होने के बाद यात्रा में धीरे-धीरे बढ़ोतरी होने लगी और श्रद्धालुओं की संख्या 28,000 पहुंच गई है। इसके चलते कटड़ा लेकर मां के भवन पर उत्सव जैसा माहौल है।

# भारतीय जाबाजों ने ड्रोन से जीता ऑपरेशन सिंदूर अब शक्ति प्रदर्शन कर सबको रूबरू कराएगी सेना




**अंबाला, 28 सितम्बर [एजेंसी]।**

भारतीय सेना ने ड्रोन से जीता ऑपरेशन सिंदूर...। सेना ने पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में आतंकी ठिकानों को ड्रोन तकनीक के माध्यम से ही ध्वस्त किया।पाकिस्तान के ड्रोन भी देश के अलग-अलग राज्यों में देखने को मिले थे जिसके बाद अलर्ट भी घोषित कर दिया था। अब भारतीय सेना ड्रोन की क्षमता और विशेषताओं को आम जनता तक पहुंचाने के लिए एक ड्रोन शक्ति प्रदर्शन करने जा रही है।इस शक्ति प्रदर्शन में अब के आधुनिक युद्धों में ड्रोन कितने कारगर साबित हुए हैं और भविष्य में कितने कारगर होंगे। ऑपरेशन सिंदूर को प्रांतीय युद्ध की बजाय एक बड़े बदलाव के तौर पर देखा जा रहा है। आतंकवादियों की घुसपैठ रोकने के लिए और दुश्मन देशों के ड्रोनों से हम कितने सुरक्षित हैं इसको लेकर कार्यक्रम के माध्यम से जनता तक को संदेश दिया जाएगा।ये ड्रोन उड़ती हुई मिसाइल की तरह काम करते हैं जो लक्ष्यों पर लंबे समय तक मंडराते हैं और सटीक हमले करते हैं।भारतीय सेना ने ड्रोनों का उपयोग कर लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद, हिजबुल मुजाहिदीन के 9 आतंकी ठिकानों, पाकिस्तान के चार और पीओके के 5 ठिकानों को नष्ट करने का काम किया था। हमारे ड्रोन 100 किलो वजन ले जाने में सक्षम हैं और मिसाइल भी दाग सकते हैं।अब देश की सीमाओं पर सिर्फ सेनाओं की तैनाती से युद्ध नहीं होते बल्कि आधुनिक युद्ध में ड्रोन की भी सबसे अहम भूमिका होती है। भविष्य के युद्धों की चुनौती से निपटने के लिए ड्रोन जैसी तकनीकों को लेकर हमारी सेना सक्षम है।दुश्मन देश के ड्रोन को गिराने और अपने ड्रोन दुश्मन देश में निशाना साधने में सफल हैं। सेना ने कई वर्षों से ड्रोन को लेकर अभ्यास भी किए गए जिनके सकारात्मक परिणाम नजर आए हैं।

भारतीय सेना की यह नई सोच ईगल इन द आर्म की अवधारणा पर आधारित है। इसका मतलब है कि हर सैनिक को अपने पारंपरिक हथियार की तरह ही ड्रोन चलाने में पारंगत होना चाहिए। इन ड्रोनों का उपयोग युद्ध, निगरानी, रसद आपूर्ति और घायलों तक चिकित्सा सहायता पहुंचाने में भी किया जाएगा। भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के बाद ड्रोन और काउंटर-ड्रोन प्रणालियों को तेजी से अपनाना शुरू किया है। देहरादून में भारतीय सैन्य अकादमी, महू स्थित इन्फैंट्री स्कूल और चेन्नई की ऑफिसर्स ट्रेनिंग अकादमी में भी ड्रोन केंद्र स्थापित किए गए हैं।इस पहल का लक्ष्य सेना की सभी शाखाओं के सैनिकों के लिए ड्रोन संचालन को मानक और अनिवार्य बनाना है। इसके साथ-साथ, काउंटर-ड्रोन उपायों को भी मजबूत किया जा रहा है। यानी सैनिकों को ड्रोन के इस्तेमाल के साथ-साथ दुश्मन के ड्रोन से निपटने के तौर तरीके भी सिखाए जा रहे हैं।

प्रत्येक इन्फैंट्री बटालियन में एक ड्रोन प्लाटून होगी, आर्टिलरी रेजिमेंट काउंटर-ड्रोन सिस्टम और लॉइटरिंग म्यूनिशन (लड़ाकू ड्रोन) से लैस होंगी। साथ ही सटीकता और युद्धक क्षमता बढ़ाने के लिए संयुक्त दिव्यास्त्र बैटरियां बनाई जाएंगी। सेना ने स्वदेशी फर्स्ट पर्सन व्यू कामिकाज़ी ड्रोन को अपनी बेड़े में शामिल करने के लिए सफलतापूर्वक परीक्षण किया है। ये ड्रोन एक एंटी-टैंक मुनिशन्स से लैस होते हैं और दुश्मन के टैंकों, बख्तरबंद वाहनों या बंकरों पर आत्मघाती हमला करने में सक्षम हैं।पायलट एफपीवी गॉगल्स का उपयोग करके ड्रोन के कैमरे से सीधा लाइव दृश्य देखते हैं, जिससे उन्हें हाई-स्पीड पर भी लक्ष्य को सटीक रूप से भेदने की सुविधा मिलती है।

# करूर भगदड़ में अब तक 36 मौत, तमिलनाडु CMO एक्टिव

## मृतकों के परिवार को 10 लाख के मुआवजे का एलान



**करूर।** तमिलनाडु के करूर में टीवीके की राजनीतिक रैली के दौरान हुई भगदड़ में अब तक 36 लोगों की मौत की खबर सामने आई है और अभी मौतों की संख्या बढ़ सकती है। मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने इस दुखद घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया है। तमिलनाडु के सीएमओ ने इस घटना को लेकर अपना बयान जारी किया है। तमिलनाडु सीएमओ की ओर से जारी बयान के मुताबिक, मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने कहा कि मैं आज रात पीड़ितों के परिवारों से मिलने, अपनी संवेदना व्यक्त करने और अस्पतालों में इलाज करा रहे लोगों से मिलने के लिए व्यक्तिगत रूप से करूर जाऊंगा। उन्होंने कहा कि आज करूर में तमिझागा वेत्री कझगम की राजनीतिक प्रचार सभा में भीड़ की भीड़ में 8 बच्चों और 16 महिलाओं सहित 36 लोगों की मौत की हृदयविदारक खबर पाकर, मुझे गहरा सदमा और दुःख हुआ। मैंने निर्देश दिया है कि इलाज के लिए अस्पतालों में भर्ती सभी लोगों को सर्वोत्तम संभव चिकित्सा सुविधा मिलनी चाहिए।आगे बोले कि इसे सुनिश्चित करने के लिए, मैंने स्कूल शिक्षा मंत्री और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री को तुरंत करूर भेजा है। इसके अतिरिक्त, त्रिची, सलेम और डिंडीगुल के जिला कलेक्टरों को सहायता के लिए चिकित्सा टीमों के साथ करूर भेजा गया है। सीएम स्टालिन ने कहा कि मैंने यह भी आदेश दिया है कि मृतकों के परिवारों को मुख्यमंत्री जन राहत कोष से 10-10 लाख रुपये दिए जाएँ। अस्पतालों में गहन चिकित्सा उपचार करा रहे प्रत्येक व्यक्ति को 1 लाख रुपये दिए जाएं। इसके अलावा, पूरी जाँच करने और सरकार को रिपोर्ट सौंपने के लिए, सेवानिवृत्त उच्च न्यायालय की न्यायाधीश न्यायमूर्ति अरुणा जगदीशन की अध्यक्षता में एक सदस्यीय जांच आयोग का तुरंत गठन किया जाएगा।

# नेशनल बॉक्सर अमरेश को मार डाला, सिर में मारी 4 गोली, पीठ में एक, National Bo&ing में गोल्ड मेडल

**कटिहार, 28 सितम्बर [एजेंसी]।**

बिहार के कटिहार में नेशनल बाक्सिंग में गोल्ड मेडल जीत चुके अमरेश चौधरी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। एसडीओ कोर्ट से हाजिरी लगाकर निकले अमरेश की दिन दिहाड़े गोली मार दी गई। वह अपने कामत (खेत) पर दो दोस्तों के साथ बैठा था। इसी दौरान अपराधियों ने पीछे से पांच गोली मार दी। चार गोली युवक के सिर व एक पीठ पर लगी। मृतक की पहचान अमरजीत चौधरी उर्फ अमरेश चौधरी (28) के रूप में हुई है। गोली मार कर अपराधी फरार हो गए। पुलिस ने मौके पर मौजूद मृतक के दोस्त जेकी तिवारी को पूछताछ के लिए थाना लाया है। घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र के दलन चौक से सटे नहर के समीप की है। बताया जाता है कि अमरजीत दलन के समीप नहर के पास अपने



कामत पर बैठा था। इस दौरान बाइक सवार अपराधियों ने पीछे से आकर अंधाधुंध फायरिंग कर दी। इस घटना में अमरेश चौधरी गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तुरंत सहयोगियों की मदद से मेडिकल कालेज लाया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।मृतक के बड़े भाई रंजीत चौधरी ने बताया कि सुबह दस बजे अमरेश अपने दो दोस्त जय चौहान व जेकी तिवारी निकला था। दोपहर डेढ़ बजे मुझे सूचना मिली कि मेरे भाई को गोली मार दी गई है। तीनों दोस्त एकसाथ बैठे थे। सूचना पर मुफस्सिल थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और मामले की छानबीन शुरू कर दी। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल में जुट गई है। कटिहार के मुफस्सिल थाना क्षेत्र में शनिवार को हुई गोलीबारी से पूरे इलाके में दहशत है। दलन के समीप नहर किनारे कामत पर बैठे सहायक थाना क्षेत्र के मेथिल टोला निवासी स्व. नरेंद्र चौधरी के पुत्र अमरजीत चौधरी उर्फ अमरेश चौधरी (28) की बाइक सवार अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। अमरेश चौधरी राष्ट्रीय स्तर पर बाक्सिंग में गोल्ड मेडल जीत चुके थे। बाद में वर्ष 2017 में चर्चित गुड्डु हत्याकांड में अमरजीत प्राथमिकी आरोपित था। इसी मामले में जेल भी जा चुका है। पुलिस सभी बिंदुओं की जांच कर रही है। साथ ही मामले को जमीन विवाद से भी जोड कर देख रही है। स्वजनों ने इसे सुनियोजित साजिश बताया और दोषियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है। पुलिस अधीक्षक शिखर चौधरी ने घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच की। उसके दोस्त जेकी तिवारी से भी पुलिस पूछताछ कर रही है।

हालांकि दोनों दोस्त विभिन्न प्लेटफार्म पर विरोधाभासी बयान दे रहे है। इससे पुलिस को कुछ झोल नजर आ रहा है। अब पुलिसिया जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी। किंतु प्रथम दृष्टिया जांच में मामला जमीन विवाद जुड़ा प्रतीत हुआ है।मुफस्सिल थाना क्षेत्र में सात माह में तीन मर्डर हो चुका है। 29 मई को चंद्रमा चौक के समीप रात में छीटाबाड़ी निवासी धीरज कुमार (40) को अज्ञात अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दिया था। एक जुलाई को इसी क्षेत्र में नगर थाना क्षेत्र के रामपाड़ा निवासी (23) वर्षीय मो. टिंका की निर्मम हत्या कर दिया गया था।

# भारत के आमंत्रण पर न्यूयॉर्क में हुई ब्रिक्स विदेश मंत्रियों की बैठक, पहलगाम हमले की कड़े शब्दों में निंदा की



**न्यूयॉर्क।** आतंकवाद पर पाकिस्तान के पीएम शाहबाज शरीफ के अनर्गल प्रलाप के कुछ ही घंटे बाद भारत ने न्यूयार्क में ब्रिक्स देशों के विदेश मंत्रियों की विशेष बैठक बुलाई। बैठक में आतंकवाद की समस्या पर प्रमुखता से चर्चा हुई और सभी सदस्य देशों ने 22 अप्रैल, 2025 को पहलगाम में हुए आतंकवादी घटना की कड़े शब्दों में निंदा की। इन देशों ने हर तरह के आतंकवाद को एक सिरे से खारिज करते हुए इसके खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाने की बात कही है। ब्रिक्स देशों ने वैश्विक कारोबार को खतरे में डालने वाले प्रयासों और दबाव बनाने के लिए शुल्क लगाने की प्रवृत्ति पर गहरी चिंता जताई है। कई विशेषज्ञ भारत की तरफ से बुलाई गई इस विशेष बैठक को ट्रंप प्रशासन और पाकिस्तान की सरकार व सेना के बीच बढ़ रही नजदीकियों से जोड़कर देख रहे हैं। विदेश मंत्री एस जयशंकर यह बैठक आगे कभी भी बुला सकते हैं, क्योंकि भारत एक वर्ष तक ब्रिक्स की अध्यक्षता करने वाला है।

हालांकि, उन्होंने अमेरिका में संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक का समय इसके लिए चुना।बैठक के बाद जारी संयुक्त बयान में ब्रिक्स ने आतंकवाद पर दोहरी नीति अपना रहे देशों पर निशाना साधते हुए कहा है कि वे इसे खारिज करते हैं। उसने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार की मांग की है और अपने दो सदस्यों भारत और ब्राजील के संयुक्त राष्ट्र और सुरक्षा परिषद में बड़ी भूमिका निभाने की इच्छा का समर्थन करने की बात कही है।संयुक्त बयान में कई तरह से अमेरिका पर परोक्ष निशाना साधा गया है। इसमें हाल ही में कतर पर इजरायल के हमले की भी जोरदार निंदा की गई है। इसे अंतरराष्ट्रीय नियमों का खुला उल्लंघन बताते हुए कहा गया है कि इससे क्षेत्रीय व अंतरराष्ट्रीय शांति व सुरक्षा को खतरा पैदा हो गया है।

# इजरायली हमले के बाद हूती की कैद से छूटे 24 पाकिस्तानी

## यमन के बंदरगाह पर बंधक बनाकर रखा था



**इस्लामाबाद।** लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) लेकर यमन के नजदीक से गुजर रहे टैंकर पर पहले यमन के हूती लड़ाकों ने कब्जा कर चालक दल को बंदी बनाया, इसके बाद इजरायल ने ड्रोन से उस टैंकर पर हमला कर दिया।टैंकर के 27 सदस्यीय चालक दल में 24 पाकिस्तानी नागरिक थे। हमले के बाद इन सभी को टैंकर से सुरक्षित निकाल लिया गया। यह घटना 17 सितंबर की है लेकिन पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने इसकी जानकारी शनिवार को दी है।नकवी ने बताया कि हाउती ने इस टैंकर को यमन के रास इसा बंदरगाह पर बंधक बनाकर रखा था, उसी दौरान इजरायली हमले से टैंकर में आग लग गई और उसमें विस्फोट हो गया। हमले से बचाए गए चालक दल के सभी सदस्यों को बाद में हूती संगठन ने रिहा कर दिया और वे यमन की समुद्री सीमा से बाहर आ गए हैं।नकवी ने बताया कि चालक दल में श्रीलंका के दो नागरिक और एक नेपाल का नागरिक शामिल था। जहाज का कैप्टन पाकिस्तानी नागरिक था। इजरायल यमन में हूती के ठिकानों पर लगातार हवाई हमले कर रहा है जबकि हूती नवंबर 2023 से हमास के समर्थन में इजरायल पर मिसाइल और ड्रोन दाग रहा है।

# मेरठ स्टांप घोटाला: पांच साल में सरकारी खजाने को लगाई 4.54 करोड़ की चपत

## अब खुली केस की परतें



**मेरठ, 28 सितम्बर [एजेंसी]।**

मेरठ जनपद में स्टांप घोटाले में जुटे लोगों ने वर्ष 2015 से 2020 के बीच भी जमकर फर्जी स्टांप पेपर का उपयोग करके सरकारी खजाने को 4.54 करोड़ की चपत लगाई। 635 बैनामों में उन्होंने फर्जी स्टांप प्रयोग किए। वर्ष 2020 से 2023 के बीच तीन साल में साढ़े सात करोड़ रुपये के फर्जी स्टांप 999 बैनामों में प्रयोग किए गए थे।वर्ष 2023 में मेरठ जनपद में स्टांप घोटाला सामने आया था। जांच हुई तो वर्ष 2020 से लेकर 2023 के बीच 999 बैनामे ऐसे मिले जिनमे साढ़े सात करोड़ रुपये के फर्जी स्टांप पेपर का प्रयोग किया गया।

सरकारी खजाने को सीधे सीधे साढ़े करोड़ की चपत लगा दी गई। जांच के बाद सामने आया कि उक्त सभी बैनामें एडवोकेट विशाल वर्मा ने लिखकर तैयार किए थे तथा उनका रजिस्ट्रेशन कराया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। मामला विधानसबा की प्राक्कलन समिति के संज्ञान में आया तो समिति ने वर्ष 2020 से पहले भी इस घोटाले की आशंका जताते हुए वर्ष 2015 तक के बैनामों की जांच का आदेश दिया। यह जांच अब अंतिम चरण में है। अधिकांश बैनामों की जांच की जा चुकी है।एआइजी निबंधन शर्मा नवीन कुमार एस ने बताया कि पांच वर्षों के बैनामों में प्रयोग किए गए भौतिक स्टांप पेपर का सत्यापन ट्रेजरी से कराया गया। जिसमें अभी तक 635 बैनामों में फर्जी स्टांप पेपर मिले हैं। इनकी राशि 4.54 करोड़ है।इन सभी के विरुद्ध स्टांप चोरी का वाद दर्ज किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि सत्यापन कार्य अंतिम चरण में हैं। अभी और भी मामले सामने आ सकते हैं। इस संबंध में प्राक्कलन समिति को भी रिपोर्ट भेजी गई है।

### एस जयशंकर का भाषण, इशारों-इशारों में पाक को दिया करारा जवाब आतंकवाद पर बताई जीरो टॉलरेंस नीति

संयुक्त राष्ट्री। संयुक्त राष्ट्र महासभा के 80वें सत्र में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भारत की ओर से भाषण दिया। उन्होंने अपने संबोधन की शुरुआत इन शब्दों से की, भारत की जनता की ओर से नमस्कार। हम यहां उस अद्वतीय संस्था की स्थापना के आठ दशक बाद एकत्र हुए हैं। संयुक्त राष्ट्र का चार्टर हमें केवल युद्ध रोकने का नहीं, बल्कि शांति बनाने और हर इंसान की गरिमा बनाए रखने का आह्वान करता है। जयशंकर ने कहा कि भारत आज की दुनिया को तीन मुख्य अवधारणाों से देखता है, आत्मनिर्भरता, आत्मरक्षा और आत्मविश्वास। उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत अपनी जनता की सुरक्षा और हितों की रक्षा के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। जयशंकर ने कहा कि इसका अर्थ है कि आतंकवाद पर जीरो टॉलरेंस, मजबूत सीमा रक्षा, वैश्विक साझेदारी को बढ़ावा देना और विदेशों में भारतीय समुदाय की मदद करना है। उन्होंने यह भी जोड़ा कि भारत हमेशा अपनी स्वतंत्र सोच बनाए रखेगा और ग्लोबल साउथ की आवाज बना रहेगा। अपने भाषण में जयशंकर ने आर्थिक चुनौतियों पर भी बात की। उन्होंने कहा कि आज दुनिया में टैरिफ की अस्थिरता, सीमित आपूर्ति स्रोतों पर निर्भरता, तकनीकी नियंत्रण, सप्लाई चेन और खनिजों पर पकड़ जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं।

# घर से निकले युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में गोली लगने से मौत



**हरदोई।** घर से निकले युवक की शनिवार की रात गोली लगने से संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसका शव घर से कुछ दूरी पर जहां पर जानवर बांधे जाते हैं, वहां पड़ा मिला। पुलिस फोर्स और फॉरेंसिक टीम के साथ एसपी मौके पर पहुंचे। घरवालों ने किसी से कोई रंजिश नहीं बताई है। पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए शव कब्जे में ले लिया है। बिलग्राम क्षेत्र के म्योरा निवासी विनीत कुमार यादव खेतीबाड़ी के साथ भैंस पालन करते थे। शनिवार को वह भैंस लेकर गए थे, फिर शाम को वापस लौट आए। जैसा कि उनके पिता मदन ने बताया कि शाम सात बजे विनीत घर से निकले, फिर लौटकर नहीं आए।घर न आने पर उनका फोन लगाया गया तो घंटी जाती रही, लेकिन फोन नहीं उठा, जिसके बाद घरवालों ने उनकी तलाश की, तो देर रात विनीत का शव घर से कुछ दूरी पर जहां जानवर बांधे जाते हैं। वहां पर पड़ा मिला। उनके सिर में गोली लगी थी। घरवालों की सूचना पर कोतवाली पुलिस पहुंची और एसपी अशोक कुमार मीणा भी पहुंचे। एसपी ने बताया कि फॉरेंसिक टीम से आसपास की जांच कराई गई है। मृतक के घरवालों ने अभी किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया है। पोस्टमार्टम के बाद ही पूरी स्थिति सामने आएगी। पुलिस हर बिंदु की जांच कर रही है।

# महाराष्ट्र में जन्म प्रमाण पत्र के 97 प्रतिशत लाभार्थी अवैध बांग्लादेशी, किरीट सोमैया ने लगाए फर्जीवाड़े आरोप



**नईदिल्ली, 28 सितम्बर [एजेंसी]।**

भाजपा नेता किरीट सोमैया ने कहा है कि महाराष्ट्र में बड़े पैमाने पर फर्जी जन्म प्रमाण पत्र बनाए गए हैं। दावा किया कि नए संशोधित कानूनों के दुरुपयोग से हजारों अवैध विदेशी नागरिकों खासकर बांग्लादेशी मुसलमानों को फर्जी जन्म प्रमाण पत्र और आधार कार्ड हासिल करने का मौका मिला है। उन्होंने कहा कि 2024 में भारत सरकार ने कानून में संशोधन किया और न्यायिक मजिस्ट्रेटों के पास पहले से मौजूद शक्तियों को तहसीलदारों को हस्तांतरित कर दिया। इसके बाद एक राष्ट्रव्यापी घोटाला शुरू हुआ। महाराष्ट्र में 2,24,000 लोगों को जन्म प्रमाण पत्र जारी करने की मंजूरी दी गई। समीक्षा करने पर पता चला कि इनमें से 97 प्रतिशत बांग्लादेशी पृष्ठभूमि के मुसलमान थे। इनकी उम्र 25, 30, 40 और 50 वर्ष थी। उनके पास महाराष्ट्र या भारत में जन्म का कोई प्रमाण नहीं था। सोमैया के अनुसार, महाराष्ट्र सरकार ने अब तक 28 एफआईआर दर्ज की है। दो हजार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। आने वाले महीनों में 3,000 और लोगों को गिरफ्तार किया जा सकता है।

### बांग्लादेश में छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म विरोध में प्रदर्शन, अर्धसैनिक बल तैनात

**ढाका।** दक्षिण-पूर्वी बांग्लादेश के चटगांव पहाड़ी क्षेत्र के खगराछारी जिले में आठवीं कक्षा की एक छात्रा के साथ कथित सामूहिक दुष्कर्म के विरोध में आदिवासियों ने सड़कों पर टायर जलाकर विरोध-प्रदर्शन किया। इसके बाद अधिकारियों ने आवाजाही पर प्रतिबंध लगा दिया और अर्धसैनिक बल तैनात कर दिए। पीड़िता के लिए न्याय की मांग करने वाले अधिकांश प्रदर्शनकारी चकमा जातीय अल्पसंख्यक समुदाय के थे। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, जुम्मा छात्र-जनता नामक संगठन के बैनर तले दिन भर चले नाकेबंदी के दौरान प्रदर्शनकारियों ने प्रवेश बिंदुओं सहित शहर के कई प्रमुख स्थानों पर अवरोधक लगा दिए।जिले के आंतरिक मार्गों पर पेड़ों के तने, ईंटों और जलते हुए टायरों से उन्होंने वाहनों की आवाजाही को भी अवरुद्ध कर दिया, जिसके बाद अधिकारियों को आवाजाही पर रोक लगानी पड़ी। खगराछारी में जिला प्रशासन के एक प्रवक्ता ने कहा, हमने आज (शनिवार) शहर और आस-पास के इलाकों में कर्फ्यू लगा दिया है।

# पंजाब के युवाओं को सीएम मान का तोहफा, जालंधर और अमृतसर में बनेंगे दो अल्ट्रा मॉडर्न स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स



**जालंधर, 28 सितम्बर [एजेंसी]।**

पंजाब सरकार युवाओं को नशे की लत से बचाने के लिए खेलों को प्रोत्साहित करने में जुटी है।इसी के चलते राज्य के गांवों में 3,000 से अधिक खेल स्टेडियम बनाए जाएंगे। इसके साथ ही जालंधर और अमृतसर को खेलों के केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में काम किया जा रहा है।जालंधर में बर्लटन पार्क को पहले ही खेल केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है और अब अमृतसर में भी विश्वस्तरीय खेल केंद्र विकसित किया जाएगा। यह बात मुख्यमंत्री भगवंत मान ने शनिवार को सुरजीत हॉकी स्टेडियम में पंजाब हॉकी लीग 2025 के फाइनल मैच से पहले अपने संबोधन में कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह गर्व और संतुष्टि का विषय है कि देश की पहली जूनियर हॉकी लीग पंजाब हॉकी और राउंड ग्लास अकादमी द्वारा शुरू की गई है। उन्होंने कहा कि यह हॉकी के क्षेत्र में अब तक की सबसे अधिक इनामी राशि वाली लीग है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सुरजीत हॉकी स्टेडियम ने भारतीय हॉकी के इतिहास में बेहद अहम भूमिका निभाई है।उन्होंने कहा कि यह पंजाब के लिए गर्व की बात है कि भारतीय हॉकी टीम में इस समय सबसे ज्यादा नौ खिलाड़ी पंजाब से हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि हाल ही में एशिया कप जीतने वाली भारतीय हॉकी टीम में भी नौ खिलाड़ी पंजाब से थे। उन्होंने कहा कि पिछले दो ओलिंपिक खेलों में जहां भारत ने पदक जीते, हर बार पंजाब के नौ खिलाड़ी टीम का हिस्सा रहे। उन्होंने कहा कि जालंधर को स्पोर्ट्स कैपिटल कहा जाता है और बर्लटन पार्क, सुरजीत हॉकी स्टेडियम और स्पोर्ट्स कॉलेज दुनिया भर में प्रसिद्ध हैं। मुख्यमंत्री ने जालंधर में बनने वाले विश्वस्तरीय खेल उत्पादों का उल्लेख करते हुए कहा कि यहां बने फुटबॉल, रग्बी बॉल और अन्य खेल उपकरण विश्वकप और कामनवेल्थ खेलों में इस्तेमाल होते हैं। उन्होंने कहा कि दुनिया के शीर्ष बल्लेबाज जालंधर में बने क्रिकेट बैट से ही खेलते हैं और पंजाब में खेलों की जड़ें जालंधर से जुड़ी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जालंधर में जन्मे क्रिकेटर हरभजन सिंह ने दुनिया में भारत का मान बढ़ाया और उनके योगदान के कारण उन्हें राज्यसभा सदस्य नामित किया गया।इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री मोहिंदर भगत, हॉकी पंजाब के प्रधान और हॉकी इंडिया के उपप्रधान नितिन कोहली, राज्यसभा सदस्य अशोक मित्तल और अन्य ने चढ़दी कला मिशन में योगदान स्वरूप मुख्यमंत्री को 50 लाख रुपये का चेक भेंट किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की ओर से खेलों के क्षेत्र में देश-विदेश में पंजाब का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों को भी प्रोत्साहित किया जा रहा है। पंजाब सरकार ने सात खिलाड़ियों को डीएसपी और चार खिलाड़ियों को पीसीएस अधिकारी नियुक्त किया है। इनमें नौ हॉकी खिलाड़ी, एक क्रिकेटर और एक एथलीट शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि लेजेंड इलेवन और स्टार इलेवन में खेला गया प्रदर्शनी मैच इस बात का गवाह है कि पंजाब में खेलों को लेकर युवाओं में बेहद रुचि है।उन्होंने कहा कि लेजेंड इलेवन की अगुआई भारतीय हॉकी टीम के पूर्व कप्तान ओलिंपियन गगन अजीत सिंह ने की, जो वर्तमान में मालेरकोटला के एसएसपी हैं, जबकि स्टार इलेवन की अगुआई मौजूदा भारतीय हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने की।



## श्रद्धा कपूर करियर में पहली बार निभाएंगी इतना चुनौतीपूर्ण किरदार

अभिनेत्री श्रद्धा कपूर पिछली बर फिल्म स्त्री 2 में नजर आई थीं और उनकी इस फिल्म ने बाक्स आफिस पर एक से बढ़कर एक रिकार्ड बनाए थे। अब श्रद्धा बड़ी सूझ-बूझ से आगे बढ़ रही हैं और बड़े पर्दे पर फिर धमाल मचाने वाली हैं। दरअसल, श्रद्धा पर पैसे लगाने वाले हैं छावा बनाने वाले निर्माता दिनेश विजान, जिनकी फिल्म स्त्री 2 और स्त्री में पहले ही श्रद्धा अपन मौजूदगी से दिल जीत चुकी हैं।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, श्रद्धा इस फिल्म में महाराष्ट्र की एक मशहूर लावणी नृत्यांगना का किरदार निभाने वाली हैं। खास बात ये है कि इस फिल्म का निर्देशन लक्ष्मण उतेकर ही कर रहे हैं, जिन्होंने छावा के निर्देशन की कमान संभाली थी और उनकी इस फिल्म ने बाक्स आफिस पर इतिहास रच दिया था। श्रद्धा महाराष्ट्र के इतिहास के सबसे महत्वपूर्ण किरदारों में से एक को निभाने के लिए पूरी तरह से तैयार और उत्साहित हैं।

चर्चा है कि ये फिल्म एक मशहूर मराठी उपन्यास पर आधारित है। श्रद्धा ने अपने करियर में कई अलग-अलग तरह के किरदार निभाए हैं, लेकिन कहा जा रहा है कि ये उनकी अब तक की सबसे चुनोतीपूर्ण भूमिका होगी, जो उनके करियर के लिए मील का पत्थर साबित हो सकती है। खुद श्रद्धा भी इसके लिए कमर कस चुकी हैं। छावाके बाद ये लक्ष्मण की दूसरी फिल्म है, जो मराठा संस्कृति का बड़े स्तर पर जश्न मनाती है।

इस फिल्म की शूटिंग नवबंर, 2025 में शुरू होगी और साल 2026 के अंत तक यह सिनेमाघरों में आएगी। फिल्म में न सिर्फ बालीवुड, बल्कि मराठी सिनेमा के भी कई नामचीन चेहरे देखने को मिलेंगे। श्रद्धा फिल्म में एक नृत्यांगना की भूमिका के साथ इंसाफ करने के लिए कई डांस वर्कशाप में शामिल होने वाली हैं। श्रद्धा की ये भले ही लक्ष्मण के साथ पहली फिल्म हो, लेकिन दिनेश विजान के साथ उनकी पहले से ही काफी अच्छी दोस्ती है।

श्रद्धा तुम्बाड के निर्देशक राही अनिल बर्वे की अगली फिल्म में नजर आएंगी, जिसकी निर्माता एकता कपूर हैं। ये एक अनोखी फिल्म है, जिसकी कहानी से श्रद्धा बेहद प्रभावित हैं। उधर निर्देशक मोहित सूरी से भी एक लव स्टोरी वाली फिल्म को लेकर श्रद्धा की बातचीत जारी है। खास बात ये है कि इसमें उनकी जोड़ी एक बार फिर आदित्य राय कपूर के साथ बन सकती है। इसके अलावा स्त्री 3 और नागिन जैसी फिल्में भी श्रद्धा के पास हैं।

## पारंपरिक साड़ी में राशि खन्ना का ग्लैमर अंदाज



साउथ सिनेमा की स्टार और बालीवुड में भी अपनी पहचान बना चुकीं अभिनेत्री राशि खन्ना ने सोशल मीडिया पर अपनी ताजा तस्वीरें साझा कीं, जिसमें वह पारंपरिक साड़ी में बेहद आकर्षक नजर आ रही हैं।

इंस्टाग्राम पर पोस्ट की गई इन तस्वीरों में उन्होंने सादगी और भारतीय परिधान की खूबसूरती से सबका ध्यान खींचा है। राशि ने खूबसूरत साड़ी पहनी है, जिसका चौड़ा गोल्डन बार्डर उनके लुक को और निखार रहा है। इस साड़ी के साथ उन्होंने गहरे गुलाबी रंग का ब्लाउज चुना, जिस पर गोल्डन लाइन और बाजुओं पर बारीक कढ़ाई की गई है। उनके गहनों की बात करें तो उन्होंने गले में नाजुक नेकलेस, कानों में चमकदार झुमके और हाथों में गोल्डन कंगन पहने हैं, जो उनके लुक को और भी शाही बना रहे हैं। मिनिमल मेकअप के साथ राशि ने सादगी भरा जूड़ा बनाया, जिसमें साइड में सफेद फूलों की गजरा उनकी सुंदरता को चार चांद लगा रही है। राशि ने इन तस्वीरों के साथ एक खूबसूरत कैप्शन लिखा, साड़ी की नजाकत, दिल की मुस्कान...कहना ही क्या। तस्वीरों में राशि अलग-अलग अंदाज में पोज देती नजर आ रही हैं। पहली तस्वीर में वह दोनों हाथ पकड़कर कैमरे की ओर देखते हुए मुस्कुरा रही हैं। दूसरी तस्वीर में वह दीवार के सहारे एक हाथ से दूसरा हाथ पकड़कर खूबसूरत पोज दे रही हैं। तीसरी तस्वीर में वह दीवार के पास अपनी कलाई को नरमी से पकड़कर लाजवाब अंदाज में नजर आ रही हैं। बाकी तस्वीरों में भी वह तरह-तरह के पोज में अपनी खूबसूरती बिखेर रही हैं। राशि की इन तस्वीरों को देखकर प्रशंसक उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे। सोशल मीडिया पर उनके इस पारंपरिक अवतार को खूब पसंद किया जा रहा है।

# मेकअप फिक्सर खरीदते समय इन बातों का रखें खास ध्यान, मिलेगा बेहतर परिणाम



मेकअप फिक्सर आपके मेकअप को लंबे समय तक टिकाए रखने में मदद करता है। यह चेहरे पर लगे मेकअप को पसीने, नमी और अन्य बाहरी कारकों से बचाता है, जिससे आपका मेकअप पूरे दिन सही दिखता है। इसलिए सही मेकअप फिक्सर का चयन करना महत्वपूर्ण है। आइए जानते हैं कि मेकअप फिक्सर खरीदते समय किन-किन बातों का ध्यान रखना चाहिए ताकि आपको सही विकल्प मिल सके और आपका मेकअप भी बेहतरीन दिखे।

त्वचा के प्रकार का ध्यान रखें

मेकअप फिक्सर खरीदते समय सबसे पहले अपनी त्वचा के प्रकार पर ध्यान दें। अगर आपकी त्वचा सूखी है तो नमी देने वाले तत्वों वाला फिक्सर चुनें, जो आपकी त्वचा को नमी प्रदान करे। तैलीय त्वचा वालों के लिए ऐसा फिक्सर चुनें जो तेल को नियंत्रित करे और मेकअप को सही बनाए रखे। संवेदनशील त्वचा वालों के लिए ऐसा फिक्सर अच्छा रहेगा जिसमें किसी प्रकार का एस्सेन्स न हो।

फार्मूला जानें

मेकअप फिक्सर के फार्मूला पर ध्यान देना भी जरूरी है। कुछ फिक्सर्स में शराब होती है, जो त्वचा को सूखा सकती है और जलन पैदा कर सकती है, खासकर संवेदनशील त्वचा वालों के लिए इसलिए ऐसे फिक्सर से बचें। इसके बजाय ऐसे फिक्सर चुनें, जिनमें नमी देने वाले और प्राकृतिक तत्व हों। ये त्वचा को नमी प्रदान करते हैं और मेकअप को लंबे समय तक बनाए रखते हैं, बिना किसी नुकसान के।

स्प्रे या लोशन चुनें

मेकअप फिक्सर स्प्रे या लोशन दोनों रूप में आते हैं। स्प्रे फिक्सर आसानी से उपयोग किया जा सकता है और पूरे चेहरे पर समान रूप से फैलता है, जबकि लोशन को हाथों से लगाना पड़ता है। अगर आप यात्रा करते रहते हैं या जल्दी में होते हैं तो स्प्रे फिक्सर आपके लिए बेहतर रहेगा, वहीं घर पर इस्तेमाल के लिए लोशन फिक्सर अच्छा विकल्प हो सकता है, जिससे आप अपने चेहरे को अच्छे से सेट कर सकें।

ब्रांड की विश्वसनीयता पर दें ध्यान

भरोसेमंद ब्रांड द्वारा बनाए गए मेकअप फिक्सर अधिक गुणवत्ता वाले होते हैं और उनकी गुणवत्ता पर भरोसा किया जा सकता है।

लोकल ब्रांड्स कभी-कभी घटिया सामग्री का उपयोग करते हैं, जिससे त्वचा को नुकसान पहुंच सकता है इसलिए हमेशा अच्छे नामी ब्रांड्स का चयन करें जो अपने उत्पादों में उच्च मानक बनाए रखते हों।

इसके अलावा नामी ब्रांड्स के फिक्सर्स में प्राकृतिक तत्वों का उपयोग किया जाता है, जो त्वचा को नमी प्रदान करते हैं।

कीमत पर दें ध्यान

मेकअप फिक्सर की कीमत भी अहम होती है, लेकिन महंगा हमेशा बेहतर नहीं होता इसलिए अपनी जरूरत अनुसार सही विकल्प चुनें। सस्ते और महंगे दोनों प्रकार के फिक्सर्स बाजार में उपलब्ध होते हैं, लेकिन गुणवत्ता अहम होती है।

इन सभी बातों का ध्यान रखते हुए आप अपने लिए सही मेकअप फिक्सर चुन सकते हैं, जो आपकी त्वचा को नमी प्रदान करे, मेकअप को लंबे समय तक बनाए रखे और जलन रहित हो।

# त्योहारों के दौरान लिपस्टिक शेड का करें चयन, दिखेंगी बेहद आकर्षक



त्योहारों का समय आ गया है और इस दौरान महिलाएं अपने मेकअप पर खास ध्यान देती हैं। लिपस्टिक शेड्स का चयन करना एक अहम कदम है, जो आपके पूरे लुक को बदल सकता है। इस लेख में हम आपको पांच ऐसे लिपस्टिक शेड के बारे में बताएंगे, जो त्योहारों के मौसम में आपको स्टाइलिश और आत्मविश्वास से भरपूर दिखाएंगे। इन शेड का चयन करके आप हर अवसर पर आकर्षक और खास दिख सकती हैं।

रेड लिपस्टिक- रेड लिपस्टिक हमेशा से ही महिलाओं के लिए एक पसंदीदा विकल्प रही है। यह न केवल आपके होंठों को चमकदार बनाती है, बल्कि आपके पूरे चेहरे को भी निखारती है। त्योहारों के समय में रेड लिपस्टिक पहनना एक बेहतरीन विचार हो सकता है क्योंकि यह आपको आत्मविश्वास से भरपूर दिखाएगी और आपके लुक को खास बनाएगी। चाहे आप साड़ी पहन रही हों या सलवार-कमीज, रेड लिपस्टिक हर परिधान के साथ जचेगी।

बेबी पिंक लिपस्टिक

बेबी पिंक लिपस्टिक हमेशा से ही एक प्यारा और नाजुक शेड होता है, जो हर त्वचा की स्टोन पर अच्छा लगता है। यह शेड न केवल आपके होंठों को मुलायम दिखाता है, बल्कि आपके चेहरे पर ताजगी भी लाता है। त्योहारों के समय में बेबी पिंक लिपस्टिक पहनना एक अच्छा विचार हो सकता है क्योंकि यह आपको साफ्ट और आकर्षक दिखाएगी। चाहे आप किसी पारंपरिक पोशाक में हों या आधुनिक लुक में बेबी पिंक लिपस्टिक हर अवसर पर सूट करेगी।

मैरून लिपस्टिक-मैरून लिपस्टिक एक गहरा और आकर्षक शेड होता है, जो आपके होंठों को एक खास लुक देता है। यह शेड खासकर शाम की पार्टियों या समारोहों के लिए बहुत ही उपयुक्त होता है। मैरून लिपस्टिक आपके लुक को खास बनाती है और आपको आत्मविश्वास से भरपूर दिखाती है। इस शेड का चयन करके आप हर अवसर पर आकर्षक और स्टाइलिश दिख सकती हैं। मैरून लिपस्टिक हर प्रकार की पोशाक के साथ जचेगी।

ब्राउन लिपस्टिक-ब्राउन लिपस्टिक एक प्राकृतिक और साफ्ट शेड होता है, जो आपके होंठों को एक मिट्टी जैसा लुक देता है। यह शेड रोजमर्रा के उपयोग के लिए बहुत ही उपयुक्त होता है और आपको प्राकृतिक रूप में सुंदर दिखाता है। ब्राउन शेड की लिपस्टिक आपके लुक को साधारण लेकिन आकर्षक बनाती है। इस शेड का चयन करके आप हर अवसर पर आत्मविश्वास से भरपूर दिख सकती हैं। ब्राउन शेड की लिपस्टिक हर प्रकार की पोशाक के साथ जचेगी।

फूशिया पिंक लिपस्टिक-फूशिया पिंक लिपस्टिक एक चमकीला और जीवंत शेड होता है, जो आपके होंठों को ऊर्जा से भर देता है। यह शेड खासकर बड़े समारोहों या पार्टियों के लिए बहुत ही उपयुक्त होता है। फूशिया पिंक लिपस्टिक आपके लुक को ताजगी भरा बनाती है और आपको आत्मविश्वास से भरपूर दिखाती है। इन सभी शेड्स में से आप अपनी पसंद और अवसर के अनुसार चुन सकती हैं, जिससे आपका त्योहारों का मौसम और भी खास बन जाएगा।



## बाक्स आफिस पर पहले ही दिन पवन कल्याण की फिल्म ओजीने तोड़े कई रिकाईस

पवन कल्याण की नई फिल्म दे काल हिम ओजी 25 सितंबर को सिल्वर स्क्रीन पर धमाकेदार शुरुआत कर चुकी है. यह पवन कल्याण की इस साल हरि हर वीरा मल्लू के बाद दूसरी फिल्म है. वहीं, बालीवुड एक्टर इमरान हाशमी की यह तेलुगु सिनेमा में पहली फिल्म भी है. सुजीत की निर्देशित इस गैंगस्टर क्राइम एक्शन ड्रामा में इन दोनों की आन-स्क्रीन टक्कर खास है. इस फ्रेश जोड़ी को दर्शकों ने काफी पसंद किया है. यहीं वजह है कि फिल्म ने ओपनिंग डे पर रिकार्ड तोड़ कमाई की है.

दे काल हिम ओजी की कहानी आपराधिक अंडरवर्ल्ड के भीतर सत्ता संघर्ष और बदले की कहानी कहती है. इसकी कहानी एक गैंगस्टर ओजस गंभीरा (पवन कल्याण) पर केंद्रित है. मुंबई से दस साल दूर रहने के बाद, वह एक और अपराधी ओमी भाऊ, जिसका किरदार इमरान हाशमी ने निभाया है, को उखाड़ फेंकने के इरादे से लौटता है.

यह फिल्म पवन कल्याण और इमरान हाशमी के बीच पहली बार सहयोग की एक फिल्म है. इस फिल्म में प्रियंका मोहन, अर्जुन दास, प्रकाश राज, राव रमेश, श्रीया रेड्डी और सुभलेखा सुधाकर जैसे बेहतरीन कलाकार हैं. वैश्विक बाक्स आफिस पर इसके प्रदर्शन को लेकर कई अटकलें लगाई जा रही हैं. वहीं भारत में इसने रिकार्ड तोड़ कमाई की है. मिली-जुली समीक्षाओं के बीच, ओजी ने बाक्स आफिस पर धमाकेदार शुरुआत की. सुजीत की निर्देशित यह फिल्म पहले ही इतिहास रच रही है. सैकनिल्क के अनुसार, फिल्म ने भारत में अपनी शुरुआत में ही 90.25 करोड़ रुपये की कमाई कर ली. इस जबरदस्त शुरुआत के साथ, पवन कल्याण की दे काल हिम ओजी ने 2025 की अन्य बड़ी फिल्मों, जैसे कूली (65 करोड़ रुपये), छावा (31 करोड़ रुपये), सैयारा (21.5 करोड़ रुपये), राम चरण की गेम चेंजर (51 करोड़ रुपये) को पीछे छोड़ दिया है. इसके अलावा, ओजी ने पवन कल्याण की पिछली फिल्म हरि हर वीरा मल्लू को भी पीछे छोड़ दिया, जिसने घरेलू बाक्स आफिस पर पहले दिन 16 करोड़ रुपये की कमाई की थी. इसी के साथ दे काल हिम ओजी भारतीय सिनेमा में 2025 की सबसे बड़ी ओपनर फिल्म बन गई है. अब, वर्ल्डवाइड बाक्स आफिस कलेक्शन की बात करें तो, ओजी ने शानदार शुरुआत की है. उत्तरी अमेरिका में अपने पहले ही पेड प्रीमियर से इसने 30 लाख डालर (26 करोड़ रुपये) कमाए हैं. यह शुरुआती सफलता बाक्स आफिस पर एक धमाकेदार ओपनिंग डे की नींव रखती है. सैकनिल्क के मुताबिक, ओजी ने अपने पहले दिन भारत में 70 करोड़ रुपये नेट कमाई की।

## मद्रासी की ओटीटी रिलीज डेट हुई कंफर्म, 1 अक्टूबर को अमेज़न प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी शिवकार्तिकेयन फिल्म



शिवकार्तिकेयन की एक्शन से भरपूर थ्रिलर मधरासी, 1 अक्टूबर, 2025 को अमेज़न प्राइम वीडियो पर दशहरा की छुट्टियों वाले सप्ताहांत में प्रीमियर के लिए तैयार है। शुरुआत में, अफवाहों के अनुसार यह 3 अक्टूबर को रिलीज़ होगी, लेकिन अमेज़न ने पुष्टि की है कि फिल्म पहले ही स्ट्रीम हो जाएगी। एआर मुरुगादास द्वारा निर्देशित, मधरासी ने बाक्स आफिस पर पहले ही अच्छा प्रदर्शन किया है, दुनिया भर में ?100 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है और कालीवुड में एक विश्वसनीय मुख्य अभिनेता के रूप में शिवकार्तिकेयन की स्थिति को मजबूत किया है। फिल्म में शिवकार्तिकेयन रघु की भूमिका में हैं, जो फ्रेगोली के भ्रम से जूझता एक किरदार है, जो एक क्रूर हथियार गिरोह को नाकाम करने के मिशन में उलझ जाता है। रुक्मिणी वसंत और विद्युत जामवाल जैसे मजबूत कलाकारों के साथ, मधरासी को अपनी आकर्षक कहानी, दमदार एक्शन दृश्यों और धारदार प्रस्तुति के लिए सकारात्मक समीक्षा मिली है। मधरासी का सिनेमाघरों में प्रदर्शन सफल रहा है और इसने भारतीय बाक्स आफिस पर ?71.45 करोड़ की कमाई की है। हालाँकि दूसरे हफ्ते में फ़िल्म की कमाई में गिरावट आई है, लेकिन इसके ओटीटी रिलीज़ से दर्शकों की एक नई लहर आने की उम्मीद है।

## थामा का ट्रेलर रिलीज, आयुष्मान खुराना बने सुपरहीरो ड्रैकुला घोस्ट

बालीवुड फैंस तैयार हो जाइए, क्योंकि इस दिवाली, 2025 की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक थामा सिनेमाघरों में आने वाली है. फिल्म की रिलीज में अब एक महीने से भी कम समय बचा है, इसलिए जो दर्शक थामा के ट्रेलर रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे. आखिरकार उनका यह इंतजार आज खत्म हो गया है. टीम ने थामा का ट्रेलर रिलीज कर दिया है. दिनेश विजन और मैडाक फिल्म्स के साथ मुंबई के बांद्रा फोर्ट एम्फीथिएटर में थामा ट्रेलर लान्च इवेंट का आयोजन हुआ और यहां से फिल्म थामा का ट्रेलर रिलीज किया. 2.54 मिनट के थामा ट्रेलर की शुरुआत नवाजुद्दीन सिद्दी के धांसू डायलाग से होती हैं, जिसमें वह कहते है, आज से हम इंसानों का खून पिएंगे और अपनी टीम को बड़ा करेंगे और दुनिया पर राज करेंगे और मैं बनूंगा तुम्हारा थामा. इसके बाद कुछ डरावने विजुअल्स दिखाई देते हैं।

## सिनेमाघरों के बाद अजय देवगन की फिल्म सन आफ सरदार 2 नेटफ्लिक्स पर हुई रिलीज



अजय देवगन की कामेडी फिल्म सन आफ सरदार 2 ने 1 अगस्त को सिनेमाघरों में दस्तक दी थी. ये फिल्म 2012 की हिट फिल्म सन आफ सरदार का स्प्रिचुअल सीक्वल है. फिल्म में अजय ने लीड रोल प्ले किया है. वहीं इस कामेडी ड्रामा में मृणाल ठाकुर, रवि किशन, संजय मिश्रा, नीरू बाजवा, चंकी पांडे, कुब्रा सैत, दीपक डोबरियाल, विंदू दारा सिंह, रोशनी वालिया, शरत सक्सेना, साहिल मेहता और दिवंगत मुकुल देव जैसे कई सितारों ने दमदार रोल प्ले किया है. अगर आप इस फिल्म को सिनेमाघरों में नहीं देख पाए हैं तो अब इसे घर बैठे ओटीटी पर एंजाय कर सकते हैं. चलिए जानते हैं ये किस प्लेटफार्म पर अवेलेबल है. सन आफ सरदार 2 का निर्देशन विजय कुमार अरोड़ा ने किया है. सिनेमाघरों में रिलीज़ होने के आठ हफ़्ते बाद, ये सीक्वल 26 सितंबर यानी आज नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो गई है. स्ट्रीमिंग दिग्गज ने गुरुवार को अपने सोशल मीडिया हैंडल पर फिल्म की रिलीज का अनाउंसमेंट पोस्ट शेयर करते हुए लिखा था, साइलेंसर पाओ पुत्तर. सरदार की एंट्री होने वाली है. 26 सितंबर को नेटफ्लिक्स पर सन आफ़ सरदार 2 देखें.सन आफ सरदार 2 की कहानी जस्सी (अजय देवगन) की है, जो अपनी पत्नी के साथ रिश्ते सुधारने के लिए स्काटलैंड जाता है, लेकिन एक भीड़ के झगड़े और एक मैसी सिख शादी में फंस जाता है. बंधकों को छुड़ाने और अपनी शादी बचाने की कोशिश करते हुए, वह एक के बाद एक अजीबोगरीब प्राब्लम्स में फंसता जाता है. सन आफ सरदार 2 से काफी उम्मीदें थीं लेकिन मल्टी स्टार कास्ट वाली ये फिल्म बाक्स आफिस पर खास कमाल नहीं दिखा पाई. फिल्म के कलेक्शन की बात करें तो सैकनिल्क के मुताबिक इसने भारत में 46.82 करोड़ का नेट कलेक्शन किया था. जबकि वर्ल्डवाइड इसने 65.75 करोड़ रुपये कमाए थे.सन आफ़ सरदार 2 का पहला पार्ट 2012 में रिलीज़ हुआ था और इसमें सोनाक्षी सिन्हा, जूही चावला और संजय दत्त ने अभिनय किया था. वहीं सन आफ सरदार 2 पहले 25 जुलाई 2025 को रिलीज़ होने वाली थी, लेकिन इसे 1 अगस्त 2025 तक के लिए टाल दिया गया था.

## शब्द सामर्थ्य -183


(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. खूब कसा हुआ, फुर्तिला, जो शिथिल व आलसी न हो 3. सार्वजनिक स्थान, संस्था, अस्तित्व, समिति 4. पौरुष, पुरुषत्व, मर्द होने का भाव 6. अंधेरा, अंधकार 7. लिपाई करना 9. शरीर, काया, जिस्म 10. मां के पिता, विभिन्न 12. महीना, मास 14. प्रियतम, बलमा, सजना 15. पांडवों का सबसे छोटा भाई 17. नशा, घमंड, खाता 19. वनोपज, वन से प्राप्त सामाग्री 21. शक्तिशाली, बलवान 24. तीव्र इच्छा 25. हथेली।

**ऊपर से नीचे**

1. निंदा, बुराई 2. निर्जीव, निष्प्राण 3. ध्वनियों या स्वरों का विशिष्ट लय में प्रस्फुटन, धुन, म्युजिक 4. झुका हुआ, विनीत 5. रूठे हुए को प्रसन्न करना, राजी करना 8. आश्रय, शरण 11. जन्म, जिंदगी 12. इंसानियत, मनुष्यता 13. रास्ता, मार्ग 14. एक हिंदी महीना, श्रावण 15. सपाट, जो उबड़-खाबड़ न हो 16. पति का छोटा भाई 18. गहरा कीचड़, पंक 20. आत्मा, अंतःकरण (उ.) 22. बीता हुआ या आने वाला दिन 23. बगुला।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 182 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गु | मा | न | | | प | यो | द | |
| न | | ह | क | दा | र | | ल | य |
| ह | वा | ला | त | | च | | द | म |
| गा | | | रा | ज | म | ह | ल | |
| र | ई | स | | ग | | स | | अ |
| | मा | | प | त | वा | र | | ल |
| ख | न | क | ना | | ह | त | | बे |
| स | दा | | ह | | वा | | शो | ला |
| रा | र | | | | ही | र | क | |

# पेट्रोल पंप में लिखना होगा-नो हेलमेट, नो पेट्रोल

## बिना हेलमेट वालों को पेट्रोल नहीं मिलेगा
## 1 अक्टूबर से होगा जिले में प्रभावशील

**कोरिया बैकुंठपुर।** जिले में लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं और यातायात नियमों के उल्लंघन पर अंकुश लगाने के लिए जिला प्रशासन ने सख्त कदम उठाया है। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी ने आदेश जारी कर कहा है कि अब जिले के किसी भी पेट्रोल पंप पर बिना हेलमेट पहने दोपहिया वाहन चालकों को पेट्रोल और अन्य ईंधन नहीं दिया जाएगा।



कलेक्टर ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत जारी आदेश में कहा है कि आकस्मिक चिकित्सा आपात स्थिति और धार्मिक पगड़ी पहनने वाले व्यक्तियों को छोड़कर सभी दोपहिया वाहन चालक/सवारों के लिए हेलमेट अनिवार्य होगा। सभी पेट्रोल पंप संचालक अपने परिसर में स्पष्ट रूप से नो हेलमेट, नो पेट्रोल का बोर्ड/पोस्टर लगाएंगे। आदेश का उल्लंघन करने वाले पेट्रोल पंप संचालकों पर भारतीय न्याय संहिता के प्रावधानों के तहत दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस अधीक्षक कोरिया द्वारा कलेक्टर को भेजे गए प्रस्ताव में कहा गया था कि जिले में हेलमेट जागरूकता अभियान और प्रवर्तन कार्यवाही के बावजूद दोपहिया वाहन दुर्घटनाओं में कमी नहीं आ रही है। ऐसे में सड़क सुरक्षा को व्यवहारिक स्तर पर लागू करने कठोर और प्रभावी कदम आवश्यक हो गया है। इसी प्रस्ताव पर सहमति जताते हुए यह आदेश पारित किया गया। यह आदेश जनहित में नागरिकों की सुरक्षा को देखते हुए जारी किया गया है और आगामी 01 अक्टूबर 2025 से जिले में प्रभावशील होगा।

## 131 नग नशीले इंजेक्शन का किया गया नष्टीकरण

**एमसीबी।** मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में नशीले पदार्थों के खिलाफ बड़ी कार्यवाही की गई। जिले के थाना खड़गवां, चिरमिरी, झगराखाण्ड, मनेन्द्रगढ़, केल्हारी एवं जनकपुर में वर्ष 2021 से 2025 तक नारकोटिक्स एक्ट के तहत दर्ज कुल 16 प्रकरणों में जप्त मादक पदार्थ गांजा एवं नशीली इंजेक्शनों का विधिवत नष्टीकरण किया गया।

# नवरात्र की धूम, भक्ति और उल्लास से सराबोर हुआ कोरिया

**कोरिया बैकुंठपुर।** कोरिया जिला मुख्यालय सहित ग्रामीण अंचलों में दुर्गा पूजा उत्सव का आयोजन, जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति ने बढ़ाई कार्यक्रमों की गरिमा

कोरिया जिला इन दिनों नवरात्र महोत्सव की रंगीनियों और धार्मिक उत्साह में डूबा हुआ है। जिला मुख्यालय बैकुंठपुर से लेकर आसपास के ग्रामीण अंचलों तक शारदीय नवरात्र बड़े ही श्रद्धा और भक्ति भाव से मनाया जा रहा है। दुर्गा पूजा समितियों द्वारा भव्य पंडाल और आकर्षक प्रतिमाओं की स्थापना की गई है, जिनके दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। पूरे क्षेत्र में धार्मिक माहौल बना हुआ है और हर ओर माता रानी के जयकारे गूंज रहे हैं। बैकुंठपुर शहर में कई स्थानों पर भव्य दुर्गा पंडाल बनाए गए हैं। कहीं आधुनिक थीम पर सजावट की गई है, तो कहीं पारंपरिक अंदाज में पूजा-पंडालों को सुसज्जित किया गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी लोगों ने सामूहिक रूप से नवरात्र उत्सव का आयोजन किया है। गाँव-गाँव में माता दुर्गा की प्रतिमाओं की स्थापना कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जा रही है। पूरे जिले में माता की भक्ति के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी दौर जारी है। गरबा और डांडिया नृत्य की प्रस्तुतियों ने उत्सव का आनंद दोगुना कर दिया है। छोटे-छोटे बच्चों से लेकर युवा और बुजुर्ग तक नवरात्र की इस उमंग में शामिल हो रहे हैं। हर ओर दीपों की रौशनी और भक्ति गीतों की मधुर ध्वनि वातावरण को और भी दिव्य बना रही है। इस अवसर पर जिले के जनप्रतिनिधि भी सक्रिय रूप से शामिल हो रहे हैं। स्थानीय विधायक, जनपद सदस्य और सरपंच विभिन्न पूजा पंडालों में पहुंचकर श्रद्धालुओं से मिल रहे हैं और आयोजनों की भव्यता को बढ़ा रहे हैं। उनकी उपस्थिति से उत्सवों की गरिमा और भी बढ़ गई है। कई स्थानों पर नेताओं ने लोगों से मुलाकात कर समाज में एकजुटता और भाईचारे का संदेश भी दिया। श्रद्धालुओं का मानना है कि नवरात्र केवल पूजा-पाठ का पर्व ही नहीं, बल्कि यह लोगों को आपस में जोड़ने और सामाजिक एकता को मजबूती देने का भी अवसर है। इस दौरान विभिन्न समितियों द्वारा भंडारा, प्रसाद वितरण और सामूहिक भक्ति गीतों का आयोजन भी किया जा रहा है



जिला प्रशासन ने भी इस भव्य आयोजन को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था और यातायात प्रबंधन के विशेष इंतजाम किए हैं। पुलिस बल लगातार गश्त कर रहा है ताकि किसी भी प्रकार की असुविधा श्रद्धालुओं को न हो। नगर पालिका द्वारा साफ-सफाई और प्रकाश व्यवस्था पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है।कोरिया जिले में शारदीय नवरात्र का यह पर्व लोगों के लिए आध्यात्मिक ऊर्जा और सकारात्मक वातावरण लेकर आया है। शहरी क्षेत्रों के साथ-साथ ग्रामीण अंचल भी पूरी तरह से देवी भक्ति में रंगे हुए हैं। माता दुर्गा के भव्य पंडाल और झांकियां लोगों की आस्था का केंद्र बनी हुई हैं।

निश्चित ही यह कहा जा सकता है कि इस बार का नवरात्र उत्सव जिले में धार्मिक आस्था, सामाजिक एकता और सांस्कृतिक समृद्धि का अनूठा संगम प्रस्तुत कर रहा है। आमजन की गहरी आस्था और उत्साह ने इस पर्व को और भी विशेष बना दिया है।

### हिंदू संगठनों ने किया विरोध प्रदर्शन

**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले के अंबिकापुर में गरबा आयोजन को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। स्थानीय निजी होटलों में प्रस्तावित गरबा कार्यक्रम का हिंदू संगठनों ने जोरदार विरोध किया है। आयोजकों द्वारा सोशल मीडिया और पोस्टरों के माध्यम से प्रचारित किए गए इस कार्यक्रम में सोशल मीडिया सेलिब्रिटी एल्विस यादव और अंजलि अरोड़ा को आमंत्रित किया गया था। इसी को लेकर विरोध तेज हो गया। हिंदू संगठनों ने कार्यक्रम को संस्कृति के खिलाफ बताते हुए आयोजन के पोस्टर को जलाया और जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि गरबा एक धार्मिक और सांस्कृतिक पर्व है, जिसे अश्लीलता और व्यावसायिकता से जोड़कर उसका अपमान किया जा रहा है। प्रदर्शन कर रहे संगठनों ने आरोप लगाया कि कुछ होटल संचालक गरबा के नाम पर युवाओं को गुमराह कर रहे हैं और ऐसे आयोजनों से गरबा की पवित्रता पर प्रश्नचिह्न लग रहा है।

# स्वच्छता पखवाड़ा पर विकासखंड स्तरीय कार्यक्रम के साथ तय हो रही लोगों की भागीदारी

**कोरिया बैकुंठपुर।** कोरिया कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के कुशल निर्देशन एवं जिला शिक्षा अधिकारी जितेंद्र गुप्ता और जिला मिशन समन्वयक संजय सिंह के सफल मार्गदर्शन में भारत सरकार के महत्वाकांक्षी स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत 27 सितंबर को संकुल केंद्र कन्या बैकुंठपुर के ऑडिटोरियम कक्ष में विकासखंड स्तरीय स्वच्छता प्रतियोगिता* का सफल आयोजन किया गया।

इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य कर्मचारियों/विद्यार्थियों/स्थानीय निवासियों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उन्हें अपने आस-पास के वातावरण को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित करना था।

विकास खंड स्तरीय इस आयोजित इस प्रतियोगिता में 46 प्रतिभागियों ने अलग अलग विधाओं में बड़े उत्साह के साथ हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में स्वच्छता ही सेवा विषय पर चित्रकला और, निबंध,कविता और स्लोगन लेखन, प्रतियोगिता का आयोजन दो स्तर पर माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक स्तर के



छात्राओं के लिए अलग अलग आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन संकुल प्राचार्य अमृतलाल गुप्ता द्वारा किया गया। उन्होंने अपने संबोधन में स्वच्छता पखवाड़ा के महत्व पर प्रकाश डाला और इसे केवल एक सरकारी कार्यक्रम न मानकर, एक जन आंदोलन बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल में कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैकुंठपुर की व्याख्याता श्रीमती पुष्पा सिंह और संकुल केंद्र कन्या बैकुंठपुर के शैक्षिक समन्वयक संजय कुमार यादव द्वारा स्वच्छता मानकों, रचनात्मकता और भागीदारी के आधार पर विजेताओं का चयन किया। कार्यक्रम के अंत में, संकुल समन्वयक संजय कुमार यादव ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए सभी प्रतिभागियों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा, यह प्रतियोगिता एक शुरुआत है। हमें मिलकर यह सुनिश्चित करना होगा कि स्वच्छता हमारी दैनिक दिनचर्या का एक अभिन्न अंग बन जाए। यह कार्यक्रम स्वच्छता पखवाड़ा के लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम था और इसने सभी प्रतिभागियों को प्रेरित किया कि वे एक स्वच्छ और स्वस्थ राष्ट्र के निर्माण में अपना योगदान दें। कार्यक्रम में संस्था के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं के साथ संकुल केंद्र कन्या बैकुंठपुर अंतर्गत अन्य संस्थाओं से आये छात्र छात्राएं और शिक्षक उपस्थित रहें।

# आयुर्वेद चिकित्सा के साथ पोषण अभियान पर जिले में हो रहा काम



**कोरिया बैकुंठपुर।** कोरिया जिले में आयुर्वेद चिकित्सा की सफल आयोजन को लेकर जिस तरह से विभाग अपनी सक्रियता दिखा रहा है और आयुर्वेद को आम आदमी तक पहुंचने में अपनी महती भूमिका निभा रहा है।

निश्चित तौर पर आम आदमी का आयुर्वेद की तरफ रुझान बढ़ता जा रहा है इसी क्रम में जिले के शासकीय प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक शाला कसरा में शासन के के आदेश अनुसार एवं जिला कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देश पर व जिला आयुष अधिकारी श्रीमती अल्बीना ग्रेस्टोप्पो के मार्गदर्शन पर पोषण माह अभियान के तहत एवं आदि कर्मयोगी अभियान के तहत शिविर का आयोजन किया गया जिसमें स्कूल के बच्चों को पोषण के संबंध में आहार बिहार दिनचर्या ऋतुचार्य मौसमी प्रभाव सेहोने वाले रोग लक्षण एवं उससे बचाव के उपाय शरीर को पोषण देने वाले पोषक तत्व विटामिन मिनरल्स के बारे में जानकारी दी गई साथ ही आदि कर्म योगी अभियान के तहत ग्रामीण एवं छात्रों को जानकारी प्रदान की गई इस चिकित्सा शिविर में शासकीय माध्यमिक शाला कसारा के बच्चे एवं प्राथमिक शाला कसारा के बच्चे एवं शासकीय कन्या शाला के बच्चे विशेष रूप से रुचि लेकर इस शिविर का लाभ लिए शिविर में कुल 106 हितग्राहियों को लाभ प्रदान किया गया। शिविर में एक विशेष बात रही की शासकीय प्राथमिक शाला कन्या कसारा में न्योता भोज का आयोजन किया गया जिसमें आयुषविंग जिला चिकित्सालय के चिकित्सक डॉ बी आर नायक पंचकर्म सहायक श्रीमती मनीषा सिरमौर एवं पीतांबर सिंह का विशेष योगदान रहा शिविर में स्कूल के शिक्षकों का विशेष सहयोग रहा जिसके माध्यम से या शिविर पूर्ण किया जा सका।

शिविर लगाने के लिए स्कूल के शिक्षकों के द्वारा जो सहयोग प्रदान किया गया उसके लिए आयुष विंगजिला चिकित्सालय के चिकित्सक डॉ बी आर नायक एवं उनके सहयोगी द्वारा शिक्षकों का बहुत-बहुत आभार व्यक्त किया गया।

### वी समर्पण क्लब ने भव्य कवि संगोष्ठी का आयोजन किया

**मनेन्द्रगढ़।** वी समर्पण क्लब की ओर से सविता अग्रवाल के निवास भव्य कवि संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत शिक्षकों को तिलक और पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित करने से हुई। साहित्यकार वेद प्रकाश पाण्डेय,सतीश द्विवेदी, कवयित्री सुषमा श्रीवास्तव और ज्योति सिंह का भी तिलक और बुके से स्वागत किया गया। कवियों ने मंच से कहा कि वी क्लब में हमें पहली बार आने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है और हम भविष्य में क्लब को नई ऊँचाइयों तक ले जाने का प्रयास करेंगे। कार्यक्रम का संचालन ज्योति मजूमदार ने किया। बबीता अग्रवाल ने आयोजन की रूपरेखा साझा की। पीडीपी अनीता फरमानिया ने कहा कि यह पहली कवि संगोष्ठी है और इतना बड़ा आयोजन सभी की सहभागिता से ही सफल हो पाया है। उन्होंने क्लब की गतिविधियों को आगे बढ़ाने और उसे नई ऊँचाइयों तक ले जाने की योजना भी बताई।

# कोरिया एवं एमसीबी के सैनिक कल्याण अधिकारी कमांडर रणजीत सिंह बिष्ट सेवानिवृत्त

**कोरिया बैकुंठपुर।** जिला सैनिक कल्याण अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल जितेंद्र कुमार देवांगन (से.नि.) सैनिक कल्याण अधिकारी कमांडर रणजीत सिंह बिष्ट की जगह पदस्त हुए। उनके पूर्व सैनिको के साथ आयोजित मासिक सम्मेलन के दौरान उपस्थित जिले के भूतपूर्व सैनिक ,वीर वीरांगनाएं एवं उनके आश्रित को संबोधित करते हुए केंद्रीय सैनिक बोर्ड तथा राज्य सैनिक बोर्ड से मिलने वाली सहायता के बारे में राज्य सरकार तथा केंद्र सरकार द्वारा चलाई जाने वाली शासन के सभी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दिया।

भूतपूर्व सैनिक के बच्चों को मिलने वाली स्कॉलरशिप/ छात्रवृत्ति के बारे में भी विस्तार से जानकारी दिया। सेना से आए हुए सैनिकों को केंद्र शासन द्वारा राज्य शासन के अंतर्गत रोजगार के अवसर के बारे में विस्तार से जानकारी दी। भूतपूर्व सैनिकों के ट्रीटमेंट के बारे में पूरी जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि किसी भी प्रकार की बीमारी से ग्रस्त सैनिक अथवा आश्रितों को तत्काल में सरकारी अस्पताल में प्राथमिक उपचार लेना चाहिए। और उस उपचार के दौरान अगर



किसी भी प्रकार क खर्च होता है तो उसका ई. सी. एस .एच . से के द्वारा भुगतान करवा दिया जाएगा। सैनिक विश्राम गृह तथा कार्यालय हेतु जमीन के बारे में राज्य शासन से भूमि आवंटन कराने संबंध में कोरिया कलेक्टर महोदया से विचार विमर्श कर भूमि आवंटन की प्रक्रिया को तत्काल क्रियान्वित करने का अनुरोध किया है। सूबेदार सुनील कुमार सिंह जिला अध्यक्ष भूतपूर्व सैनिक संगठन को आभार व्यक्तित्व करते हुए बताया की पूर्व सैनिकों के लिए अपने क्षेत्र में निस्वार्थ सेवा भाव से अच्छा काम कर रहे हैं। अंत में सभी भूतपूर्व सैनिक तथा उनके आश्रितो को स्वस्थ रहने कामनाएं की। नवरात्रि के अवसर पर सभी को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दिए।

### ई-रिक्शा चालक की हुई थी हत्या,चार हत्यारे गिरफ्तार

**रायपुर।** राजधानी के थाना खमतराई क्षेत्रांतर्गत उरकुरा स्थित रेलवे लाईन में मृत मिले ई-रिक्शा चालक की हत्या की गई थी तथा अपराध छिपाने के उद्देश्य से आत्महत्या का रूप देने के लिए रेलवे पटरी पर फेंक दिया गया था। मामले में पुलिस ने हत्या के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं एक आरोपी फरार है जिसकी तलाश की जा रही है।

### लापरवाही बरतने वाले दो पंचायत सचिव निलंबित

**सूरजपुर।** प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्य में लापरवाही बरतने के चलते दो पंचायत सचिवों को निलंबन का सामना करना पड़ा है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विजेन्द्र पाटले ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल प्रभाव से दोनों सचिवों को निलंबित करने का आदेश जारी किया। कल्याणपुर ग्राम पंचायत के सचिव रामकुमार सिंह और बेलटिकरी ग्राम पंचायत के सचिव संतोष विश्वकर्मा पीढा को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 390 आवासों के निर्माण का जिम्मा सौंपा गया था। लेकिन अब तक केवल 98 आवासों का काम पूरा किया गया है, जबकि शेष 292 आवास अधूरे हैं। शासन की प्राथमिकता वाली इस योजना में गंभीर उदासीनता और कार्य में अनियमितता को देखते हुए यह कार्रवाई की गई है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि विकास कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### छात्रा से छेड़छाड़ का आरोप, फरार शिक्षक के खिलाफपोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज

**बलरामपुर।** बलरामपुर जिले के वाड्रफनगर चौकी क्षेत्र अंतर्गत झोर स्थित पूर्व माध्यमिक शाला में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जिसमें विद्यालय के शिक्षक घूरन पटेल पर कक्षा 7 की छात्रा के साथ छेड़छाड़ का गंभीर आरोप लगा है। यह मामला न केवल शिक्षा जगत को झकझोर रहा है, बल्कि स्थानीय समुदाय में भारी आक्रोश और चिंता का कारण भी बन गया है। आरोप है कि शिक्षक घूरन पटेल ने विद्यालय परिसर में छात्रा के साथ आपत्तिजनक हरकत की, जिससे छात्रा मानसिक रूप से बहुत भयभीत हो गई। डर के कारण वह त्रैमासिक परीक्षा में भी शामिल नहीं हो पाई। घर जाकर छात्रा ने पूरी आपबीती अपनी बड़ी बहन को बताई और स्कूल जाने से मना कर दिया। छात्रा के परिजनों ने घटना की शिकायत तुरंत पुलिस में दर्ज कराई। पुलिस ने शिक्षक के खिलाफ पोक्सो एक्ट, एससी/एसटी (अत्याचार निवारण) अधिनियम और आईपीसी की छेड़छाड़ से संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। वाड्रफनगर पुलिस ने जानकारी दी है कि आरोपी शिक्षक घटना के बाद से फरार है और उसका मोबाइल भी बंद आ रहा है। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि आरोपी को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा। इस घटना को लेकर पीड़ित परिवार के साथ-साथ ग्रामीणों में भी भारी आक्रोश है। ग्रामीणों ने शिक्षक को तुरंत गिरफ्तार कर सख्त सजा देने की मांग की है।

### जसवंत सिंह को जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया

**बलरामपुर।** छत्तीसगढ़ अखिल भारतीय किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री सुखपाल सिंह खैरा एवं राष्ट्रीय प्रभारी अखिलेश शुक्ला की सहमति से, छत्तीसगढ़ में किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्षों की नई सूची जारी की गई है। यह नियुक्तियां छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी महासचिव सचिन पायलट, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, छत्तीसगढ़ विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गेंदु, राष्ट्रीय महासचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी किसान कांग्रेस मनोज नचार, तथा राम मोहन बरुआ की अनुमति एवं मार्गदर्शन में की गई हैं।

# वन अधिकार मान्यता पत्रों की जाँच में सामने आए फर्जी प्रकरण, धान खरीदी कार्यों पर लगेगी रोक

**एमसीबी।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डी. राहुल वेंकट द्वारा जारी के तहत वन अधिकार मान्यता पत्रों के संबंध में गंभीर अनियमितताएं पाई गई हैं। कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग से प्राप्त आदेश पत्र के अनुसार अनुसूचित जनजाति एवं अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकार की मान्यता) अधिनियम 2006 एवं 2007 यथा संशोधित नियम 2012 की धारा 3(1)(क) के अंतर्गत केल्हारी अनुभाग से प्राप्त 27 हितग्राहियों के व्यक्तिगत वन अधिकार दावों का जिला स्तरीय वन अधिकार समिति जिला कोरिया की प्रथम बैठक से जिला विभाजन के पूर्व अनुमोदन सूची से मिलान करने पर दर्ज होना नहीं पाया गया है। साथ ही प्रपत्र में अंकित तत्कालीन कलेक्टर कोरिया, वनमण्डलाधिकारी मनेन्द्रगढ़ एवं सहायक आयुक्त कोरिया के हस्ताक्षर कार्यवाही विवरण से मिलान करने पर मेल नहीं खाते। जिससे यह स्पष्ट होता है कि संबंधित 27 वन अधिकार मान्यता पत्र फर्जी प्रतीत होते हैं।

फलस्वरूप जिला प्रशासन द्वारा आदेशित किया गया है कि इन हितग्राहियों के नाम से दर्ज खसरा नंबरों में धान खरीदी संबंधी समस्त कार्यवाही (गिरदावरी एवं धान खरीदी) पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी गई है। कलेक्टर ने तहसीलदार केल्हारी, जिला खाद्य अधिकारी, जिला विपणन अधिकारी तथा समिति प्रबंधक केल्हारी, कछौड़ एवं डोड़की को आदेश जारी किया गया है। इसके साथ ही प्रतिलिपि में अनुविभागीय अधिकारी (रा0) केल्हारी तथा सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग, जिला एमसीबी को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित की गई है।

संदिग्ध वन अधिकार मान्यता पत्र धारकों की सूची निम्नानुसार है दू कमरेश तिग्गा पिता बालसाय ग्राम पंचायत पहाड़हंसवाही खसरा 927 रकबा 2.000 हेक्टेयर, बैजनाथ पिता मोतीराम ग्राम पंचायत पहाड़हंसवाही खसरा 926 रकबा 2.000 हेक्टेयर, लौरेन्स एक्का पिता बर्थोलोमियुस एक्का ग्राम पंचायत पहाड़हंसवाही ग्राम घोड़ाबंधा खसरा 940/42 रकबा 3.005 हेक्टेयर, कमिल एक्का पिता बर्थोलोमियुस एक्का ग्राम पंचायत पहाड़हंसवाही ग्राम घोड़बंधा खसरा 938 रकबा 4.000 हेक्टेयर, करमेला पिता प्रकाश ग्राम पंचायत केलुआ ग्राम खरला खसरा 944 रकबा 2.000 हेक्टेयर, दया किशोर पिता भीसेन ग्राम पंचायत केलुआ ग्राम खरला खसरा 969 रकबा 1.800 हेक्टेयर, सुनीता लकड़ा पति अजीत लकड़ा ग्राम पंचायत केलुआ ग्राम खरला खसरा 969 रकबा 2.600 हेक्टेयर, उजीत लकड़ा पिता सुनील लकड़ा ग्राम पंचायत केलुआ ग्राम कैलासपुर खसरा 944 रकबा 3.00 हेक्टेयर, उदय कुरें पिता जयराम ग्राम पंचायत केलुआ खसरा 944 रकबा 2.030 हेक्टेयर, पूनम पिता रामगोपाल ग्राम पंचायत केलुआ ग्राम खरला खसरा 969 रकबा 2.000 हेक्टेयर, मरियम पिता थोमस लकड़ा ग्राम पंचायत खरला ग्राम कैलासपुर खसरा 944 रकबा 3.000 हेक्टेयर, सुमन कुजूर पिता प्रतिमान ग्राम पंचायत केलुआ ग्राम खरला खसरा 944 रकबा 2.098 हेक्टेयर, जीवन कुजूर पिता लारेंस ग्राम पंचायत केलुआ ग्राम खरला खसरा 944 रकबा 2.000 हेक्टेयर, युगनाथ सिंह पिता धनसिंह ग्राम पंचायत महाई ग्राम लोहारी खसरा 751 रकबा 2.000 हेक्टेयर, संतोष कुमार यादव पिता अहिबरन यादव ग्राम पंचायत महाई ग्राम लोहारी खसरा 750 रकबा 1.940 हेक्टेयर, सविता पति संतोष कुमार ग्राम पंचायत महाई ग्राम लोहारी खसरा 750 रकबा 1.880 हेक्टेयर, मालती यादव पति अशोक यादव ग्राम पंचायत महाई ग्राम लोहारी खसरा आरएफ-750 रकबा 2.000 हेक्टेयर, अयोध्या सिंह पिता जगसाय ग्राम पंचायत केवटी खसरा 944 रकबा 2.001 हेक्टेयर, गंगा सिंह पिता जगसाय सिंह ग्राम पंचायत केवटी खसरा 944/1 रकबा 2.000 हेक्टेयर, धरमसाय पिता चिरकू ग्राम पंचायत केवटी खसरा 943 रकबा 2.000 हेक्टेयर, तिजोमनी पिता लक्ष्मण टोप्पो ग्राम पंचायत केवटी खसरा 943 रकबा 1.053 हेक्टेयर, अजमेर सिंह पिता राजरूप सिंह ग्राम पंचायत पसौरी खसरा 954 रकबा 2.029 हेक्टेयर, श्रवण सिंह पिता नहर सिंह ग्राम पंचायत पसौरी खसरा 954 रकबा 2.000 हेक्टेयर, ओम प्रकाश पिता जनार्दन ग्राम पंचायत शिवगढ़ खसरा 919 रकबा 1.400 हेक्टेयर, पूनम सिंह पिता जनार्दन सिंह ग्राम पंचायत शिवगढ़ खसरा 929 रकबा 2.001 हेक्टेयर, पूरन सिंह पिता जगसाय ग्राम पंचायत केवटी खसरा 944 रकबा 2.001 हेक्टेयर और कुंती पिता मोहरलाल ग्राम पंचायत केवटी खसरा 943 रकबा 1.200 हेक्टेयर के हितग्राहियों के वन अधिकार पत्रों में उल्लेखित खसरों में धान खरीदी सम्बंधित सभी कार्यो (गिरदावरी, धान खरीदी) पर प्रतिबंध लगाया गया है।

उक्त अनुसूचित जनजाति एवं अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकार की मान्यता) अधिनियम 2006 एवं 2007 यथा संशोधित नियम 2012 की धारा 3(1)(क) अन्तर्गत अनुभाग केल्हारी के व्यक्तिगत वन अधिकार दावों को जिला स्तरीय वन अधिकार समिति, जिला कोरिया (छत्तीसगढ़) के प्रथम बैठक से जिला विभाजन के पूर्व कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग कोरिया के अनुमोदन सूची से मिलान करने पर दर्ज होना नहीं पाया गया है। उक्त प्रपत्र के हस्ताक्षर व कार्यवाही विवरण में तत्कालीन कलेक्टर कोरिया, वनमण्डलाधिकारी मनेन्द्रगढ़ एवं सहायक आयुक्त कोरिया के हस्ताक्षर मिलान करने पर मिलान नहीं होता है।

## सेफ्टी सदस्य जोसेफ ने खदानों का किया निरीक्षण

**कोरबा।** एसईसीएल प्रबंधन दुर्घटनाओं को लेकर काफी गंभीर है। लगातार खदानों में सेफ्टी सदस्य आकर निरीक्षण कर रहे हैं। जिसके आधार पर दुर्घटनाओं को रोकने के लिए प्रयास भी हो रहे हैं। कोल इंडिया एसकेएमएस के सेफ्टी सदस्य सीजे जोसेफ ने गेवरा, दीपका व कुसमुंडा खदान का निरीक्षण किया। उनके साथ एसकेएमएस के महामंत्री अजय विश्वकर्मा, सेफ्टी सदस्य धर्मा राव, दीपक उपाध्याय, गोपाल यादव सहित अन्य सदस्य थे। खदानों का निरीक्षण करने के बाद रिपोर्ट प्रबंधन के सामने सौंपा जाएगा। इसी तरह कंपनी सेफ्टी सदस्य भी कोरबा आकर खदानों का निरीक्षण करने वाले हैं। जिसकी तैयारी प्रबंधन के द्वारा जोर-शोर से की जा रही है। पिछले दिनों कोरबा एरिया सेफ्टी सदस्य अशोक सिंह, कृष्णा तिवारी, गणेश प्रसाद, सुरेश श्रीवास सहित सभी सदस्यों ने खदानों का निरीक्षण किया था और उन्होंने कोयला कामगारों से मुलाकात की थी।

## पेंटिंग प्रतियोगिता के छात्र पुरस्कृत

**कोरबा।** सेवा पखवाड़े के तहत भाजपाईयों के द्वारा मिनीमाता स्कूल में पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित किया गया। जिसमें छात्रों ने भाग लेते हुए कई चित्र बनाए। सर्वश्रेष्ठ पेंटिंग बनाने वाले छात्रों को भाजपाईयों के द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस दौरान विशेषर चौहान, सुमित तिवारी, डिलेंद्र यादव, संपत यादव, जय राठौर, अर्चना झा, प्रीति स्वर्णकार, हेमलता निर्मलकर सहित अनेकों कार्यकर्ता मौजूद थे। आज पाली में भाजपाईयों के द्वारा कार्यशाला का आयोजन किया गया है। प्रभारी कमला बरेठ के द्वारा आत्मनिर्भर को लेकर जानकारी दी जाएगी। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए चंद्रशेखर पटेल, कामता जायसवाल सहित अन्य कार्यकर्ता जुटे हुए हैं। जबकि कटघोरा मंडल में कार्यशाला का आयोजन कल किया गया है, जिसमें प्रभारी अजय दुबे को आमंत्रित किया गया है।

## एक्यूप्रेशर पथ के निर्माण के लिए प्रयास तेज

कोरबा। एसईसीएल ढेलवाडीह कालोनी में एक्यूप्रेशर पथ निर्माण के लिए एसईकेएमसी के कार्यकर्ता काफी दिनों से प्रयास कर रहे हैं। ढेलवाडीह प्रबंधन के द्वारा प्रस्ताव कोरबा को भेजा गया था। यह प्रस्ताव मुख्यालय से पास हो चुका है। एसईकेएमसी के अशोक सिंह, उपेन्दर कुमार, धनीराम सहित सभी कार्यकर्ता इस मामले को ढेलवाडीह आईआर बैठक में उठा चुके हैं। यह मामला कोरबा मुख्यालय आईआर बैठक में भी लाया गया था।

## मुड़ापार वार्ड में कई कार्य होंगे

**कोरबा।** मुड़ापार वार्ड में कई निर्माण कार्य किए जाने हैं। नालियों की दशा कई स्थानों पर खराब हो गई है। इसके अलावा कांक्रीटीकरण कई स्थानों पर टूट गए हैं। इन सभी मांगों को वार्ड के पार्षद रामगोपाल कुर्रे ने नगर पालिक निगम के सामने रखा था। इन कार्यों के निर्माण के लिए सहमति भी बन गई है। आने वाले दिनों में ये सभी कार्य होंगे। इसी तरह मानिकपुर वार्ड के पार्षद नारायण कुर्रे ने कई मांगों को लेकर पत्र नगर पालिक निगम को लिखा है।





# जगराता..गरबा की धूम, षष्टी पूजा के साथ देवी दरबारों में श्रद्धालुओं की भीड़

### कोरबांचल में आश्विन नवरात्र का विशेष वातावरण

**कोरबा।** क्वांर नवरात्र पर जिले के शहरी और ग्रामीण अंचल में धूमधाम से मनाया जा रहा है। देवी मंदिरों के साथ-साथ अब पूजा पंडालों में श्रद्धालुओं की भीड़ जमकर उमड़ रही है। दर्शन-पूजन का सिलसिला यहां पर अपने चरम पर है।

कोरबा में ऐतिहासिक मंदिर के साथ-साथ सैकड़ों वर्ष पुराने कई मंदिर स्थित हैं जहां पर लंबे समय से श्रद्धालुओं की उपस्थिति दर्ज होती रही है। नवरात्र के सीजन में यह संख्या और ज्यादा बढ़ गई है। 22 सितंबर को आश्विर शुक्ल पक्ष से नवरात्र पर्व प्रारंभ हुआ तब से लेकर अब तक जिले की देवी मंदिरों में लाखों की संख्या में दर्शनार्थियों ने मत्था टेका और आशीर्वाद लिया।

कोरबा के ऐतिहासिक महिषासुर मर्दिनी मंदिर चैतुरगढ़ में कठिन चढ़ाई के बावजूद श्रद्धालुओं की अच्छी-खासी उपस्थिति बताती है कि लोगों को शक्ति की उपासना को लेकर उत्साह है। यह मंदिर कल्चुरी काल में नवमी सदी में तत्कालीन राजाओं ने बनवाया था। विरासतकालीन अनेक ग्रामों के लोगों की अधिष्ठात्री देवी कालांतर में बड़े वर्ग के लिए आराध्य हुए।



*वैष्णो दरबार के भूतल पर प्रज्जवलित हो रहे ज्योति कलश।*

इसी तरह कोरबा जिले के कोरबा ब्लॉक में कछार पंचायत के अंतर्गत देवी कोसगई का मंदिर ऊंची पहाड़ी पर स्थित है जिसे भारतीय पुरातत्व विभाग ने अपने संरक्षण में लिया है। प्राचीन कीले के अवशेष यहां की ऐतिहासिकता को दर्शाते हैं। चारदीवारी से घिरे छोटे से स्थान पर देवी विराजित हैं और खासबात यह है कि आसपास का पूरा इलाका खुले आसमान के नीचे है। लोग बताते हैं कि यहां आवरण बनाने की कोशिश की गई लेकिन असफल रही। तब से मान लिया गया कि देवी को स्वच्छंद वातावरण पसंद है।

कोरबा जिले के मड़वारानी, सर्वमंगला, वैष्णो दरबार, सिद्धिदात्री मंदिर देवपहरी, कंकालीन मंदिर, दीपेश्वरी मंदिर दीपका और वंसरा देवी के मंदिरों में नवरात्र पर गजब का माहौल है। यहां कोरबा जिले के साथ-साथ छत्तीसगढ़ और अन्य राज्यों से लोगों की पहुंच हो रही है।

नवरात्र पर शहरी क्षेत्रों के साथ-साथ कस्बों में जगराता में कलाकारों के द्वारा भक्ति गीतों की प्रस्तुति की जा रही है। पिछली रात शारदा विहार में अग्रवाल बंधुओं के समूह ने जगराता किया। उनके भक्ति गीतों पर लोग थिरकने को मजबूर हुए। उधर कोरबा के पाटीदार भवन, जलाराम मंदिर में गरबा की प्रस्तुति गजब की है। इसका आकर्षण अलग छाप छोड़ रहा है। इसके साथ ही आरपी नगर, एमपी नगर, शिवाजी नगर, सीएसईबी कालोनी, सुभाष ब्लॉक, रामलीला मैदान मुड़ापार, एसबीएस कालोनी, सीतामणी सहित बालकोनगर, दर्री, दीपका, बांकीमोंगरा और कुसमुंडा में भी गरबा के रंग छाए हुए हैं।

## राजस्व विभाग का कर्मी हुआ लापता

**कोरबा।** जिले के राजस्व विभाग में उस वक्त हड़कंप मच गया जब एक पटवारी के अचानक लापता होने की खबर सामने आई। दर्री हल्का के पटवारी विनोद अग्रवाल रहस्यमय तरीके से गायब हो गए हैं। उनके लापता होने के बाद उनकी पत्नी ने तत्काल पुलिस में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। जानकारी के अनुसार, दर्री हल्का क्षेत्र में पदस्थ पटवारी विनोद अग्रवाल बुधवार (या गुरुवार/शुक्रवार, वर्तमान तिथि के अनुसार) की शाम से लापता हैं। जब देर रात तक उनका कोई संपर्क नहीं हो पाया और वह घर नहीं लौटे, तो परिजनों में चिंता बढ़ गई। पटवारी की पत्नी ने पुलिस थाना पहुंचकर अपने पति की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि पटवारी विनोद अग्रवाल अचानक बिना किसी को बताए या कोई सूचना दिए लापता हो गए हैं और उनका मोबाइल फोन भी बंद आ रहा है।

## अखिल भारतीय महिला अग्रवाल सम्मेलन की महिलाओं ने गौधाम में लगाए पौधे



**कोरबा।** अखिल भारतीय अग्रवाल महिला सम्मेलन कोरबा की महिला सदस्यों ने ग्राम कनबेरी स्थित श्री अग्रसेन गौशाला परिसर में पौधरोपण किया। पौधरोपण का यह कार्यक्रम आभा अग्रवाल महिला सम्मेलन की अध्यक्षा पुष्पा सिंघल के नेतृत्व में किया गया। महिलाओं ने गौधाम पहुंचकर अग्रसेन महाराज की पूजा आरती की। पौधरोपण का उद्देश्य अग्रसेन महाराज के वंशज 18 गोत्र के नाम को आगे की पीढ़ी के लिए आदर्श बनाए रखना था। साथ ही रोपित पौधे बड़े होकर गौशाला में रहने वाली गायों को छाया प्रदान कर सकें। इस मौके पर गौशाला में पोषित होने वाली गायों को चारा और गुड़ खिलाया गया। इस दौरान आशा बुधिया, सावित्री बंसल, उर्मिला बंसल, शारदा अग्रवाल, संगीता आदि उपस्थित रहीं।

## खदान में काम कर रहा था नक्सली

**कोरबा।** स्टेट इन्वेस्टिगेशन एजेंसी ने कोरबा में छापेमारी कर एक कथित नक्सली को गिरफ्तार किया है। उक्त व्यक्ति एक कोयला खदान में मजदूर के रूप में कार्यरत था और मजदूर संगठनों के माध्यम से नक्सलियों को फंडिंग उपलब्ध कराता था।जानकारी के अनुसार उसका संपर्क हाल ही में रायपुर से पकड़े गए नक्सली दंपति से था। दोनों को 23 सितंबर को चंगोराभाठा, रायपुर से गिरफ्तार किया गया था। दंपत्ति भैरमगढ़ डिवीजनल कमेटी व एरिया कमेटी के सक्रिय सदस्य बताए जा रहे हैं।

# देवभूमि में जिले के बाक्सर्स ने कौशल दिखाकर 7 मेडल जीते



**कोरबा।** वाको इंडिया किकबाक्सिंग फेडरेशन के मार्गदर्शन में हिमाचल प्रदेश किकबाक्सिंग एसोसियेशन के तत्वाधान में सोलन में दिनांक 22 से 26 सितंबर 2025 तक जूनियर (बालक बालिका) वर्ग की राष्ट्रीय किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन संपन्न हुआ। उक्त प्रतियोगिता में देश के सभी राज्यों से 700 से अधिक खिलाड़ीयो ने हिस्सा लिया। छत्तीसगढ़ किकबॉक्सिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष छगन मुंदड़ा , कार्यकारी अध्यक्ष तारकेश मिश्रा एवं महासचिव आकाश गुरुदीवान ने बताया कि उक्त प्रतियोगिता में किकबॉक्सिंग की सभी विधाओं पाइंट फाइटिंग, लाइट कांटेक्ट, किक लाइट, फूल कांटेक्ट, लोकिक, के-वन , म्यूजिकल फार्म्स एवं क्रिएटिव फार्म्स की प्रतियोगिताओं में राज्य के विभिन्न जिलों के 33 बालक बालिका खिलाड़ीयो विभिन्न वजन वर्गो में एसोसिएशन के महासचिव आकाश गुरुदिवान, ऑफिसियल प्रभात साहू, लोकिता चौहान,,सर्वर एक्का, अमन सोनी, सूरज साहू, वरुण बाग के साथ हिस्सा लिया।

सीएमए किकबाक्सिंग एकेडमी कोरबा से बालक वर्ग में रजत गोयल एवं आमीन खान ने स्वर्ण पदक जीता। इसी अनुक्रम में सिद्धि सोनवानी एवं सुयश नामदेव ने रजत पदक तथा मयंक सिंह आस्था गुप्ता , सिद्धि सिंह सोनवानी ने कांस्य पदक जीता। इस प्रकार कोरबा जिले के खिलाड़ियों ने 2 स्वर्ण, 2 रजत एवं 3 कांस्य सहित कुल 7 पदक जीतकर जिले और राज्य को गौरवान्वित किया है । उक्त प्रतियोगिता ग्लोबल स्पोर्टडाटा मैनेजमेंट सिस्टम और आरस्पोर्ट्स सदस्यता प्रणाली के माध्यम से किए गए एवं प्रतियोगिता के प्रमाण पत्र भारत सरकार के ऐप डिजी लाकर में भी अद्यतन किए जाएंगे।

सभी खिलाड़ियों एवं आफिशियल को किकबाक्सिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष छगनलाल मूंदड़ा, कार्यकारी अध्यक्ष तारकेश मिश्रा, महासचिव आकाश गुरुदीवान, जिला ओलंपिक एसोसिएशन के अध्यक्ष नौशाद खान, सचिव सुरेश क्रिस्टोफर, जिला खेल अधिकारी दिनु पटेल, रामकृपाल साहू, क्रीड़ा भारती कोरबा के अध्यक्ष बलराम विश्वकर्मा, बाल गोविन्द जायसवाल, रविन्द्र दुबे, रघुआथ नायक, श्रीमती सावित्री डडसेना, वेंकटेश दास मानिकपुरी, सीएमए किकबॉक्सिंग एकेडमी की संचालिका प्रीती मिश्रा, अंतराष्ट्रीय खिलाड़ी ,प्रतिभा राय,रेहाना फातिमा, शैलेश सिंह सोमवंशी, विकास नामदेव, जुनैद आलम, अशोक साहू, शुभम यादव, अंकुश लाल यादव, मयंक डडसेना, रितेश साहा, रमेश साहू , हिमांशु यादव, तुषार सिंह, सोमेश साहू, रमनदीप सिंह, आदित्या पाल अभिभावकों एवं खेलप्रेमियों ने शुभकामनाएं दी है।

# कोहड़िया में बिक रही थी शराब, पुलिस ने की कार्रवाई

### आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट का मामला दर्ज

**कोरबा।** सीएसईबी पुलिस ने एक सूचना पर कार्रवाई करते हुए चारपारा कोहड़िया से अवैध शराब के साथ सहेतत्र यादव के पुत्र को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से 35 पाव देसी शराब जब्त की गई है।

पुलिस चौकी प्रभारी भीमसेन यादव ने बताया कि चारपारा इलाके में अवैध शराब बेचे जाने और इस वजह से क्षेत्र का माहौल खराब होने के बारे में शिकायत प्राप्त हुई थी। इसकी पुष्टि करने के साथ पुलिस की टीम ने यहां पहुंचकर रेड कार्रवाई की। इस दौरान यादव के अड्डे से देसी शराब मिली। खबर मिली है कि कुछ समय से यह व्यक्ति इस अवैध काम में लगा हुआ था। आसपास के लोगों की नजर उस पर थी और उन्होंने अपने स्तर पर इंटरफेयर करने का प्रयास किया लेकिन इसका कोई खास असर नहीं हो सका। आखिरकार यह बात पुलिस तक पहुंची और संबंधित को आबकारी अधिनियम की धारा में गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी भीमसेन ने बताया कि इलाके में किसी भी प्रकार के अवैध कार्यों के बारे में जानकारी होने पर त्वरित कार्रवाई की जा रही है। इसके साथ ही अराजक तत्वों को संदेश पहले ही दिया जा चुका है कि वह सुधर जाएं वरना उनके लिए पुलिस तो है ही।

## अस्पताल का निरीक्षण

**कोरबा।** कोरबा के मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में सड़क हादसों से पीड़ित लोगों को जानकारी दें और उनके उपचार के लिए क्या कुछ व्यवस्थाएं की गई है , इस बारे में प्रशासन के अधिकारी लगातार जानकारी प्राप्त कर रहे हैं। परिवहन विभाग की एक टीम ने मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल पहुंचकर इन विकल्पों को देखा।

फ्लैट बेचना है

बुधवारी बाजार घंटाघर रोड स्थित पावर हाइट सोसायटी में 3 बीएचके सेमी फर्निश्ड फ्लैट बेचना है।

संपर्क करें

मो. 8770934804




# इलेक्ट्रॉनिक सामानों पर जीएसटी में कमी ग्राहकों में भ्रांतियां भी



**कोरबा।** भारत सरकार ने हाल में ही गुड्स एंड सर्विस टैक्स को लेकर बदलाव किए हैं और उनके अंतर्गत कुल मिलाकर दो स्लैप कर दिया है। इलेक्ट्रॉनिक आइटम के मामले में उपभोक्ता वर्ग में कुछ भ्रांतियां हैं जिसे लेकर काफी मशक्कत करनी पड़ रही है।

सरकार के द्वारा इलेक्ट्रॉनिक सामानों पर पहले दिए जा रहे हैं 28% टैक्स को 10% काम करते हुए 18% कर दिया गया है। लेकिन इसमें भी सभी सामान इस दायरे में नहीं है. ।बताया जा रहा है कि इसमें भी कई प्रकार की कैटिगरी बनाई गई है और उसके अंतर्गत ही सामानों में नवीन व्यवस्था से छूट देने का काम किया जा रहा है। दुकानदारों का कहना है इलेक्ट्रॉनिक सामानों में कई वैरायटी हैं और नवीन टैक्स स्लैब की व्यवस्था इसके हिसाब से है। लेकिन उपभोक्ताओं को लगता है कि लैपटॉप सहित सभी सामान एक जैसे टेबल में शामिल किए गए हैं जबकि ऐसा है नहीं। 22 सितंबर से नवीन व्यवस्था को क्रियान्वित किया जा रहा है और इसके अंतर्गत लोगों को अपने हिसाब से कन्वेंस किया जाना है। औसत उपभोक्ता इन चीजों को समझ रहे हैं लेकिन अन्य मामलों में दुकान संचालकों को ज्यादा मेहनत करनी पड़ रही है।

दूसरी ओर खाद्य पदार्थों में पांच फ़ीसदी की कमी की गई है या फिर इस स्तर तक टैक्स लिया जा रहा है। लेकिन बुनियादी सवाल इस बात का है कि क्या दुकान संचालक अपने यहां आने वाले उपभोक्ताओं को पारले बिस्कुट से लेकर अन्य चीजों में डिस्काउंट दे रहे हैं? ऐसा इसलिए कहा जा रहा है क्योंकि खाद्य आइटम ही जो चीज पहले निश्चित थी उनमें नवीन व्यवस्था के बाद जो कमी आई है उसके हिसाब से अंतर की राशि एक रुपए से लेकर 50 पैसे तक की होती है। कहां जा रहा है कि बहुत सारे मामले में दुकानदार संबंध मुद्रा को चलन में नहीं होना बात कर उपभोक्ताओं को चलता कर रहे हैं या फिर उन्हें गुमराह कर रहे हैं। इस प्रकार की परिस्थितियों में सरकार की ओर से जीएसटी के नई स्लैब तैयार करने के बाद भी मनमानी का पुराना स्तर अपनी जगह पर कायम होता नजर आ रहा है।

## तनेरा सर्किल में गजराजों का उत्पात जारी, फिर रौंदी फसल



**कोरबा।** कटघोरा वनमंडल के पसान रेंज अंतर्गत तनेरा सर्किल में बड़ी संख्या में हाथी विचरण कर रहे हैं। तीन झुंडों में बंटे हाथियों ने बीती रात क्षेत्र में चौतरफा उत्पात मचाते हुए गौरेलाडांड, तनेरा समेत अन्य गांवों में 15 किसानों की फसल को या तो रौंद दिया या पूरी तरह चट कर दिया है जिससे उन्हें काफी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। साथ ही उनकी मेहनतों पर भी पानी फिर गया है। हाथियों का दल क्षेत्र में कई दिनों से डेरा डाला हुआ है। पहले क्षेत्र में मौजूद 54 हाथी एक साथ विचरण कर रहे थे लेकिन दो दिनों से तीन झंडों में बंट गए हैं और लगातार उत्पात मचा रहे हैं। एक झुंड में हाथियों की संख्या 41 है जबकि दो अन्य झुंडों में क्रमश: 11 व दो हाथी हैं। इनमें दो दंतैल हाथी झंड के किनारे-किनारे विचरण कर रहे हैं। ये हाथी बीती रात खेतों में उत्पात मचाने के बाद गौरेलाडांड स्थित नाला के पास पहुंच गए हैं जबकि 41 हाथियों का दल इसी गांव के जंगल में विचरणरत हैं। 11 हाथियों ने लंपटपहाड़ का रूख कर लिया है। वन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक हाथियों की निगरानी विभाग द्वारा लगातार ड्रोन कैमरे व मैदानी अमले के जरिए कराई जा रही है। हाथियों को गांव के निकट पहुंचने की सूचना मिलते ही अमला तत्काल मौके पर पहुंचकर हाथियों को खदेड़ने की कार्यवाही कर देता है।

इस बीच वन विभाग ने हाथी प्रभावित ग्रामों के 30 विद्यार्थी को विद्यालय ले जाने और घर छोड़ने तीन वाहनों की व्यवस्था की है। विद्यालय के प्राचार्य ने हाथियों की वजह से पढ़ाई प्रभावित होने की जानकारी दी थी। इसके बाद रेंजर मनीष सिंह ने वाहन की व्यवस्था कराई है। तनेरा में ग्राम सरमा, सुखरीताल, हरदेवा, बिलासपुर पारा से विद्यार्थी आते हैं।

## साधक कर रहे मंत्र जाप

**कोरबा।** सिद्धाश्रम साधक परिवार के द्वारा गुरुधाम में ज्योति कलश प्रज्जवलित किए गए हैं। प्रतिदिन साधकों के द्वारा मंत्र जाप भी किए जा रहे हैं। यह जानकारी देते हुए घनश्याम बरेठ ने बताया कि शक्ति साधना से सभी कार्य पूरे होते हैं। जितने भी गुरुधाम हैं वहां पर साधक नवान मंत्र का जाप कर रहे हैं। इसके अलावा कोरबा में होने वाले साधना शिविर के लिए धीरज गुरुजी व इंद्रपाल सिंह कंवर के द्वारा भी तैयारी की जा रही है। पांच अक्टूबर को आदिवासी शक्तिपीठ में साधना शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें गुरुदेव कैलाशचंद्र श्रीमाली विशेष दीक्षा व गुरु दीक्षा प्रदान करेंगे।




स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com